जबलपुर
मंगलवार 21 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -04
वर्ष : 20, अंक : 350
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अब भीम एप पर ही चेक कर सकेंगे क्रेडिट स्कोर

नई दिल्ली। अगर आप भी भीम एप के जरिए यूपीआई पेमेंट करते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। डिजिटल ट्रांजैक्शन को और अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब भीम यूपीआई एप का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों यूजर्स एप के अंदर ही अपना क्रेडिट स्कोर चेक कर सकेंगे। इससे यूजर्स को अपनी फाइनेंशियल हेल्थ ट्रैक करने के लिए अब अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर भटकने की जरूरत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के विरोध के लिए आसमान में काले गुब्बारे छोड़े

जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री विश्वास सारंग सहित महिला नेत्री शामिल हुईं

नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिराने पर भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ निकाली जन-आक्रोश महिला पदयात्रा

सीएम ने कहा- महिलाओं के हक पर कांग्रेस ने डाका डाला, पर उनके मंसूबे कभी नहीं होंगे पूरे

डॉ. यादव ने कहा- नारी सब कुछ भूल सकती है, लेकिन अपमान कभी नहीं भूलती

- जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में प्रदेशभर से बहनें अपने अधिकार के पक्ष में आवाज उठाने के लिए आईं
- प्रदेश की प्रत्येक नगर पालिका और नगर निगम में विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में अटका कर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी जैसी पार्टियों ने बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है। हम उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देंगे, बहनों को उनके हक से वंचित रखना असंभव है। उन्होंने कहा कि देश का इतिहास गवाह है कि जब-जब बहनों पर परेशानियां आईं हैं, बहनों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाइयों ने सदैव संघर्ष किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसियों के परिवार की महिला विरोधी परंपरा रही है। देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात करने वालों को सजा दिलाई जाएगी

प्रियंका ने बहनों के अधिकारों का गला घोट दिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेसियों के परिवार की महिला विरोधी परंपरा रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी 40 साल पहले सुप्रीम कोर्ट का फैसला संसद के माध्यम से पलटकर बहनों को उनके अधिकारों से दूर रखा था।

महिला आरक्षण बहनों के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ाः खंडेलवाल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि महिला आरक्षण उनके सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा है। यह कोई राजनीतिक घटना नहीं थी। इसका विरोध कर विपक्ष ने नारी शक्ति का खुला अपमान किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत देना चाहते हैं।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एसआरएच डीसी
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

पांडुर्णा में तेंदुए के हमले में चौकीदार की गई जान

छिंदवाड़ा। जिले की पांढुर्णा में तेंदुए के हमले से एक चौकीदार की मौत हो गई। इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग को उसके पग मार्क मिले हैं। रविवार सुबह बोरगांव मार्ग पर सड़क किनारे 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध लगा, लेकिन मौके पर मिले साक्ष्यों से वन्यजीव हमले की पुष्टि हुई। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति को मुंह के बल पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर शरीर पर गहरे घाव नजर आए, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। नंदनवाड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

आज इस्लामाबाद में दूसरे दौर की शांति वार्ता

आज सीजफायर की मियाद भी खत्म : ईरान की शर्त के चलते दूसरी मध्यस्थ वार्ता पर मंडरा रहे संशय के बादल

हॉर्मुज को लेकर अड़ा ईरान, यूएस दल पहुंचा, मुनीर ने ट्रंप को 'मनाया'

आसिम मुनीर | डोनाल्ड ट्रंप

- सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रंप को बताया कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज की नाकाबंदी बातचीत में एक बाधा है। इधर, ट्रंप ने मुनीर से कहा है कि वह उनकी सलाह पर विचार करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस्लामाबाद में आज अमेरिका व ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता होगी। इसके लिए ट्रंप की टीम इस्लामाबाद पहुंच टुकी है। ईरान से कोई नहीं पहुंचा है। दूसरे दौर की बातचीत से पहले हॉर्मुज को लेकर ईरान अड़ा हुआ है। वह चाहता है कि बातचीत तभी संभव है जब अमेरिका नाकाबंदी खोलेगा। दूसरे दौर की बात मंगलवार को हो रही है और इसी दिन सीजफायर की मियाद खत्म हो रही है। पाक भरसक कोशिश कर रहा है कि हॉर्मुज मुद्दे पर ट्रंप को समझा ले। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इस बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज की नाकाबंदी बातचीत में एक बाधा है।

ईरान चाहता है कि पहले ट्रंप हॉर्मुज की नाकाबंदी खोलें

एआई फोटो

22 अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के ऑफिसर भी पाकिस्तान पहुंचे

नूरखान एयरबेस पर अमेरिका के चार सैन्य विमान लैंड हुए

ट्रंप के चार प्रतिनिधि पाक पहुंचे

अमेरिका के शांति मिशन के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ईरान के साथ दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंच गए हैं। अमेरिकी सेना के कमांडर इन चीफ के हवाले से बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व के दूत (स्टीव विटकॉफ) ईरान युद्ध को खत्म करने के लिए बातचीत को फिर से शुरू करेंगे।

ईरान में सुपर पावर बने मेजर जनरल वाहिदी

ईरान की कूटनीति और उसकी सैन्य मशीनरी पर अब पूरी तरह से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का कब्जा हो गया है। आईआरजीसी कमांडर मेजर जनरल अहमद वाहिदी अब ईरान के सबसे ताकतवर शख्स बनकर उभरे हैं। उन्होंने न केवल देश के सैन्य तंत्र को अपने हाथ में ले लिया है, बल्कि अमेरिका के साथ होने वाली शांति वार्ताओं की डोर भी अब उनके और उनके करीबियों के हाथ में है।

दक्षिण कोरिया होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रयासों पर भारत के साथ

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने सोमवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए भारत और दक्षिण कोरिया को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने ग्लोबल सप्लाई चेन को स्थिर रखने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। एक विशेष लिखित इंटरव्यू में राष्ट्रपति ली ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव के कारण होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी तरह की रुकावट से वैश्विक तेल कीमतें बढ़ रही हैं और जरूरी औद्योगिक सामग्री की सप्लाई चेन बाधित हो रही है। राष्ट्रपति ली ने कहा कि कोरिया गणराज्य और भारत दोनों ही अपनी ऊर्जा आपूर्ति के एक बड़े हिस्से के लिए मिडिल ईस्ट पर निर्भर हैं।

बस खाई में गिरने के बाद रेस्क्यू के दौरान मौजूद भीड़

जम्मू के उधमपुर में बड़ा सड़क हादसा

तेज रफ्तार बस का टायर फटा, 100 मीटर गहरी खाई में गिरी, 21 की मौत

हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट

एजेंसी ▶▶ उधमपुर

यहां सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया।

पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा बल (पीएमएन आरएफ) की ओर से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रु. दिए जाएंगे।

भीषण आग को बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी

बालोतरा में रिफाइनरी की यूनिट में लगी आग

प्रधानमंत्री मोदी का आज होने वाला उद्घाटन कार्यक्रम टला, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ बालोतरा

राजस्थान के बालोतरा जिले स्थित पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार को भीषण आग लग गई। तेल मंत्रालय के मुताबिक क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट के पास लगी आग के कारण 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा होने वाला रिफाइनरी का उद्घाटन फिलहाल टाल दिया गया है। तेल मंत्रालय ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। रिफाइनरी के उद्घाटन के लिए नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं

हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा इस यूनिट से तकरीबन एक किलोमीटर दूर रखी गई थी और कार्यक्रम स्थल पूरी तरह सुरक्षित था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटना के बाद तुरंत जांच शुरू कर दी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी तेज थी कि उसका धुआं करीब एक किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था।

करीब चार घंटे तक हवा में फंसा विमान

हुबली जा रहे विमान की बेंगलुरु में आपात लैंडिंग

तकनीकी खराबी आने से बड़ा हादसा टला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई91 एयरलाइंस की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण विमान करीब चार घंटे तक हवा में ही फंसा रहा, जिससे यात्रियों में डर और घबराहट फैल गई। फ्लाइट आईसी 3401 दोपहर करीब 3 बजे हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई थी और इसे शाम 4.30 बजे हुबली पहुंचना था।

लसूड़िया पुलिस पर लूट का भी आरोप

पुलिस घर में चोरों की तरह घुसी, 22 तोला सोना गायब

झगड़े की वजह रिटायर्ड एसीपी का प्रॉपर्टी विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

लसूड़िया में एसआई समेत 5 पुलिसकर्मियों के निलंबन मामले में पुलिस पर नया आरोप लगा है। वारंट तामीली के बाद कारोबारी गौरव जैन ने पुलिस पर परेशान करने और घर से 22 तोला सोना गायब करने का आरोप लगाया है। झगड़े की वजह रिटायर्ड एसीपी का प्रॉपर्टी विवाद बताया जा रहा है। कारोबारी जैन पिछले एक साल से एसीपी मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर रहा था।

बेटे पर पुलिस कार्रवाई पर विधायक बिफरे

आईपीएस को धमकाया, कहा- तेरे डैडी में दम तो मेरे बेटे को रोक लेना

मेरा बेटा करैरा आएगा और चुनाव भी लड़ेगा

डॉ. आयुष | दिनेश लोधी | प्रीतम लोधी

शिवपुरी। करैरा में राहगीरों को टक्कर मारने के बाद चर्चा में आए पिछोर विधायक के पुत्र दिनेश लोधी पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद सोमवार की सुबह पिछोर विधायक प्रीतम लोधी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे करैरा एसडीओपी के पद पर पदस्थ आईपीएस अधिकारी डॉ. आयुष जाखड़ को धमकी भरे अंदाज में यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि क्या करैरा तुम्हारे डैडी का है..? मैं तुम्हें कहना चाहता हूं दिनेश करैरा आएगा भी और चुनाव भी लड़ेगा, तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना।

पिता ने पुलिस से दावा किया कि मोनालिसा सिर्फ 16 साल की, उसे बरगलाया गया

महेश्वर पुलिस ने 25 मार्च को थाने में फरमान खान के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो अधिनियम और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था

केरल से खाली हाथ लौट आई मध्यप्रदेश पुलिस गर्भवती है मोनालिसा, फिलहाल पेश नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेश्वर

प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान वायरल हुई मोनालिसा भोंसले और उसके पति मोहम्मद फरमान को हिरासत में लेने के लिए कुछ दिन पहले केरल के कोच्चि पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस की एक टीम को वहां से खाली हाथ लौटना पड़ा है। फरमान ने पुलिस को बताया कि मोनालिसा गर्भवती है इसलिए वह पुलिस के सामने तुरंत पेश होने में असमर्थ है। इस टीम में एक महिला अधिकारी सहित

फाइल फोटो

कुल पांच सदस्य थे। मप्र पुलिस की टीम 17 मार्च को यहां पहुंची थी और इस जोड़े का पता लगाने में नाकाम रही। इसके अलावा पुलिस को फरमान के एक दोस्त जोशुआ की तलाश थी, हालांकि उसे खोज पाने में भी पुलिस नाकाम रही। जोशुआ पर आरोप है कि उसने शादी कराने से लेकर वहां रहने का इंतजाम करने तक में इस जोड़े की मदद की। महेश्वर पुलिस की एक महिला सब-इंस्पेक्टर को मोहम्मद फरमान ने अपनी पत्नी के गर्भवती होने की जानकारी दी। इस जोड़े ने 11 मार्च को तिरुवनंतपुरम के एक मंदिर में शादी की थी।

मोनालिसा ने सरकार से की थी सुरक्षा की मांग

मध्य प्रदेश पुलिस के कोच्चि पहुंचने के बाद मोनालिसा ने केरल के मुख्यमंत्री और कोच्चि शहर के पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की थी। वहीं मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा जारी फरमान के गिरफ्तारी वारंट पर केरल हाई कोर्ट ने पहले ही आगे की कार्यवाही तक रोक लगा दी थी। यह रोक 20 मई तक के लिए लगाई गई है। इस मामले ने उस वक्त तूल पकड़ लिया था, जब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में मोनालिसा को नाबालिग पाया गया था। मप्र पुलिस के कोच्चि पहुंचने पर मोनालिसा ने राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कोच्चि के पुलिस कमिश्नर को एक आवेदन सौंपकर सुरक्षा की मांग की थी। उस आवेदन में मोनालिसा ने दावा किया है कि उसकी उम्र 18 साल है और आरोप लगाया था कि उसे जबरन मध्य प्रदेश ले जाने की कोशिशें की जा सकती हैं।

तृणमूल ने महिला आरक्षण का विरोध करके महिलाओं के साथ किया 'विश्वासघात': नबीन

बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम का झालमुरी खरीदने के लिए रुकना 'नाटक': ममता

एजेंसी ▶▶ महिषादल (पश्चिम बंगाल)

नबीन ने दावा किया कि 'मां, माटी, मानुष' सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख नितिन नबीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने 2029 से विधायिकाओं में महिला आरक्षण लागू करने के केंद्र के प्रयास का विरोध कर उनके (महिलाओं के) साथ 'विश्वासघात' किया है। पूर्व मेदिनीपुर के महिषादल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि अगर यह मामला 'अल्पसंख्यकों के आरक्षण' का होता, तो ममता बनर्जी इसके समर्थन में मीलों पदयात्रा को तैयार रहतीं। उन्होंने कहा कि अब राज्य की महिलाओं के लिए समय आ गया है कि वे ऐसी सरकार को सजा दें, जो घुसपैठियों की रक्षा करती है और अपनी बेटियों को असुरक्षित छोड़ देती है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नरेंद्र मोदी महिलाओं को शासन में उनका अधिकार दिलाने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए, लेकिन ममता दीदी के सांसदों ने इसका विरोध किया। इसके उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो भी किया।

घुसपैठियों की रक्षा करने वाली सरकार को चुनाव में शिकस्त दें

भाजपा योग्यता के आधार पर रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो करते हुए

नबीन ने कहा कि यह विडंबना है कि एक महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में संदेशखालि से लेकर जय नगर तक बेटियों का अपमान हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि 'मां, माटी, मानुष' सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

जनता की जमीन घुसपैठियों को सौंप रहे

नबीन ने कहा कि टीएमसी 'तुष्टीकरण की राजनीति' के तहत पश्चिम बंगाल में जनता की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को सौंप रही है। राज्य में 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार बनने पर अवैध प्रवासियों को 'डिलीट, डिमोट और डिपोर्ट' किया जाएगा। उन्होंने 'सिंडिकेट' संस्कृति को खत्म करने और योग्यता के आधार पर रोजगार देने का भी वादा किया।

पीएम तय कार्यक्रम के बिना रुके, तो कैमरा कैसे मौजूद

ममता का आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी का अचानक 'झालमुरी' खरीदने के लिए रुकना 'नाटक' था। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने बीरभूम जिले के मुरारई विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि यह सब नाटक है। चुनाव प्रचार के दौरान पीएम पूर्व में तय कार्यक्रम के बिना अचानक रुके, उस समय वहां कैमरा कैसे मौजूद था? पूरा वाकया पहले से तय था। उन्हें जेब में 10 रुपये का नोट लिए देखा गया। क्या इस पर विश्वास किया जा सकता है?

हमारा विरोध केवल परिसीमन विधेयक के खिलाफ थाः खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कूचबिहार में दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने ही 2029 से विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को खत्म कर दिया, जबकि विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था। हम हमेशा महिलाओं के अधिकार और कल्याण सुनिश्चित करने के पक्ष में रहे हैं।

जेपी नड्डा का दावाः 4 मई को पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार होगी

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में भाजपा प्रत्याक्षी के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता की आवाज एकतरफा है और राज्य में 4 मई को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है। पश्चिम बंगाल की जनता भ्रष्टाचार, परिवारवाद, घुसपैठ और महिलाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों पर हो रहे अत्याचार से मुक्ति चाहती है।

तमिलनाडु में केंद्र पर राहुल गांधी का आरोप

भाजपा ने मणिपुर को 'आग में झोंका' कांग्रेस और नफरत नहीं फैलाने देगी

तिरुनेलवेली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चुनावी रैली में आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के अल्पसंख्यकों को डराया-धमकाया और मणिपुर राज्य को 'आग में झोंक' दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी नफरत नहीं फैलाने देगी। अन्नाद्रमुक वह पुरानी पार्टी नहीं रही। आज यह खोखली हो गई है क्योंकि इसके नेताओं ने समझौता कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में वे (अन्नाद्रमुक) आकंठ डूब गए हैं और वे भाजपा की इच्छा के विरुद्ध कुछ नहीं कर सकते। पीएम मोदी और अमित शाह ने तमिलनाडु राज्य पर कब्जा करना चाहते।

तमिलनाडु में नहीं चलने देंगे भाजपा का बिहार मॉडल

राहुल गांधी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में कहा कि भाजपा तमिलनाडु में भी यही बिहार मॉडल दोहराना चाहती है। वे तमिलनाडु में ऐसी सरकार चाहते हैं जिसे वे पूरी तरह अपने इशारों पर नचा सकें। वे यहां एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो वही करे जो भाजपा कहे। राहुल ने साफ शब्दों में कहा कि वे तमिलनाडु में भाजपा को कभी भी ऐसी कठपुतली सरकार नहीं बनाने देंगे।

विजय के रोड शो में बिगड़ी कई समर्थकों की तबीयत

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बीच अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने जोरदार चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। विजय ने पोननेरी विधानसभा क्षेत्र के पंचट्टी इलाके में बड़ा रोड शो किया, जहां भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने उनका जोरदार समर्थन किया। भीड़ और तेज धूप के कारण कई समर्थकों की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला समर्थक को पार्टी कार्यकर्ताओं ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया।

खबर संक्षेप

जेएनयू में कर्मचारियों के बच्चों का कोटा 5% बढ़ाया

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने आने वाले शैक्षणिक सत्र से अपने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। विश्वविद्यालय ने सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत अतिरिक्त सीटों का आरक्षण लागू करने को मंजूरी दे दी है।

आरकॉम को दो वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया कि अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है।

केजरीवाल की अर्जी हाईकोर्ट से खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कान्ता शर्मा ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल समेत अन्य आरोपियों की अर्जी को खारिज कर दिया है।

आईआईटी के साथ ड्रोन से तेज डिलीवरी संभव

नई दिल्ली। देश में ड्रोन के जरिए हवाई मार्ग से सामान पहुंचाने की नई तकनीक को परखा गया। इसमें एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय कूरियर कंपनी और मद्रास का प्रमुख तकनीकी संस्थान एक साथ आए। इस परीक्षण का मकसद यह देखना था कि भीड़भाड़ वाले माहौल में ड्रोन के जरिए सामान कितनी तेजी और सुरक्षित तरीके से पहुंचा सकता है।

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने पर एनडीए का विपक्षी दलों पर हमला तेज

कई राज्यों में एनडीए ने 'जन-आक्रोश महिला रैली' आयोजित की

नायडू बोले- विरोधी दलों ने महिलाओं के साथ किया अन्याय, माफी मांगें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए जो 33 प्रतिशत आरक्षण किया है, वह देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ विश्वासघात किया

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने पर एनडीए में शामिल भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने पूरे देश में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर हमले तेज कर दिए हैं। आंध्र प्रदेश के सीएम तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए जो 33 प्रतिशत आरक्षण किया है, वह देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक है। कांग्रेस, द्रुमक और अन्य राजनीतिक दलों ने महिलाओं के साथ अन्याय किया। हर महिला को इस पर चर्चा और बहस करनी होगी। अब उन्हें महिलाओं से माफी मांगनी होगी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा द्रमुक सरकार में दूरदर्शिता की कमी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पार्टियां सुधारों की 'हमेशा से विरोधी' रही हैं और राज्य की जनता को उन्हें हराना चाहिए। नायडू ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर आरोप लगाया कि तमिलनाडु राज्य में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र सरकार के सहयोग का लाभ उठाने में विफल रही है।

महाराष्ट्र में एक करोड़ महिलाओं के हस्ताक्षर के लिए बड़ा अभियान

आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए

सीएम फडणवीस का आरोप

विपक्ष की 'पिछड़ी मानसिकता' के चलते महिलाओं के अधिकारों की 'भ्रूणहत्या'

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आरोप लगाया कि विपक्ष की 'पिछड़ी मानसिकता' ने भारत में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के एक ऐतिहासिक क्षण की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन अब राज्य भर की महिलाओं से एक करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने के लिए एक व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जनमत का निर्माण करना और विपक्ष के महिला विरोधी रुख को उजागर करना है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निर्वाचित निकायों में महिलाओं के अधिकारों की 'भ्रूणहत्या' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी प्रतिगामी मानसिकता के कारण महिला आरक्षण विधेयक की हत्या कर दी।

राजस्थान में 'जन आक्रोश'

17 अप्रैल को विपक्ष ने 'काला पन्ना' बनाकर छोड़ दिया: सीएम शर्मा

राजस्थान की राजधानी जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक का समर्थन नहीं करने पर विपक्ष के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन किया और 'नारी के सम्मान में जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि 17 अप्रैल को ऐतिहासिक दिन बनने वाला था जब लोकसभा में महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के बाद मतदान हुआ, लेकिन विपक्ष ने इसे 'काला पन्ना' बनाकर छोड़ दिया। उन्होंने 'महिला विरोधी मानसिकता' वाले लोगों को सबक सिखाने का आह्वान किया।

बिहार सीएम का निशाना

विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़े

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें।

पीएम मोदी और नीतीश ने महिलाओं के लिए काम किया

चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों ने दशकों से महिलाओं के आरक्षण में बाधा डाली है, जबकि केंद्र और बिहार में राजग सरकारें महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती रही हैं। नीतीश कुमार और पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और प्रगति के लिए काम किया है, मैं उसी काम को आगे बढ़ाऊंगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम का तंज

एजेंडा महिला आरक्षण का नहीं मुद्दे में पीएम का 'संरक्षण' छिपा



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि महिला आरक्षण की आड़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए परिसीमन के कदम को नाकाम करना 'बुलडोजर राजनीति' की हार है और यह पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए कि केंद्र सरकार का एजेंडा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी का 'संरक्षण' है। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि कि केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र या मई के अंत में एक विधेयक लाकर मौजूदा लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू करे। जयराम रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर महिलाएं भाजपा के प्रचार के झांसे में नहीं आएंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष की मांग को अनसुना किया

जयराम रमेश ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की इस मांग को अनसुना कर दिया गया कि इसे 2024 के आम चुनाव से लागू किया जाए। कांग्रेस नेता का कहना है कि अचानक, 16 अप्रैल की रात को अधिनियम अधिसूचित किया गया। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार जातीय जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। हम लोकसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर विधायिकाओं में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग करते हैं। सरकार अगर इससे पहले ऐसा करना चाहती है तो उसे मानसून सत्र के दौरान या मई के अंत में एक संशोधन विधेयक लाना होगा।

महिला आरक्षण विधेयक पर पीएम का दोहरा रवैया



कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने सोमवार को पीएम मोदी पर महिलाओं के आरक्षण को लेकर 'दोहरा मापदंड' अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार ने पहले अवसर होने के बावजूद इसके क्रियान्वयन में देरी की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मोदी पहले कल्याणकारी गारंटियों का विरोध करते थे और अब उन्हें ही लागू कर रहे हैं। इसे ही मैं दोहरा मापदंड कहता हूं। नरेंद्र मोदी सामाजिक न्याय के पक्षधर नहीं हैं। अगर होते, तो यह काम बहुत पहले हो गया होता। वह कितने वर्षों से सत्ता में हैं? 12 साल हो गए। अब तक यह क्यों नहीं किया गया? कांग्रेस महिलाओं के आरक्षण के समर्थन में रही।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कर्नाटक में कार्रवाई

कांग्रेस विधायक के बेटों समेत अन्य के ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कर्नाटक में कई जगहों पर छापामारी की। इसमें कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हरिस के बेटों से जुड़े परिसर शामिल हैं। यह कार्रवाई क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकी और अन्य आरोपियों के खिलाफ करीब 12 परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। ये छापा बेंगलुरु समेत कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर किए गए। छापों में विधायक एनए हरिस के बेटों मोहम्मद हरिस नालापड़ और ओमार फारूक नालापड़ से जुड़े परिसर भी शामिल हैं। जांच कर्नाटक पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर और चार्जशीट पर आधारित है। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वेबसाइटों को हैक करना, बिटकॉइन चोरी, एक्सटॉर्शन और एनडीपीएस एक्ट के उल्लंघन जैसे अपराध शामिल हैं।

डिजिटल अरेस्ट पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने जताई चिंता

सीबीआई जांच और मुआवजा ढांचा बनाने के दिए निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत सोमवार को डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी बढ़ती ठगी की घटनाओं पर कहा कि यह बेहद चौंकाने वाली और चिंताजनक स्थिति है कि अच्छी शिक्षा प्राप्त लोग भी इस तरह के साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची भी शामिल थे, डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई कर रही थी।

पढ़े-लिखे भी बन रहे शिकार, यह दुर्भाग्यपूर्ण

आरबीआई समेत बैंकों को दिए सख्त आदेश

बुजुर्ग महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि ठगी

सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एक बुजुर्ग महिला का मामला साझा किया, जिन्हें वह आधिकारिक तौर पर जानते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि साइबर ठगों ने हड़प ली। सीजेआई ने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि पढ़े-लिखे लोग भी इस तरह आसानी से ठगे जा रहे हैं।

पीआईएल देख भड़के जज

कहा- सुप्रीम कोर्ट में घुसने नहीं देंगे

सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज से जुड़ी एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बार बार एक जैसी याचिका दायर कर अदालत का समय बर्बाद न करें। याचिका पिनाकपाणि मोहंती नाम के व्यक्ति ने दाखिल की थी।

राहुल गांधी की नागरिकता वाला मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज ने खुद को किया सुनवाई से अलग

प्रयागराज। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता के मामले में सुनवाई के बीच जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने मामले से खुद को अलग कर लिया है। मामले में याची विग्नेश शिशिर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अलग-अलग पोस्ट्स में कोर्ट पर एकतरफा होने का आरोप लगाया। कोर्ट ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणियां न्यायपालिका की छवि को प्रभावित करती हैं और इन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जस्टिस विद्यार्थी ने मामले से खुद को अलग कर लिया।

होर्मुज में फंसे नाविकों पर जायसवाल बोले-ईरान से हो रही लगातार बातचीत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच भारत पूरी तरह सतर्क है और प्रधानमंत्री के निर्देश पर गल्फ देशों के साथ लगातार संपर्क में है

होर्मुज पर तकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है।

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव, भारतीय नाविकों की सुरक्षा में जुटा विदेश मंत्रालय

भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया

भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर

जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया।

ईरान ने होर्मुज को लेकर फिर दी धमकी

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को रोकने के अपने वादे जोर देते हुए कहा कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिका की नाकेबंदी जारी रहेगी, वह जहाजों को रोकता रहेगा। इस बीच, मध्यस्थ इस हफ्ते युद्धविराम खत्म होने से पहले आगे की बातचीत पक्की करने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस दोहरी नाकेबंदियों ने पाकिस्तान की अगुवाई में हो रही मध्यस्थता की कोशिशों को मुश्किल बना दिया है और यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या युद्धविराम को बुधवार की तय समय सीमा से आगे बढ़ाया जा सकता है। गालिबफ, जो अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार हैं, उन्होंने कहा कि तेहरान इस अहम जलमार्ग से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को रोकता रहेगा। यह बयान तब आया जब शनिवार को ईरान की नौसेना ने वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलियां चलाई थीं।

भारतीय नाविकों की सुरक्षा का ईरानी राजदूत ने दिया आश्वासन

उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जयसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है।

भारतीय दूतावास-बंदरगाह पर 24 घंटे हेल्पलाइन

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय दूतावास और बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं। उड़ानों, यात्रा व्यवस्था, वाणिज्य दूतावास सेवाओं और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गल्फ एयर ने बहरीन और भारत के बीच सीमित उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की है। अब तक 2,423 भारतीय नागरिक ईरान और अजरबैजान से बाहर निकाले जा चुके हैं। साथ ही जॉर्डन और मिस्र से भारतीय नागरिकों की भारत वापसी भी सुगम बनाई जा रही है।

एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है सुजाता शर्मा ने फिर किया दावा

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब उसे 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें घरेलू जरूरतों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई है।

भारतीय जहाजों पर हुई फायरिंग

वहीं, बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मंदीप सिंह रंधावा ने बताया कि पिछले 48 घंटों में भारत के दो जहाज होर्मुज से गुजरते समय फायरिंग की घटना का शिकार हुए, जिसके बाद दोनों जहाज वापस फारस की खाड़ी लौट गए। हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि मंत्रालय लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। महानिदेशक शिपिंग के माध्यम से अब तक 2,563 भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई है, जिनमें पिछले 24 घंटों में 25 नाविक शामिल हैं। देशभर के बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और कहीं भी भीड़भाड़ की स्थिति नहीं है।

अमेरिकी नेवी ने चीन से आ रहे ईरानी जहाज पर किया कब्जा

भड़का ईरान, बदला लेने की खाई कसम

वॉशिंगटन/तेहरान। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी नेवी ने ईरान का झंडा लगे एक मालवाहक जहाज को अपनी हिरासत में लिया है। जहाज को उस समय कब्जे में लिया गया जब वह कथित तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी नाकाबंदी पार करने की कोशिश कर रहा था। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी है। इस घटना से खाड़ी में तनाव भड़क गया है। ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप लगाया है और करारा जवाब देने की बात कही है।

अमेरिका के कब्जे में जहाज

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, तौस्का नाम के ईरानी झंडे वाले एक मालवाहक जहाज ने हमारी नौसैनिक घेराबंदी को पार करने की कोशिश की, और उसका नतीजा उनके लिए अच्छा नहीं रहा। ट्रंप ने आगे लिखा,अभी वह जहाज यूएस मरीन के कब्जे में है। जहाज पूरी तरह से हमारे कब्जे में है और हम देख रहे हैं कि उसमें क्या-क्या है। ट्रंप ने यह भी कहा कि पिछली गैर-कानूनी गतिविधियों के कारण अमेरिकी ट्रेजरी के प्रतिबंधों के दायरे में है। इस घटना पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने कहा कि अमेरिका ने संघर्ष-विराम का उल्लंघन करते हुए और समुद्री डकैती को अंजाम देते हुए ओमान सागर के जलक्षेत्र में ईरान के वाणिज्यिक जहाज पर हमला किया। उसने जहाज पर गोलीबारी की और उसके डेक पर अपने कई मरीन सैनिकों को उतारकर उसके नेविगेशन सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया।

भारतीय नेवी ने होर्मुज के पास सिक्योरिटी बढ़ाई

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय जहाजों के लिए एडवाइजरी जारी, लारक द्वीप से दूर रहें

18 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी गाइर्स ने दो भारतीय जहाजों पर गोली चलाई। इसके बाद भारतीय नेवी ने होर्मुज के पास सिक्योरिटी बढ़ा दी है। नई एडवाइजरी जारी हुई है कि लारक द्वीप से दूर रहें। नौसेना की अनुमति मिलने पर ही आगे बढ़ें। 11 जहाज पार हो चुके हैं। देश गरिमा को एस्कॉर्ट किया जा रहा है। 14 जहाज अभी फारस की खाड़ी में फंसे हैं। भारतीय नौसेना के सात युद्धपोत तैनात हैं। 18 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी गाइर्स ने दो भारतीय जहाजों पर गोली चला। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तुरंत एक्शन लिया और होर्मुज के पास सुरक्षा का जाल और मजबूत कर दिया। अब भारतीय झंडे वाले सभी जहाजों को नई चेतावनी दी गई है कि वे फारस की खाड़ी में फंसे रहकर लारक द्वीप के पास न जाएं। सिर्फ नेवी की अनुमति मिलने पर ही आगे बढ़ें। भारतीय नौसेना सभी भारतीय जहाजों की सुरक्षा को सबसे पहले रख रही है। अभी 14 भारतीय जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। होर्मुज पार करने का इंतजार कर रहे हैं। नौसेना इन जहाजों से लगातार संपर्क में है। उन्हें सुरक्षित रहने की सलाह दे रही है। 18 अप्रैल को दो भारतीय जहाज जग अर्णव और सन्मार हेराल्ड होर्मुज पार करने की कोशिश कर रहे थे। उसी दिन ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने उन पर गोली चला दी। दोनों जहाजों को वापस लौटना पड़ा।

भारत के 7 युद्धपोत तैनात

भारतीय नेवी ने होर्मुज के पास सात युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। ये जहाज फारस की खाड़ी के बहुत करीब हैं। जब कोई भारतीय जहाज होर्मुज पार कर लेता है तो ये युद्धपोत उसे आगे अरेबियन सी तक सुरक्षित एस्कॉर्ट करते हैं। सभी भारतीय जहाजों के लिए एडवाइजरी जारी हुई है।इसमें साफ कहा गया है कि लारक द्वीप से दूर रहें और बिना नौसेना की अनुमति के आगे न बढ़ें। इससे जहाजों की सुरक्षा 100 प्रतिशत सुनिश्चित हो सकेगी। नेवी के सूत्रों ने बताया कि सभी फंसे हुए जहाजों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है।

11 भारतीय जहाज हो चुके होर्मुज पार

अभी तक 11 भारतीय जहाज होर्मुज पार कर चुके है। इनमें आखिरी देश गरिमा 18 अप्रैल को ही पार हुआ। लेकिन अभी भी 14 भारतीय जहाज फारस की खाड़ी में रुके हुए हैं। ये सभी जहाज होर्मुज पार करने का इंतजार कर रहे हैं, भारतीय नौसेना इन 14 जहाजों से लगातार बात कर रही है। हर जहाज को सलाह दी जा रही है कि वे सुरक्षित जगह पर रहें और नौसेना जब कहे तभी आगे बढ़ें। इससे कोई भी जहाज अकेला खतरे में नहीं पड़ेगा।

खबर संक्षेप

जापान में 7.4 की तीव्रता का भूकंप, तबाही की आशंका

टोक्यो। जापान में सोमवार को 7.4 की तीव्रता का भूकंप आया है। मीडिया को मिली जानकारी के

अनुसार सोमवार दोपहर को देश के उत्तर-पूर्वी तट के पास 7.4 की शुरुआती तीव्रता वाला भूकंप आया। इस तीव्रता का भूकंप बहुत ज्यादा नुकसान कर सकता है। भूकंप के बाद इवाते आओमोरी और होक्काइडो प्रांतों में 3 मीटर (9.84 फीट) तक ऊंची सुनामी आने की चेतावनी दी है। ऐसे में बड़े नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

फर्जी पासपोर्ट बनवाकर लश्कर का आतंकी भागा

श्रीनगर । लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का आतंकवादी उमेर हारिस उर्फ 'खरगोश' भारत से

भाग गया है। वह जयपुर से सज्जाद नाम से जारी जाली पासपोर्ट के जरिए देश से भागा है। वह भारत छोड़ने के बाद सऊदी अरब में जाकर छिपा है। सज्जाद के बारे में दावा किया गया है कि वह राजस्थान का निवासी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से दर्ज किया गया मामला संभवतः राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपा जाएगा।

पीएम मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के बीच द्विपक्षीय बैठक

चिप से लेकर शिप तक पर करार हुआ

दोनों देशों के बीच 2030 तक 50 बिलियन डॉलर व्यापार का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म और गेमिंग समेत पॉप कल्चर को लेकर भी हुई चर्चा

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार अब 27 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

पीएम मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुए। इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अपनी पहली भारत यात्रा पर प्रेसिडेंट ली का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रेसिडेंट ली का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है।

हर चुनौती ने उनके भीतर जनसेवा के संकल्प को और सशक्त किया है। भले ही यह उनकी पहली भारत यात्रा हो, लेकिन भारत के प्रति उनकी आत्मीयता हमारी पहली मुलाकात से ही स्पष्ट रही है। उन्होंने आगे कहा कि आठ वर्ष बाद कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है। डेमोक्रैटिक वैल्यूस, मार्केट ईकानमी और कानून के शासन के प्रति सम्मान, हम दोनों देशों के डीएनए में हैं। इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में भी हमारा सामान्य दृष्टिकोण है। इन सबके आधार पर, पिछले एक दशक में हमारे संबंध अधिक गतिशील और व्यापक हुए हैं। पीएम मोदी दोनों देश के बीच हुए समझौते के बारे में बताते हुए कहा कि भारत और कोरिया का बाइलैटरल ट्रेड, आज ट्वेंटी सेवन बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे फिफ्टी बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने सोमवार को कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग और पीएम मोदी

इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट समझौता

पीएम मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में ली सेल्फी

हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के दौरान ली जे-म्युंग ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। भारत-दक्षिण कोरिया के द्विपक्षीय और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस किया गया।

भारत और दक्षिण कोरिया अब चिप से लेकर जहाज बनाने तक में सहयोगी बनेंगे। सोमवार को पीएम मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह सहमति बनाई गई। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच बड़ा इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट समझौता हुआ है।

ये प्रमुख 5 समझौते

1. *इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली समझौता: दोनों देशों के नागरिकों के लिए यात्रा के दौरान स्थानीय क्यूआर कोड कोड सिस्टम का उपयोग करके भुगतान करना आसान बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम को जोड़ने पर समझौता हुआ।*
2. *व्यापार साझेदारी को उन्नत करना: दोनों देश अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को उन्नत करने के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए, ताकि 2030 तक 50 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।*
3. *सेमीकंडक्टर और रक्षा साझेदारी : रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में समझौता किया गया, जिसके तहत सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा जहाजों के निर्माण, तकनीक साझाकरण और संयुक्त सैन्य अभ्यास को बढ़ावा दिया जाएगा।*
4. *विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग: दोनों देशों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष रूप से भविष्य की रणनीतिक तकनीकों के विकास, जैव प्रौद्योगिकी और जैव-अर्थव्यवस्था में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।*
5. *भारत-कोरिया मैत्री वर्ष (2028-29): दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों, लोगों के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2028-29 को 'भारत-कोरिया मैत्री वर्ष' के रूप में मनाने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त, दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए तकनीकी और सुरक्षा सहयोग को गहरा करने की प्रतिबद्धता जताई।*

उद्देश्य भारत-सऊदी अरब के रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना

अजित डोभाल पहुंचे सऊदी अरब रियाद में मंत्रियों से हुई मुलाकात

एजेंसी ▶▶ रियाद

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रविवार को एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रियाद पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब के रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना माना जा रहा है। अजित डोभाल ने ऊर्जा, सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के मुद्दों पर सऊदी अरब के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई बैठकें कीं। डोभाल का किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल खान और सऊदी अरब के डॉ. सऊद अल-साती (डिप्टी मिनिस्टर फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स) ने स्वागत किया। इसके बाद, अजीत डोभाल ने सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर विचार किया। इस चर्चा में कोऑपरेशन और रीजनल डेवलपमेंट पर बातचीत की गई। अजित डोभाल की सऊदी अरब में यह मीटिंग ऐसे समय में हुई है, जब भारत और सऊदी अरब पारंपरिक कच्चे तेल के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और सप्लाई चेन मजबूती के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं।

3 मुख्य बिंदुओं पर हुई चर्चा

- बताया जा रहा है कि चर्चा में तीन मुख्य बिंदुओं पर बात हुई, इसमें द्विपक्षीय संबंध, क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और म्यूचुअल इंटरेस्ट से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। प्रिंस फैसल और डॉ. अल-ऐबन के साथ बातचीत में संयुक्त सहयोग और रीजनल डेवलपमेंट पर फोकस किया गया।
- भारत और सऊदी अरब ने नौसेना अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और साइबर सुरक्षा वार्ता सहित डिफेंस और काउंटर-टेरर कोऑपरेशन को लगातार संस्थागत रूप दिया है।
- अजित डोभाल की यह यात्रा 2019 में स्थापित स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल में निरंतर गति का संकेत देती है, जिसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान करते हैं।

गुवाहाटी में भारी बारिश

सोमवार को गुवाहाटी में भारी बारिश के कारण जलमग्न हुई सड़क पर एक व्यक्ति रिक्शा खींचता हुआ

नासिक कांड मामला: मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी

निदा खान को डबल झटका, कोर्ट ने नहीं दी अंतरिम जमानत, टीसीएस ने किया सस्पेंड

नासिक टीसीएस से जुड़े कथित जबरन धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी निदा खान को बड़ा झटका लगा है। सोमवार को अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत नहीं दी। टीसीएस ने भी निदा खान को निलंबित कर दिया है

एजेंसी ▶▶

नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) से जुड़े बीपीओ में जबरन धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न मामले की कथित मास्टरमाइंड निदा खान को बड़ा झटका लगा है। नासिक की अदालत ने सोमवार को उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की, लेकिन तुरंत राहत देने से इनकार कर दिया। पिछले हफ्ते 26 वर्षीय निदा खान ने अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन

किया था। उन्होंने अपनी याचिका में खुद के गर्भवती होने का हवाला देते हुए राहत की मांग की थी। उनके परिवार ने दावा किया है कि निदा खान दो महीने की गर्भवती है।

प्रेग्नेंसी को बनाया था जमानत का आधार

नासिक कोर्ट ने सोमवार को निदा खान को राहत देने से इनकार कर दिया है। निदा खान फिलहाल फरार है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने कई टीमें गठित की है। उधर, मामले के सामने आने के बाद टीसीएस ने भी सख्त रुख अपनाते हुए निदा खान को निलंबित कर दिया है। कंपनी इस पूरे मामले की आंतरिक जांच भी कर रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले हफ्ते निदा खान ने नासिक सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की थी। वही इस मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी। निदा ने अपनी प्रेगनेंसी को जमानत का मुख्य आधार बनाया था। हालांकि, आज सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की गंभीरता और चल रही जांच को ध्यान में रखते हुए अंतरिम जमानत देने से साफ इनकार कर दिया।

नागपुर में भी नासिक जैसा मामला आया सामने आया एनजीओ संचालक गिरफ्तार

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है। यहा मामला भी कुछ-कुछ नासिक कांड के जैसै ही है। यहां पर एक एनजीओ के डायरेक्टर पर महिला कर्मचारियों ने कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप छेड़छाड़ से लेकर धार्मिक दबाव तक के हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना ने कार्यस्थल की सुरक्षा और महिलाओं की गरिमा को लेकर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, नागपुर के मानकापुर इलाके में स्थित यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसायटी नाम के एनजीओ के डायरेक्टर रियाज फाजिल काजी के खिलाफ चार महिला कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज कराई।

भगवान परशुराम और श्रीकृष्ण लोक से जानापाव को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान

भव्य और दिव्य स्वरूप में विकसित होगी भगवान परशुराम की जन्म-स्थली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में 17.41 करोड़ की लागत से परशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जाएगा, जो भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन का केन्द्र बनेगा। इस लोक के माध्यम से जानापाव को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर इंदौर जिले के जानापाव में आयोजित 'परशुराम प्रकटोत्सव' को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की और महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्रों और चक्रव्यूह की कला पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और विकासोन्मुख दृष्टि का समन्वित संदेश देते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन आस्था, श्रद्धा और धर्म की स्थापना के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हर युग में अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर परशुराम ने धर्म की पुनर्स्थापना की और शस्त्र तथा शास्त्र दोनों में पारंगत रहकर संतुलित शक्ति का परिचय दिया।

प्रदेश में श्रीकृष्ण पाथेय के स्थलों को भव्य तीर्थ के रूप में किया जाएगा विकसित

जानापाव तीर्थ क्षेत्र में गंभीर व अजनार नदी को किया जाएगा पुनर्जीवित

- 17.41 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य
- मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम की जन्म-स्थली पर की पूजा-अर्चना

जानापाव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव में प्रतीक स्वरूप फरसा भेंट किया गया।

जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से चंबल, गंभीर, अजनार, चोरल शामिल हैं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंभीर और अजनार नदी को पुनर्जीवित करने की कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियां धरती माता की धमनियों के समान है। उनका संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रवाह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। नदियों के जीवित होने से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव में प्रस्तावित लोक में पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला एक भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा, जिसमें शस्त्र दीर्घा, उत्पत्ति दीर्घा, स्वरूप दीर्घा, संतुलन दीर्घा और ध्यान दीर्घा के माध्यम से भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विविध आयामों को प्रस्तुत किया जाएगा। परिसर में दोनों भगवानों की कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, 30 फीट ऊंचा भव्य प्रवेश द्वार निर्मित होगा, कथा मंच का निर्माण किया जाएगा तथा गजेबो, व्यू पॉइंट, लैंडस्केपिंग और पाथ-वे सहित अन्य आधारभूत विकास कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के लीला-स्थलों को श्रीकृष्ण पाथेय के रूप में विकसित कर उन्हें तीर्थ स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं, उन सभी स्थानों को आस्था

और पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई, उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

महिलाओं को हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धः सीएम डॉ. मोहन

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क, पुल, बांध, नहर, अस्पताल और स्कूल जैसी आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर त्यौहार और परंपरा को समाज के साथ मिलकर उत्सव के रूप में मनाना और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उन्हें उनका हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सनातन संस्कृति में माता के सम्मान और देवताओं के साथ उनके नाम के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम में परशुराम नाट्य लीला से भगवान परशुराम के विराट व्यक्तित्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन हेलीपैड विश्राम गृह का किया लोकार्पण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन सिंहस्थ-2028 में दुनिया हमारे सनातन के वैभव को देखेगी। हमारा प्रयास है कि सिंहस्थ के विश्व स्तरीय आयोजन में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिले और पूर्ण सनातन वैभव के साथ सिंहस्थ महापर्व-2028 का सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन सम्पन्न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारी के अंतर्गत एक करोड़ 20 लाख की लागत से निर्मित हेलीपैड विश्राम गृह के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस विश्राम गृह में ऑफिस कक्ष, आमजन से भेंट के लिए हॉल और पायलट के लिए भी कक्ष बनाए गए है। यह हेलीपैड उज्जैन सिंहस्थ 2028 में अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ आम जन और विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर भेंट करने के लिए बनाया गया है। अतिथियों को एक वातानुकूलित परिसर मय बैठक व्यवस्था उपलब्ध होगी हेलीपेड एवं विश्राम गृह का निर्माण हो जाने से मुख्यमंत्री के उज्जैन आगमन पर अतिथि सत्कार के लिए आने वाले विशिष्ट अतिथियों को एक वातानुकूलित परिसर मय बैठक व्यवस्था उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने उज्जैन प्रवास के दौरान नगर निगम को 2.25 करोड़ रुपए की लागत की इलेक्ट्रिक व्हील लोडर मशीन की चाबी प्रदान की।

सीएम डॉ. मोहन ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद और गृहस्थी का सामान

मुख्यमंत्री ने जिले को दी 58 करोड रुपए के सात विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह के तहत 112 नवदंपतियों के हुए विवाह संपन्न

उज्जैन में नगर निगम की ओर से क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला मैदान पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समरसता और अपनत्व की भावना बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि वैवाहिक संस्कार एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि अक्षय मूल्यों और अक्षय संस्कारों की स्थापना हैं। विवाह संस्कार दो परिवार को जोड़ने का प्रसंग होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में नगर निगम की ओर से क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला मैदान पर आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अक्षय तृतीया के पवित्र दिवस पर बाबा महाकाल और मां हर सिद्धि की कृपा से 112 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन की पावन धरा पर धर्म का सबसे अनूठा संगम हो रहा है। एक ओर बेटियों का कन्यादान कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सिंहस्थ

कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

2028 के लिए विकास कार्यों की आधारशिला रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवाह संस्कार जितना सरल, संस्कारित और सामाजिक सहयोग से होगा, उतना ही समाज संतुलित और मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा भी बेटे का विवाह 4 माह पूर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन में किया गया था।

867 करोड़ की सहायता से एक लाख 57 हजार 769 विवाह हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत 13 दिसंबर 2023 से 31 जनवरी 2026 तक प्रदेश में कुल 1 लाख 57 हजार 769 हितग्राहियों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया है। इसके लिए लगभग 867 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। उज्जैन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में कुल 641 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया है, जिसमें 3 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का अनुकरणीय माध्यम: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय माध्यम है। आज अक्षय तृतीया का पावन अवसर है। इस मौके पर किए गए किसी भी शुभ कार्य का फल अक्षय होता है। आज का यह दिन सभी नव-विवाहित जोड़ों के लिए अत्यंत शुभ और मंगलकारी सिद्ध हो। 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ रविवार को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी देवास रोड में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।

वर-वधू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

नवविवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन भेंट किए

मुख्यमंत्री ने मंच पर पहुंचकर सभी नव-दंपतियों को व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद दिया, उनके सिर पर पुष्प वर्षा की तथा उन्हें सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव-विवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन (टू-व्हीलर) भी भेंट किए गए। अतिथियों ने नव-दंपतियों को माला और स्मृति चिन्ह भेंट किए। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के ग्राम सिरसोदिया में सर्वसमाज जिलास्तरीय मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया।

शहपुरा में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह व निकाह हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर जिले की बरगी विधानसभा क्षेत्र के शहपुरा नगर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन में देवी अहिल्या एयरपोर्ट, इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर शहपुरा में कुल 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह-निकाह संपन्न हुआ। इसमें 198 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाजों से तथा 2 जोड़ों का निकाह पूर्ण कराया गया।

थाने में की गई शिकायत का स्टेटस पूछने आया था पीड़ित

एएसआई ने फरियादी को पीटा, केस दर्ज, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रतनपुर थाने में एक फरियादी की पिटाई का मामला सामने आया है। फरियादी अपने केस की जानकारी लेने थाने पहुंचा था। उसके अपने केस के बारे में एएसआई दिनेश तिवारी से पूछताछ की जिससे एएसआई भड़क गए और फरियादी की थाने के अंदर ही जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान एएसआई ने फरियादी को जमकर गाली-गलौज दी। बताया जा रहा है कि दिनेश तिवारी ने फरियादी को 15 से 20 थप्पड़ मारे हैं। इस मारपीट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित ने खुद को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का रिश्तेदार बताया है।

मारपीट का वीडियो थाने से हुआ वायरल

यह पूरी घटना 12 अप्रैल की है। इसका सीसीटीवी फुटेज थाने से ही वायरल किया गया है। घटना का वीडियो अब सामने आया है। जिसके बाद अरक दिनेश तिवारी के खिलाफ थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, रतनपुर के बनियापारा के रहने वाले विनोद जायसवाल 12 अप्रैल को अपने पुराने केस की जानकारी लेने थाने गया था। अपने केस को लेकर विनोद जायसवाल ने अरक दिनेश तिवारी से मुलाकात की और केस की जानकारी मांगी। फरियादी ने कहा कि मेरे केस की जांच रिपोर्ट को जल्द से जल्द कोर्ट में पेश किया जाए। इसी बात पर अरक दिनेश तिवारी नाराज हो गए और मारपीट शुरू कर दी।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

नदी में नहाने गए पांच दोस्तों में से दो की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शिवनाथ नदी में रविवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां नहाने गए पांच दोस्तों में से दो की डूबने से मौत हो गई। घटना छातागढ़ के पास की बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस और एसडीआरएफ को दी गई, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने चार घंटे में दोनों का शव बरामद कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, नहाने के दौरान अचानक दो युवक नदी के गहरे पानी में चले गए। वहां पानी करीब 10 से 12 फीट गहरा था।

परिवार वालों को दी घटना की जानकारी

घटना के बाद बाहर निकले दोस्तों ने इसकी जानकारी घरवालों को दी। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस और एसडीआरएफ टीम को दी गई। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की गई। दोनों के शव को नदी से बाहर निकाला गया।

घटना के बाद मौके पर मची चीख पुकार, अस्पताल में भर्ती

भरभराकर गिरी पड़ोसी की दीवार, पति-पत्नी और बेटा गंभीर रूप से हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

रविवार की देर रात जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर, कपाटमुडा रोड में एक भीषण हादसा हो गया। संतोष वर्मा द्वारा बनवाए जा रहे मकान की तीसरी मंजिल की दीवार अचानक भरभरा कर बगल के अजय धनवार के घर पर गिर पड़ी।

हादसे के समय अजय धनवार, उनकी पत्नी और उनका छोटा बच्चा घर के अंदर सो रहे थे और ईंटों के मलबे में दब गए। रविवार की देर रात अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया तेज बारिश आंधी तूफान के साथ आकाशी बिजली चमकने लगी बीच तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश हो रही थी। इसी दौरान निर्माणाधीन मकान की ऊपरी दीवार कमजोर होकर गिर गई। दीवार सीधे अजय धनवार के घर की छत पर आ गिरी, जिससे छप्पर टूट गया और सैकड़ों ईंटें घर के भीतर गिर पड़ीं। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला।

घर का सामान भी बुरी तरह हुआ क्षतिग्रस्त

हादसे में घर के अंदर रखा दोपहिया स्कूटर, बर्तन, बिस्तर और अन्य सामान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मकान के भीतर अभी भी ईंटों का मलबा पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया था, जिसके कारण तेज हवा और बारिश में दीवार गिर गई। लोगों ने निर्माणकर्ता की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नक्सली पर घोषित था पांच लाख रुपए का इनाम

परतापुर एरिया कमेटी के एसीएम रैंक के नक्सली लीडर दारसु ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के अंतागढ़ में सोमवार की सुबह परतापुर एरिया कमेटी के एसीएम रैंक के नक्सली ने नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्यागते हुए सरकार की मुख्यधारा में जुड़ने का निर्णय लेते हुए बिना हथियार के समर्पण कर दिया है। बता दें कि कांकेर जिले में अभी कुछ दिन पहले पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में पुलिस ने रूपी को मार गिराया था। रूपी के मारे जाने के

बाद से इस इलाके में सक्रिय 11 नक्सलियों ने अपनी जान बचाते हुए अपने घरों की ओर रुख करना शुरू कर दिया था। वहीं इन्ही नक्सलियों में एक परतापुर एरिया कमेटी के एसीएम रैंक के नक्सली लीडर दारसु जिसपर पांच लाख का इनाम था। उसने बिना हथियार के मुख्यालय पहुंच पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। दारसु के सरेंडर करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। वहीं दारसु से अन्य नक्सलियों के बारे में पूछताछ भी शुरू कर दी गई। फिलहाल, इस सरेंडर को लेकर आला अधिकारियों के द्वारा फिर से अपील की गई है। जो भी बचे नक्सली हैं वे नक्सलियों की विचारधारा को छोड़कर शासन की मुख्यधारा में जुड़कर नए जीवन की शुरुआत करें।

पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12.33% ज़्यादा

मप्र में सभी आबकारी दुकानें बिकी, 18676 करोड़ रुपए का मिलेगा राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी नीति के प्रावधानों के चलते प्रदेश में सभी 3553 शराब की सभी दुकानों की बिक्री हो गई हैं। इन दुकानों से 18676.80 करोड़ कुल रेवेन्यू प्राप्त होगा। यह पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12.33% ज़्यादा है। जबकि दूसरे सोर्स से अनुमानित इनकम 1775 करोड़ रुपए होगी।

यह दुकानों से प्राप्त कुल रेवेन्यू का 9.5% है। इन दुकानों की बिक्री से एक्साइज डिपार्टमेंट से अनुमानित रेवेन्यू कलेक्शन 20481.80 करोड़ रुपए होगा। वित्त विभाग की ओर से तय टारगेट 20279 करोड़ रुपए है। वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण एवं संबंधित विषयों पर निर्णय लेने एवं आगामी वर्षों के लिए सुझाव देने कैबिनेट समिति का गठन किया गया है। मदिरा दुकानों, समूहों पर प्राप्त ऑफर पर निर्णय लेने कैबिनेट समिति की बैठक 18 अप्रैल को उप मुख्यमंत्री, वाणिज्यिक कर विभाग की अध्यक्षता में बुलाई गई थी। बैठक में आबकारी विभाग की ओर से प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों, समूहों के कैबिनेट समिति की ओर से निर्णय लिया गया कि 24 वें चरण में आरक्षित मूल्य से अधिकतम 65 प्रतिशत तक कम के ऑफर प्राप्त हुए हैं एवं उक्त दुकानों, समूहों के लिए पूर्व में 10 वें चरण (31 मार्च 2026) एवं 11 वें चरण (एक अप्रैल) तथा 21 वें चरण (15 अप्रैल) में प्राप्त ऑफर भी होल्ड पर रखे गए हैं। दुकान, समूह के लिए 24 वें चरण में प्राप्त ऑफर और पूर्व से होल्ड ऑफर में प्राप्त मूल्य की तुलना आबकारी नीति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किए जाने और उक्त दोनों में से जो भी उच्च ऑफर है, उसे स्वीकार किया जाता है।

वार्षिक मूल्य में छूट की अनुमति कलेक्टरों ने दी

आबकारी विभाग के अनुसार 10वें चरण (31 मार्च) एवं 11वें चरण (एक अप्रैल) तथा 21वें चरण (15 अप्रैल) में प्राप्त कतिपय ऑफर होल्ड पर रखे जाने के बाद बाद में स्वीकृत किए गए हैं। टेंडर ऑफर की टेंडर अवधि एवं टेंडर ऑफर स्वीकृत किए जाने की अवधि में भिन्नता होने की स्थिति में इस अवधि की वार्षिक मूल्य में छूट की अनुमति संबंधी राजपत्र के अनुरूप कलेक्टर को अधिकृत किया गया। मदिरा दुकानों के 10 वें एवं 11 वें तथा 21 वें चरण में प्राप्त उच्चतम ऑफर को आगामी चरण के लिए होल्ड पर रखते हुए, निष्पादन से शेष मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर के माध्यम से ऑफर प्राप्त करने के लिए आगामी चरण में बीओक्यू में न्यूनतम ऑफर का कोई बंधन नहीं रखा जाए।

डॉ. अम्बेडकर की जयंती मनाई

जबलपुर। संयुक्त बौद्ध विहार समिति अधारताल के तत्वावधान में संविधान निर्माता बोधिसत्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवीलता रावत ने विश्वगुरू तथागत गौतम बुद्ध एवं बोधित्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। विशिष्ट अतिथि महेश राजपूत, पार्षद, सुभाषचंद बोस वार्ड रमाताई झाड़ापे, जेपी नन्हेट बौद्ध, यादव राव मेश्राम ने बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के छायात्रि पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवीतला राव ने कहा डॉ. बाबा अम्बेडकर ज्ञान के प्रतीक है। विशिष्ट अतिा रमाताई झेड़ापे ने कहा डॉ. अम्बेडकर भारत के प्रथम कानून मंत्री और अर्थशास्त्री थे। विशिष्ट अतिथि महेश राजपूत ने कहा कि अंबेडकर जी ने अमेरिका से भारत लौटने से पहले इंग्लैण्ड जाकर वहां अपना अर्थशास्त्र का अध्ययन पूरा कर भारत आने की सोची। विशिष्ट अतिा जेपी नन्हेट, यादव राव मेश्राम ने कहा डॉ. अम्बेडकर ने पानी के लिये सत्यग्रह किया। कार्यक्रम में धम्म सेवा समिति शैलेन्द्र मेश्राम, दिलीप गनवीर, सचिन मेश्राम, संदेश कामडे, आशिक पाटिल, मनीष मेश्राम, सुनील मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध, बालचन्द्र घर्डे, नन्दकिशोर पाटिल, प्रकाश नाथ चौर, अर्जुन पाटिल, पंकज मेश्राम, सुनील मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध, बालचन्द्र घर्डे, नन्दकिशोर पाटिल, प्रकाश नाथ चौर, अर्जुन पाटिल, पंकज मेश्राम, प्रमोद सावनकर, ईश्वरी ताई, वीरेन्द्र बौद्ध मौजूद रहे।

दादा ठन ठन पाल निर्वाण दिवस पर सम्मान समारोह आज



जबलपुर। जबलपुर शहर में संकीर्तन की अलख जागने वाले भजनआनंदियों का सम्मान समारोह नरसिंह मंदिर में शास्त्री ब्रिज में आज 21 अप्रैल सुबह 10:00 बजे जगद्गुरु नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में नर्मदा खंड के सिद्ध संत दादा ठन ठन पाल महाराज जी के निर्वाण दिवस पर किया जाएगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल परिक्रमा संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल बंटी पटेल करण पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी छन्नू राम पटेल मनोहर विश्वकर्मा हरिदास पटेल गणेश विश्वकर्मा राम रतन पटेल अशोक विश्वकर्मा ने की है।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला

जबलपुर। रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की जबलपुर शाखा द्वारा गोलबाजार स्थित सत्संग परिसर में रविवार को आयोजित किये गये रक्तदान शिविर में 207 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताते हुये पीड़ति मानवता की सेवा के उद्देश्य से शिविर के आयोजन के लिये संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन की सराहना की। रक्तदान शिविर में रक्त का संग्रह नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय तथा रानी दुर्गावती चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम ने संग्रह किया। संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन का यह 26 वां रक्तदान शिविर था। शिविर में संस्था के सेवादारों ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। फाउंडेशन के जोन प्रभारी नवनीत नागपाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.पुष्पराज पटेल, जिला चिकित्सालय के रक्तकोष की प्रभारी डॉ.अमिता जैन, मेडिकल कॉलेज के रक्त कोष प्रभारी डॉ भगवान सिंह यादव, रानी दुर्गावती चिकित्सालय से डॉ.तुषार गुप्ता, डॉ.शरद जैन एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी से कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग भी रक्तदान शिविर में मौजूद रहे।

सोम डिस्टलरीज को झटका, हाईकोर्ट ने अपील भी की खारिज

लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी हो, तो उससे जुड़ा विवाद खत्म माना जाएगा

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट से शराब निर्माता और विक्रेता कंपनी सोम डिस्टलरीस को झटका लगा है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि जब लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी हो, तो उससे जुड़ा विवाद अपने आप खत्म माना जाएगा। इस मत के साथ कोर्ट ने सोम डिस्टलरीज की अपील का निराकरण कर दिया।

सोम डिस्टलरीज की ओर से दायर अपील में कहा गया कि उसके कर्मचारियों को भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं—420, 467, 468, 470 और 120-बी—में सजा सुनाई गई थी। इसके बाद आबकारी आयुक्त ने फरवरी 2026 में कंपनी के आठ लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। दलील दी गई कि कर्मचारियों को आबकारी अधिनियम के तहत दोषी नहीं ठहराया गया, इसलिए लाइसेंस निलंबन गलत है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित सजा के खिलाफ अपील लंबित है और उस पर रोक भी लग चुकी है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि अब लाइसेंस की वैधता ही समाप्त हो चुकी है, इसलिए इस विवाद पर सुनवाई का कोई व्यावहारिक महत्व नहीं रह गया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि लाइसेंस का नवीनीकरण एक अलग कानूनी प्रक्रिया है, जिसे सक्षम प्राधिकारी स्वतंत्र रूप से निर्धारित करेगा।

महिलाओं को दी गई पोषण व स्वास्थ्य की जानकारी

जबलपुर। ग्राम पंचायत पड़रिया आवास में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर पोषण प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं पौष्टिक व्यंजन बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी समझाया गया कि किस प्रकार संतुलित भोजन से बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर श्रीमती स्नेह लता द्वारा अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाहों को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह रोकने का विशेष संदेश दिया गया। रैली निकालकर गांव-गांव और घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने का कार्य भी किया गया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें अधिक से अधिक पढ़ाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा उनका अधिकार है। इस दौरान भ्रूण हत्या रोकने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी गई। एएनएम आशा चौधरी ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए समय पर टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। वहीं सीएचओ श्वेता पाल ने स्वच्छ पानी, स्वच्छ वातावरण और साफ-सुथरे भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

नेमा समाज भवन परिसर में "देवालय" का होगा भव्य निर्माण

जबलपुर। नेमा युवक संघ, जबलपुर,नेमा समाज पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, मानस मण्डल, (नेमा समाज) जबलपुर द्वारा कचनार सिटी विजयनगर स्थित नेमा समाज भवन परिसर में "देवालय" का भव्य निर्माण किया जावेगा जिसमें प्राण प्रतिष्ठा उपरांत भगवान श्री रामचन्द्र, अनंत बलवंत श्री हनुमान जी की स्थापना की जायेगी। इसके पूर्व अक्षय तृतीया पर्व के शुभ प्रसंग पर आज शास्त्रोक्त पद्धति से पूजन अर्चन के साथ भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चन्द्र नेमा एवं मानस मण्डल (नेमा समाज) के अध्यक्ष डॉ. गोविंद प्रसाद नेमा, पूजन विधान के मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम संयोजक संघाध्यक्ष युवामणि राकेश नेमा द्वारा सर्व स्वाजातीय जनों का आत्मीय स्वागत किया गया।
सर्व देव आव्हान, पूजन विधान की पं. रमेश दुबे ने पूर्णता की। डॉ. राजेन्द्र नेमा, श्रीराम नेमा, महेश प्रसाद, द्वारका प्रसाद, प्रदीप नेमा, प्रवीण नेमा, एड. संजय नेमा, डॉ. संदीप नेमा, कैलाश नेमा द्वारा हनुमान चालीसा तथा अनंत बलवंत श्री हनुमंत लालजी की आरती के साथ महाप्रसाद वितरण से आयोजन का समापन हुआ।

मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

जमतरा घाट पर छापेमारी के दौरान युवक नदी में डूबा

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के गौर चौकी अंतर्गत जमतरा पुल के पास सोमवार को अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान अफरा-तफरी मच गई। इस भगदड़ में आकाश बर्मन नामक युवक की नर्मदा में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया तथा मौके पर जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने छापेमारी में शामिल पुलिस और प्रशासनिक अमले पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को जमतरा नर्मदा घाट पर अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिली थी। सूचना के आधार पर एसडीएम, सीएसपी, माइनिंग विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। प्रशासनिक टीम को देखते ही वहां मौजूद लोगों में भगदड़ की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि कुछ युवक नदी की ओर भागने लगे। इसी दौरान खिरहनी बरगी निवासी आकाश बर्मन नदी की ओर भागते समय फिसलकर गहरे पानी में चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह गहराई में समा गया और बाहर नहीं निकल सका। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से उसका शव बाहर निकाला गया।

परिजनों का आरोप—लापरवाही से गई जान

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उचित सुरक्षा इंतजाम नहीं किए और भगदड़ की स्थिति संभालने में लापरवाही बरती। उनका कहना है कि यदि समय रहते बचाव प्रयास किए जाते तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। आक्रोशित लोगों ने मौके पर मौजूद माइनिंग टीम को घेर लिया और जमकर नारेबाजी की। स्थिति तनावपूर्ण होते देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराने का प्रयास किया।

जांच के बाद होगी स्पष्टता

एएसपी सूर्य कांत शर्मा ने बताया कि सोमवार को एसडीएम, सीएसपी, माइनिंग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान जमतरा नर्मदा घाट में आकाश बर्मन की डूबने से मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी और उसी आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पनागर में हादसा, खेती का सामान जलकर खाक

खेत की नरवाई में लगी भीषण आग

जबलपुर। पनागर तहसील की भरदा रेलवे फाटक के पास खेतों की नरवाई में अचानक आग लग गई। मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती ही गई। आग की चपेट में आने से पाइप, स्प्लिंकर समेत खेती का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड में काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे पनागर भरदा के बीच पड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंग के बगल में खेत की नरवाई में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। मौजूदा जनों ने तत्काल इसकी सूचना नगर पालिका को दी। जानकारी लगते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया। आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि इसे बुझाने में फायरफाइटर को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के बाद किसान ने बताया कि आग की चपेट में आने से सिंचाई में उपयोग होने वाले करीब 12 पाइप, बिजली की केबल और सटक जलकर राख हो गई। हालांकि स्थानीय प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है।

शिक्षा के निजीकरण पर जताई गंभीर चिंता

शहर पहुंचे एसआईओ के राष्ट्रीय सचिव ने की विभिन्न अभियानों की समीक्षा

जबलपुर। स्टूडेंट इस्लामिक आर्गनाईजेशन ऑफ इंडिया (एसआईओ) के राष्ट्रीय सचिव यूसुफ मुल्ला दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने एसआईओ जबलपुर की संगठनात्मक और शैक्षणिक अभियानों की समीक्षा की। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। दौरे के दौरान यूसुफ मुल्ला ने क्षेत्रीय विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा एक मेमोरंडम भी सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा की बढ़ती लागत, निजीकरण, कोचिंग संस्थानों की मनमानी फीस और कमजोर वर्ग के छात्रों को आ रही आर्थिक कठिनाइयों का उल्लेख किया गया। इस दौरान एसआईओ के प्रदेश सचिव शादान जकी और एपीसीआर जबलपुर के मेहदी हसन भी उपस्थित रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए यूसुफ मुल्ला ने कहा कि देश में शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है और इसका सबसे ज्यादा असर मध्यम व निम्न वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सरकारी खर्च बढ़ाया जाना चाहिए और निजी संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता है, ताकि हर छात्र को समान अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कोचिंग संस्कृति के बढ़ते दबाव से छात्रों पर मानसिक तनाव बढ़ रहा है, जिस पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा कोई व्यापार नहीं बल्कि देश के भविष्य निर्माण का माध्यम है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग नंबर-1

आमजनों के प्रति संवेदनशील ऊर्जा महकमा अव्वल

जबलपुर। लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति के आधार पर जारी ग्रेडिंग में ऊर्जा विभाग को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। 01 मार्च से 31 मार्च की जारी ग्रेडिंग (20 अप्रैल 2026 की स्थिति में) में शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर-1 है। दूसरे नम्बर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग है। इस ग्रेडिंग से सिद्ध होता है कि ऊर्जा विभाग की आमजनों के बीच लगातार संवेदनशील छवि बनी हुई है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर ऊर्जा विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिये एल-1 अधिकारी के रूप में कनिष्ठ अभियंता/सहायक अभियंता, एल-2 अधिकारी के रूप में कार्यपालन अभियंता, एल-3 अधिकारी के रूप में अधीक्षण अभियंता एवं एल-4 अधिकारी के रूप में मुख्य अभियंता सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज हैं और उक्त सभी अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतों का संवेदनापूर्वक निराकरण किया जाता है। प्रत्येक स्तर पर शिकायत के निराकरण के लिये सात दिन का समय निर्धारित किया गया है। शिकायतों के निराकरण के बाद सीएम हेल्पलाइन कॉल-सेंटर द्वारा शिकायतकर्ता से दूरभाष पर निराकरण के संबंध में संतोषजनक जवाब प्राप्त करने के बाद ही शिकायतों को बंद किया जाता है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा नागरिकों को दी जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की पुख्ता व्यवस्था के लिये लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया है। इस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को विभाग के संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया जाता है।

मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया आवेदन, राज्यभर में तुरंत लागू करने की अपील

सभी पेट्रोल पंपों पर ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन अनिवार्य करने की उठी मांग

- इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधा विस्तार पर जोर
- नागरिकों को निर्बाध यात्रा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता

जबलपुर। आज मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की ओर से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक महत्वपूर्ण आवेदन भेजा गया। इस आवेदन का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिए फास्ट चार्जिंग स्टेशन अनिवार्य रूप से स्थापित करना है। संगठन ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन चार्जिंग सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि पूरे मध्य प्रदेश में सभी पेट्रोल पंपों पर फास्ट चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, तो नागरिकों को बिना किसी बाधा के यात्रा करने में सहूलियत मिलेगी। आवेदन में यह भी मांग की गई है कि इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों को समान रूप से लाभ मिल सके।

यह आवेदन मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में भेजा गया। इस दौरान संगठन के डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एडवोकेट भावना निगम, एडवोकेट आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अशोक मेथवानी, एड रोशन मंध्यानी, कामरूप इस्लाम ख़ान, डॉ. श्रीकान्त साहू, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. एड के जैन, बिनिटा कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री इस जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेंगे।

हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी आज

जबलपुर। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के द्वारा जारी आदेश के द्वितीय चरण के अनुसार "नारी शक्ति वंदन पाखवाड़ा" के अंतर्गत कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास - नारी शक्ति वंदन आधारित हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन आज 21 अप्रैल को विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रो राजेश कुमार वर्मा, कुलगुरु, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 में निहित प्रावधानों पर व्याख्यान, संवाद कार्यक्रम तथा गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी की गई हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय मिश्रा ने बताया कि छात्र छात्राओं के अंदर हस्तशिल्प के कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारियों के द्वारा निर्मित वस्तुओं को प्रदर्शनी पंडित कुंजीलाल प्रेक्षागृह में छात्र छात्राओं के द्वारा लगाई जा रही है जिसमें अभी तक 40 निःशुल्क स्टाल हेतु पंजीयन कराया जा चुका है।इस कार्यक्रम में विश्विद्यालय के समस्त शिक्षण विभागों के छात्र छात्राओं को सहभागिता की जा रही है। विभाग के डॉ अजय मिश्रा, के संयोजन में विभागीय सदस्यों डॉ मीनल दुबे, सुश्री जोफ़शि मंसब अंसारी, डॉ सोनिका सिंह, श्री गुणीत वैद्य, सुश्री रविता सिंह के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का फूंका पुतला, गिरफ्तार साथियों की रिहाई की मांग

राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर एनएसयूआई ने किया दूरदर्शन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

जबलपुर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमवार को एनएसयूआई जबलपुर जिला इकाई ने जिला उपाध्यक्ष अनुज यादव एवं अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में दूरदर्शन कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में दूरदर्शन कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध में शामिल एनएसयूआई साथियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निंदा की तथा उनकी तत्काल रिहाई की मांग उठाई। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि दूरदर्शन देश की आम जनता के टैक्स से संचालित होने वाला सार्वजनिक प्रसारण मंच है, इसलिए उससे निष्पक्षता, गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादा की अपेक्षा की जाती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह सार्वजनिक संस्थानों की निष्पक्षता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने कहा कि एनएसयूआई छात्र-युवा शक्ति की आवाज है और लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। यदि गिरफ्तार साथियों को शीघ्र रिहा नहीं किया गया और सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग बंद नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन को और व्यापक स्वरूप देगा। प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल एवं कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प की स्थिति भी निर्मित हुई, जिसे बाद में नियंत्रित कर लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, उपाध्यक्ष अनुज यादव, अभिनव मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, एजाज अंसारी, अर्पित सोनकर, सचिन शर्मा, आकाश सेन, दिलशाद अंसारी, मो. समीम, जयसूर्या, विदांत श्रीवास्तव, समीर, कफील, आशीष सहित भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

माहेश्वरी मंडल जबलपुर के चुनाव निर्विरोध संपन्न

जबलपुर। माहेश्वरी मंडल जबलपुर के चुनाव निर्वाचन अधिकारी गोविंद दास करवा रिटायर्ड सेल्सटैक्स ऑफिसर एवं जबलपुर जिला माहेश्वरी सभा के सचिव अभिषेक जेठा चुनाव पर्यवेक्षक की देखरेख, प्रदेश मानद मंत्री श्याम सुन्दर जेठा तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद मालानी के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास के साथ निर्विरोध संपन्न हुये। निर्वाचन अधिकारी गोविन्द दास करवा ने खुले मंच पर पदाधिकारियो एवं निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की।

मदन जेठा अध्यक्ष, उत्तम चांडक सचिव एवं पंकज गाँधी कोषाध्यक्ष निर्वाचित

पदाधिकारियों में अध्यक्ष मदन गोपाल जेठा, उपाध्यक्ष वल्लभदास पलोड, सचिव उत्तम चांडक (एडवोकेट), सहसचिव दीपक मालपानी, कोषाध्यक्ष पंकज गाँधी, सहकोषाध्यक्ष आशीष मालपानी, सांस्कृतिक सचिव मनीष भट्टर, संपत्ति सचिव अनुराग जेठा, जनसंपर्क सचिव शरद काबरा तथा कार्यसमिति सदस्य के.के. सादानी, रूपकिशोर जेठा, सुशील सादानी, शैलेन्द्र जेठा, प्रवीण भूतडा, संतोष सादानी एवं मनीष सारडा के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर पर राजेश कयाल, दीपेश जेठा, हर्ष काबरा, प्रदीप जेठा, मनोहर राठी, रोहित जेठा, श्रीकुमार सादानी, राहुल जेठा, हरिवल्लभ जेठा, राजा गिरधर सादानी, शरद जेठा एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

भगवान श्री परशुराम प्राकट्योत्सव कार्यक्रम आयोजित

गांधीग्राम (बुढागर)। भगवान श्री परशुराम के प्राकट्योत्सव पर्व अक्षय तृतीया के दिन बुढागर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षक हिन्दू सनातनी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और मध्यप्रदेश के सबसे बड़े तालाब के तट पर स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजन पाठ भंडारे का कार्यक्रम बड़े ही गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें क्षेत्रिय वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित हुए इस अवसर स्थानीय विधायक श्री संतोष बरकडेजी, सहित अनेक समाजसेवियों ने भगवान श्री परशुराम के पूजन पश्चात समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों, डॉ विजयकांत तिवारी, प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद मध्यप्रदेश, प्रदेश संरक्षक श्री मती सोनल तिवारी आदि का पुष्पहार एवं श्रीफल, उत्तरी से सम्मानित किया। इस अवसर संजय तिवारी , राघवेन्द्र त्रिपाठी, बसंत तिवारी, हरिशंकर तिवारी, राहुल मिश्रा ,बन्टू मिश्रा , शुभम , शिवम्मिश्रा , प्रद्युम्न त्रिपाठी ,लकी महराज , अनिल मिश्रा , जय चौबे अशोक चौबे, राजेश त्रिपाठी , मनीष त्रिपाठी , मनोहर तिवारी , श्रीकांत पांडे , लकी पांडे , पुष्पराज बघेल , राजमणि बघेल , अंकित तिवारी सिहोरा सहित लगभग 500 की संख्या में आसपास के पनागर, सिहोरा , मझौली विधानसभा के ग्रामीण अंचलों से ब्राह्मण समाज के व्यक्ति मंदिर परिसर के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

झारिया कल्याण संघ की आवश्यक बैठक संपन्न

जबलपुर। झारिया कल्याण संघ (मेहरा समाज) की एक आवश्यक बैठक एनपी झारिया के निवास में संपन्न हुई जिसमें 26 अप्रैल को सामाजिक सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज के विकास, सामयिक मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई, जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया तथा युवा वर्ग को जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में संघ के प्रमुख सदस्य, पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही सेमरा से दीपक झारिया को ग्रामीण अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में डॉ. एन.पी. झारिया, अजय झारिया, अमित मेहरा, संतोष झारिया, रतन झारिया, भीकम झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, संतोष मेहरा, अशोक मेहरा, सोमती दुर्गा मेहरा, देवा झारिया, हरि मेहरा मीडिया प्रभारी, बलराम झारिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पनागर में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर निकली वाहन रैली, उमड़ा जनसैलाब

पनागर। भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर पनागर नगर में ब्राह्मण एकता संगठन के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा एवं विशाल वाहन रैली का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रैली में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। रैली का शुभारंभ प्रातः रेपुरा फैक्ट्री गेट के समीप से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान परशुराम मंदिर, पनागर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। रैली के पश्चात मंदिर परिसर में विधिवत पूजन, अर्चन एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में उपस्थित पनागर के विधायक सुशील तिवारी (इन्दू भैया), राजेश चौबे, ब्राह्मण एकता संगठन के अध्यक्ष डॉ एस के मिश्रा, सचिव अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष रविशंकर अवस्थी, युवा अध्यक्ष धर्मेश गुरु उपाध्याय, सर्वेश मिश्रा, अरविंद तिवारी,आनंद जैन,अंकुर जैन, अनिल तिवारी, रोशन तिवारी, अमरनाथ दुबे, संजय अवस्थी, अजय अवस्थी, अतुल पांडे, अमित परोहा, महेंद्र चौबे, संदीप शर्मा, ऋतुराज तिवारी, अवधेश उपाध्याय, अंजनी मिश्रा, ईंलू तिवारी, रोहित तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, दीपक दुबे, सौरभ मिश्रा,विनायक परौहा,सहित अनेक सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समूचे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला थाना प्रभारी विपिन सिंह,एवं उप निरीक्षक आकाश सिंह राजपूत, रवि वर्मा उनकी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ब्राह्मण एकता संगठन ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

डॉजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

जबलपुर। 18वीं सीनियर राज्य स्तरीय डॉजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन देवास में दिनांक 21 एवं 22 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जबलपुर की टीम 20 अप्रैल 2026 की रात्रि को जबलपुर से देवास के लिए प्रस्थान करेगी। जबलपुर टीम का नेतृत्व कप्तान यशवर्धन स्वामी करेंगे, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी यश पटेल को सौंपी गई है। टीम के अन्य खिलाड़ी इस प्रकार हैं – हर्ष बर्मन, कृष गोटिया, सल्लव शर्मा, अभिषेक जायसवाल, सुमित चौधरी, अर्जुन गोटिया, अनुश झारिया, दीपक जायसवाल एवं आयुष विश्वकर्मा,जैश वर्मा,हर्षवर्धन।

जय-जय परशुराम के उद्घोष से गूंजा बरेला परिक्षेत्र

बरेला। भगवान परशुराम की तेजस्वी छवि,जोश, निष्पक्ष न्याय समाज के लिए प्रेरणा पुंज है हमें हमारी ताकत का एहसास होना चाहिए। उक्त विचार ब्राह्मण कुल गौरव विधायक सुशील तिवारी जी ने वाहन रैली का शुभारंभ करते हुए दिये। सर्व ब्राह्मण समाज बरेला परिक्षैत्र अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, नगर अध्यक्ष योगेश दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सरपंच आशीष शुक्ला, सरपंच आलोक दुबे,भानू नवेरिया, कृष्ण कुमार द्विवेदी, लक्ष्मण तिवारी जी ने समस्त सम्माननीय अतिथियों का स्वागत वंदन किया। सैकड़ों दो पहिया वाहन और कारों का लंबा काफिला नगर भ्रमण करते हुए शारदा देवी मंदिर रिछाई बरेला पहुंचा जहां शुक्ला परिवार द्वारा कोल्ड ड्रिंक, ठंडा शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। परशुराम धाम में महाआरती का शानदार आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण के पश्चात छोले भटूरे का भंडारा कराया गया।। जिसमें तहसीलदार शशांक दुबे,गौरी शंकर पांडे,बसंत तिवारी, निरंजन द्विवेदी, सतेन्द्र गर्ग, अमित शुक्ला, अनिल तिवारी,महेश मानव, ज्ञानू प्यासी, रजनीश पांडे,अजय तिवारी,राम विशाल चौबे, रमेश परौहा, सुशील उपाध्याय नीरज द्विवेदी रमेश शास्त्री, श्रीकांत उपाध्याय माधव शर्मा, मिथलेश तिवारी, धर्मेंद्र दुबे,सी एम्शर्मा,अर्पित दुबे, संजय दुबे,सतीश चौबे, अमित तिवारी, गोविंद दुबे,सुजीत चौबे,मद्धू पाठक ,सुरेश तिवारी, शिवाकांत उपाध्याय, सुनील मिश्रा,अजय गर्ग, राजू पाठक,सचिन उपाध्याय, सुशील गौतम, नवनीत दुबे, विकास दुबे, प्रीतम कटारे, नंदकुमार उपाध्याय, के के शुक्ला,अप्पू पांडेय,रघुवीर पांडे , उमेश दुबे,गबलू तिवारी, गुड्डा पाठक,जित्तू उपाध्याय, राकेश पाण्डेय,हरीश उपाध्याय, सौरभ सुल्लैर, अशोक दुबे, निखिल दुबे, अमित मिश्रा, पिंटू पांडे, बंटू पांडे, अंकित शुक्ला, गोल्डी दुबे, मोहित तिवारी,राजा उपाध्याय,छोटू, मानस दुबे , मोहित गर्ग,लकी, नितिन पांडे, नितिन बडगैया , कृपाशंकर दुबे, संतोष बिलोहां, आयुष तिवारी ,शिवांश,अवस्थी,प्रेमनारायण उपाध्याय, बसंत उपाध्याय, विष्णु तिवारी, अरूणरावत, अजय उपाध्याय ,सोनू सोनकर, अर्पित जैन, विपिन झारिया, दिनेश पटेल, राजकुमार गौंटिया, सहित नगर बरेला, परिक्षैत्र पड़वार, उमरिया, धनपुरी,हिंदुआ,सालीवाडा, महंगवा, पिपरिया से बिप्र बंधुओं ने धर्म लाभ अर्जित किया।

धनुश्री जाटव ने जीता स्ट्रांग वुमेन का खिताब

मिशन हेल्थ क्लब के पावर लिफ्टरों का शानदार प्रदर्शन

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अभी हाल ही में कृषि विशवविद्यालय में राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मिशन हेल्थ क्लब के बादल परिहार ने जूनियर वर्ग में 105 किलो ग्राम वजन में स्वर्ण पदक जीता, धनुश्री जाटव ने सब जूनियर वर्ग में 43 किलोग्राम वजन में स्वर्ण पदक जीतते हुए स्ट्राँग वुमेन का खिताब जीता, कांतिका सन्मोरिया ने जूनियर वर्ग में 76 किलो ग्राम वजन में स्वर्ण पदक जीतकर मिशन हेल्थ क्लब का नाम रोशन किया। ये तीनों खिलाड़ी मिशन हेल्थ क्लब में कोच लॉरेंस मार्टिन के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर आलोक मिश्रा, रॉबर्ट मार्टिन, लॉरेंस मार्टिन, दिनेश राव, दीनू स्वामी, अनूप शर्मा, खूबचंद मलगानी, विजय कलसिया, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, दिनेश गोंड ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाई गुड्डा-गुड़िया की शादी, दिखी परंपरा और उत्साह की झलक

मझौली। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर नगर में बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़िया की शादी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराई गई। इस दौरान बच्चों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूरे उत्साह के साथ विवाह कार्यक्रम आयोजित किया।शादी में बच्चों ने बारात निकाली, गीत-संगीत के साथ नाच-गाना किया और गुड्डा-गुड़िया को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजा कर विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। कार्यक्रम में मोहल्ले के अन्य बच्चे और महिलाएं भी शामिल हुईं, जिससे माहौल उत्सवमय हो गया।बुजुर्गों ने बताया कि अक्षय तृतीया को अत्यंत शुभ दिन माना जाता है, इस दिन बिना मुहूर्त देखे विवाह जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बच्चे गुड्डा-गुड़िया की शादी कर भारतीय संस्कृति और रीति-रिवाजों को सीखते हैं।इस आयोजन से जहां बच्चों को मनोरंजन मिला, वहीं उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी भी प्राप्त हुई। पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

"रुक जा रात ठहर जा रे चंदा"

गुंजन गीत माला में दर्शक मंत्रमुग्ध

जबलपुर। गुंजन गीत माला की 12वीं कड़ी आज दत्त मंदिर प्रेक्षागृह में गायिका संध्या जैन के संयोजन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संगीतकार शंकर-जय किशन के संगीतबद्ध गीत प्रस्तुत किए गए, जिसमें रुक जा रात ठहर जा रे चंदा..., पर्दे में रहने दो..., तुम्हें याद करते-करते..., बोल राधा बोल..., सायोनारा सायोनारा..., मुझे कितना प्यार है तुमसे..., याद किया दिल ने कहां हो तुम... सहित अनेक गीत प्रस्तुत हुए। प्रारंभ में लायन नरेंद्र जैन, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, सुनील श्रीवास्तव, राजेश पाठक प्रवीण, राजीव गुप्ता, दीपक पचौरी, संतोष नेमा, विजय अनुज ने दीप प्रज्जवलित करते हुए सुप्रसिद्ध कलाकार आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की। द्वितीय सोपान में गुंजन सम्मान किशोर ताम्हने को प्रदान किया गया। शिल्पा ताम्हने के संचालन में आयशा मजूमदार, राजा हर्ले, थॉमस डिक्रूज, पुरुषोत्तम शर्मा, महेंद्र सिंह, आनंद साहू, विजय बेन, नम्रता जैन, माया पाण्डे, गंगा बावरिया, प्रीति मिश्रा, रीतेश चंदेल, जितेंद्र बबेले, अशोक आहूजा, भगवानदास आदि ने अपने मधुर गीतों से सभी का मन मोह लिया। आभार संध्या जैन संयोजिका ने व्यक्त किया।

निधन

श्री उमेश त्रिवेदी- नेपियर टाउन निवासी श्री उमेश त्रिवेदी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती संतोष कथूरिया- मदनमहल निवासी श्री देवराज कथूरिया की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष कथूरिया (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री मनोज- विस्थापित बस्ती फेस 1, तिलहरी निवासी श्री मनोज (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अजय अहिरवार- सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद अहिरवार के पुत्र श्री अजय अहिरवार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रामकली तिवारी- शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री तुलसीदास तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली तिवारी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गीता बाई चौधरी- बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री मल्लू प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री द्वारका प्रसाद- चैतन्य सिटी तिलहरी निवासी श्री द्वारका प्रसाद (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जुगल किशोर- प्रेमसागर चौकी के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री जुगल किशोर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजा विश्वकर्मा- साईं कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री राजा विश्वकर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रभा जाट- महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री लाल सिंह जाट की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा जाट (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल- पीपल मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री रमेश कुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती राजेश्वरी पटेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्यापन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति अक्षर से भी
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 35 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का बीते वित्त वर्ष (2025-26) की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,014 करोड़ रुपये रहा है। पुणे मुख्यालय वाले इस बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,493 करोड़ रुपये था। बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 8,693 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 7,711 करोड़ रुपये थी।

बजाज कंज्यूमर केयर का लाभ हुआ दोगुना

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी बजाज कंज्यूमर केयर लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 63.59 करोड़ रुपये रहा। बजाज ग्रुप ऑफ कंपनीज की इकाई बजाज कंज्यूमर केयर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 30.98 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

निफा ग्रुप 20 राज्यों में करेगी कारोबार विस्तार

कोलकाता। कोलकाता की कंपनी निफा ग्रुप ने अपने कृषि उपकरण कारोबार के विस्तार के लिए 'वनहॉर्न' नाम से नया ब्रांड शुरू किया है। कंपनी का लक्ष्य भारत के 20 राज्यों के साथ-साथ अमेरिका और यूरोप सहित 10 देशों में अपना कारोबार बढ़ाना है। कंपनी के चेयरमैन महेश चंद्र शाह ने कहा कि भारत का कृषि क्षेत्र एक ऐसे मोड़ पर है जहां मशीनों का उपयोग और उद्यमिता दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह नया ब्रांड सहयोगियों को मजबूत और लाभकारी व्यवसाय बनाने में मदद करेगा।

रुपया 19 पैसे कमजोर होकर 93.10 प्रति डॉलर

मुंबई। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 19 पैसे टूटकर 93.10 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला।

बीपीटीपी लक्जरी परियोजना पर करेगी 1100 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी बीपीटीपी लिमिटेड अपनी विस्तार योजना के तहत फरीदाबाद में एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए करीब 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-80 में 'स्काईनेस्ट' नाम से नई आवासीय परियोजना शुरू की है। इस परियोजना में 325 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी और इससे करीब 1,800 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। परियोजना के एक अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये रखी गई है।

कोयला ट्रेडिंग के लिए मिलेगा नया डिजिटल प्लेटफॉर्म, सेबी ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोल एक्सचेंज बनाएगी एमसीएक्स, 100 करोड़ रुपए होगा शुरूआती निवेश

अभी तक देश में दो एक्सचेंज थे, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई)। लेकिन, जल्द ही एक और एक्सचेंज खुलने वाला है, जिसे बाजार नियामक सेबी से हरी झंडी भी मिल चुकी है। कॉरपोरेट मंत्रालय ने पहले ही इस एक्सचेंज के लिए अनुमति दे दी थी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि सेबी ने उसकी अनुषंगी इकाई कोयला एक्सचेंज कंपनी में निवेश करने की मंजूरी दे दी है। एमसीएक्स ने बताया कि उसे 17 अप्रैल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) से निवेश की मंजूरी मिली है। जिंस बाजार एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बनाने की योजना बना रहा है। उसका नाम संभवतः एमसीएक्स कोल एक्सचेंज लिमिटेड या एमसीएक्स कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड होगा। एमसीएक्स ने बताया कि वह कोयला एक्सचेंज नियमों के मसौदे के तहत न्यूनतम नेटवर्थ आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई अनुषंगी कंपनी में 100 करोड़ रुपए तक की पूंजी लगाएगा और शुरुआत में 100 फीसदी हिस्सेदारी भी रखेगा। इसमें बाद में रणनीतिक भागीदारों को शामिल करने का विकल्प होगा।

कोयले की खरीद होगी पारदर्शी

एमसीएक्स की यह नई इकाई बाजार-आधारित कीमतों पर कोयले की डिलिवरी के लिए एक पारदर्शी, मानकीकृत डिजिटल मंच प्रदान करेगी और निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भारतीय कोयला नियंत्रक संगठन को आवेदन प्रस्तुत करेगी। यह कदम एमसीएक्स के मौजूदा ऊर्जा डेरिवेटिव कारोबार को और मजबूत करता है, जिसमें कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर अनुबंध और पिछले साल शुरू किया गया बिजली वायदा अनुबंध शामिल है।

आम आदमी को भी होगा फायदा

एमसीएक्स के अनुसार, कोयला एक्सचेंज का उद्देश्य एक विनियमित, प्रौद्योगिकी-आधारित बाजार बनाना है जो ईंधन के लिए कुशल मूल्य निर्धारण को सक्षम बनाएगा। यह भारत के बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस एक्सचेंज के बाद कोयले की आपूर्ति आसान हो जाएगी और आम आदमी को भी इसका फायदा होगा। कोयले की कम कीमत पर सप्लाई और पहुंच होने से बिजली उत्पादन सस्ता होगा और जनता को भी कम कीमत पर बिजली मिल सकेगी। साथ ही उत्पादन बेहतर होने से कटौती भी कम होगी।

आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही की रिपोर्ट में कहा

पश्चिम एशिया संकट से भारत के व्यापार और वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिम: नीति रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विनिमय दर पर दबाव पड़ने से आर्थिक अस्थिरता

नीति आयोग ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ने और विनिमय दर पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापार और वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिम है। आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए 'ट्रेड वॉच' रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता ने भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे व्यापार विविधीकरण और बाजार पहुंच प्रभावित हुई है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, ''यह स्पष्ट होना चाहिए कि एफटीए एकतरफा नहीं होते और न ही होने चाहिए। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस तरह हम इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देख रहे हैं, उसी तरह अन्य लोग भी इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देखते हैं।'' बेरी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी भारत का वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है और तमाम आशंकाओं के बावजूद, 2025 जैसे बेहद अनिश्चित वर्ष में भी सेवा व्यापार विशेष रूप से मजबूत रहा है। उन्होंने कहा, ''व्यापार अर्थशास्त्रियों के लिए, निर्यात की तुलना में आयात कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।''

पूंजी की लागत को कम करने का दिया सुझाव

रिपोर्ट में वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और पूंजी की लागत को कम करने का भी सुझाव दिया गया है। इसके तहत एमएसएमई के लिए बिना गारंटी कर्ज, क्रेडिट गारंटी, ब्याज सब्सिडी और आपूर्ति श्रृंखला वित्त का सुझाव दिया गया है। इसमें कारोबार सुगमता और डेटा प्रणाली में सुधार करने की भी बात कही गयी है।

अलग आंकड़े तैयार किए जाने चाहिए

इसके तहत सीमा शुल्क/डीजीएफटी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पुनर्आयात/निर्यात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और साक्ष्य-आधारित नीति और निगरानी के लिए अलग-अलग रत्न एवं आभूषण आंकड़े तैयार किये जाने चाहिए।

आयात हमें प्रतिस्पर्धी बनने बाध्य करते हैं

बेरी ने कहा, ''आयात ही हमें प्रतिस्पर्धी बनने के लिए बाध्य करते हैं, इसलिए हमें बाजार पहुंच के साथ-साथ आयात का भी स्वागत करना चाहिए।'' नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा पिछले 20 साल में भारत ने औसतन छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इसकी वृहद आर्थिक स्थिरता को दर्शाता है।

जीआई ब्रांड वाले उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को मध्यम मूल्य से उच्च मूल्य के निर्यात की ओर बढ़ना चाहिए। डिजाइन-आधारित विनिर्माण, संकुल अनुसंधान एवं विकास और हल्के, फैशन और पुरुषों के आभूषणों को लक्षित करते हुए भौगोलिक संकेतक (जीआई)-ब्रांड वाले उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए।

कारोबार सुगमता को मजबूत करना होगा

रिपोर्ट के अनुसार, ''भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को कारोबार सुगमता और कच्चे माल की उपलब्धता को मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप मजबूत करना चाहिए, शुल्क वापसी/रिफंड को सुव्यवस्थित करना और कच्चे माल की आपूर्ति में सुधार करना चाहिए ताकि कच्चे माल की लागत कम हो और एमएसएमई का लाभ बढ़े।''

चांदी बढ़कर 2.57 लाख प्रति किलो हो गई

चांदी 4,300 रुपए चढ़ी और सोना 800 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। खुदरा कारोबारियों और स्टॉकिस्ट की तरफ से ताजा खरीदारी आने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी 4,300 रुपये चढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलो हो गई जबकि सोना 800 रुपये की तेजी के साथ 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी 4,300 रुपये उछलकर 2,57,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार को 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, वैश्विक बाजार में रुख नरम रहा। हाजिर चांदी 1.35 प्रतिशत गिरकर 79.71 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 0.52 प्रतिशत गिरकर 4,805.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह की शुरुआत में सोना कमजोर रुख के साथ खुला, जो सप्ताहांत में भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव को दर्शाता है।''

चिंता बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ

जहां ईरान ने इसे दोबारा खोलने के 24 घंटे के भीतर सख्त नियंत्रण लागू कर दिया, वहीं अमेरिका ने प्रतिबंधों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे एक ईरानी मालवाहक पोत को जब्त कर लिया। इस घटनाक्रम से युद्धविराम की स्थिरता और अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। इससे ऊर्जा कीमतों और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता बढ़ी है, डॉलर मजबूत हुआ है और कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा है।

ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल

ईरान-अमेरिका तनाव से फिर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। 'शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज' में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। बाजार की यह प्रतिक्रिया पिछले दो दिनों से इस जलमार्ग को लेकर बनती-बिगड़ती उम्मीदों के बीच आई। ईरान ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अपने तट के पास से वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग पूरी तरह खोल देगा, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। ईरान इस मार्ग पर प्रभावी नियंत्रण रखता है।

अमेरिकी सेना की नाकेबंदी जारी रहेगी

हालांकि, शनिवार को तेहरान ने अपना फैसला वापस ले लिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका-इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध अब आठवें सप्ताह में है। इस युद्ध ने दशकों में सबसे भीषण वैश्विक ऊर्जा संकटों में से एक को जन्म दिया है।

पेट्रोल की कीमतें अगले साल ही राहत दे पाएगी

एशिया और यूरोप के वे देश जो पश्चिम एशिया से अपने तेल के एक बड़े हिस्से का आयात करते हैं, आपूर्ति रुकने और उत्पादन में कटौती से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि पेट्रोल की कीमतें अगले साल ही कुछ राहत दे सकती हैं।

संघर्ष से पहले तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल थी

कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद से लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। संघर्ष से पहले कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो बाद में बढ़कर 119 अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गई।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशकों का सकर्त रुख

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,942.45 के ऊपरी और 78,203.30 के निचले स्तर तक भी गया। वहीं, निफ्टी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,364.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.76 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर विवाद गहराने से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। हालांकि, निवेशक पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम को पूर्ण संघर्ष की शुरुआत के बजाय संभावित वार्ता रणनीति के रूप में देख रहे हैं।'' इसके साथ ही नायर ने कहा कि संघर्ष विराम समाप्त होने की समयसीमा नजदीक होने से बाजार में सतर्कता बनी हुई है।

बुनियादी उद्योगों का उत्पादन मार्च माह में 0.4 प्रतिशत घटा

कोयला, कच्चा तेल, उर्वरक व बिजली का उत्पादन गिरा

नई दिल्ली। कोयला, कच्चा तेल, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में गिरावट से मार्च में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। पांच महीने में पहला मौका है जब इसमें गिरावट आई है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इस साल फरवरी में, आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में, बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही, जबकि 2024-25 में यह 4.5 प्रतिशत थी। इस वर्ष मार्च में रिफाइनरी उत्पादों, इस्पात और सीमेंट के उत्पादन में वृद्धि धीमी होकर क्रमशः 0.1 प्रतिशत, 2.2 प्रतिशत और चार प्रतिशत रही। हालांकि, आलोच्य महीने में प्राकृतिक गैस उत्पादन में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के बारे में इक्रा लि. की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि आठ में से चार क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट के बीच, मार्च में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में पांच महीनों में पहली बार गिरावट आई है। अक्टूबर, 2025 में, इन आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि में 0.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

ऊर्जा की कीमतों में उछाल जारी

इक्रा ने इन रुझानों और ऊर्जा की कीमतों में उछाल तथा सीमित उपलब्धता के प्रभाव को देखते हुए, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर मार्च, 2026 में घटकर लगभग एक से दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि फरवरी, 2026 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

दशकों पुराने सॉफ्टवेयर में किया बग्स का खुलासा

एंथ्रोपिक का 'मैथोस' नया सुपर एआई बना नया खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में एक नए सुपर एआई 'मैथोस' को लेकर बड़ी हलचल मची हुई है। जेडी वेंस, वित्त मंत्री स्कॉट वेसेंट और फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल तक इस पर चर्चा कर रहे हैं। एंथ्रोपिक के इस प्रोजेक्ट ने टेक और फाइनेंस सेक्टर को अलर्ट कर दिया है। प्रोजेक्ट ग्लासविंग के तहत अब बड़े स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। अमेरिका में पहली बार ऐसा देखने को मिला जब वाइस प्रेसिडेंट ने टॉप टेक कंपनी के सीईओ के साथ मीटिंग की और उसी दिन दूसरी अहम बैठक भी हुई। इस बैठक में वित्त मंत्री स्कॉट वेसेंट और फेड के चेयरमैन जेरोम जेरोम पॉवेल भी शामिल बताए गए। इसके अलावा पांच बड़े बैंकों के सीईओ भी इस चर्चा में जुड़े। इन सभी बैठकों का केंद्र मैथोस था। मैथोस एक ऐसा एआई सिस्टम है, जिसने पूरे अमेरिकी बाजार और फाइनेंशियल इकोसिस्टम को चिंता में डाल दिया है।

मैथोस की ताकत ने चौंकाया

एंथ्रोपिक का यह नया एआई 'मैथोस' इतना पावरफुल बताया जा रहा है कि यह दुनिया के सबसे मजबूत सॉफ्टवेयर सिस्टम में भी कमजोरियां खोज सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसने ओपन बीएसडी जैसे मजबूत ऑपरेटिंग सिस्टम में 27 साल पुराना बग ढूंढ निकाला, जो अब तक किसी की नजर में नहीं आया था। इतना ही नहीं, एफएफएमपीइजी जैसे लोकप्रिय सॉफ्टवेयर में भी इसने ऐसी खामी पकड़ी, जो लाखों टेस्ट के बाद भी सामने नहीं आई थी।

फाइनेंशियल सिस्टम के लिए बड़ा खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि मैथोस बैंकिंग, स्टॉक मार्केट और क्रिप्टो मार्केट के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।आज के समय में लगभग 70 फीसदी ट्रेडिंग एल्गोरिदम पर आधारित है। अगर ऐसा एआई इन सिस्टम्स की कमजोरियों को खोजकर उनका गलत इस्तेमाल करे, तो भारी नुकसान हो सकता है। 2010 में एक तकनीकी गड़बड़ी से कुछ ही मिनटों में खरबों डॉलर की वैल्यू घटने का उदाहरण भी सामने आ चुका है।

प्रोजेक्ट ग्लास विंग के तहत बड़ी तैयारी

इन खतरों को देखते हुए एंथ्रोपिक ने 'प्रोजेक्ट ग्लास विंग' की शुरुआत की है। इस पहल के तहत करीब 100 मिलियन डॉलर का फंड लगाया गया है, ताकि अमेरिका के टॉप आईटी संस्थान अपने सिस्टम की कमजोरियों को पहले ही ठीक कर सकें। फिलहाल मैथोस को सार्वजनिक रूप से लांच नहीं किया गया है, लेकिन इसकी क्षमताओं ने पूरी दुनिया में एआई के भविष्य को लेकर गंभीर बहस शुरू कर दी है।

चिंतन

स्पष्ट नीति और नीयत से हो वार्ता

मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव केवल दो देशों के बीच टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस संकट की जड़ में केवल भू-राजनीतिक हित नहीं, बल्कि जिद, शक्ति प्रदर्शन और असंतुलित कूटनीति भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक रणनीति और हर हाल में 'जीत' हासिल करने की मानसिकता ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप को अपनी वह जिद छोड़नी होगी कि जीत गए हैं या जीत जाते। तभी खाड़ी का संकट दूर हो सकेगा। देखा जाए तो ट्रंप की जिद ही संकट बढ़ा रही है। इससे जहां मानवीय मदद मिलने में देरी हो रही है वहीं, जान माल की भी भारी क्षति हो रही है। ट्रंप खुद को अक्सर 'पीस मेकर' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में उनकी भूमिका कई बार इसके विपरीत नजर आती है। कई बार तो ट्रंप अशांति फैलाने वाले अधिक दिखाई देते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी छवि बदलनी होगी। दबाव बनाकर समझौता कराने की नीति कूटनीति नहीं, बल्कि एकतरफा वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश लगती है। यह तरीका उन देशों पर शायद काम कर सकता है जो रणनीतिक रूप से कमजोर हों, लेकिन ईरान जैसे देश के सामने यह रणनीति बार-बार विफल होती दिख रही है। ईरान ने जिस तरह से अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों पर जवाबी कार्रवाई की है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में झुकने वाला नहीं है। इससे साफ है कि ईरान के पास भी कुव्वत है कि वह खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यह केवल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक संदेश है कि वह अपनी संप्रभुता और सम्मान के साथ ही किसी भी समझौते की मेज पर आएगा। अब जरूरी है कि अमेरिका बड़प्पन दिखाए और वार्ता करे। तभी इस समस्या का समाधान हो सकेगा। ट्रंप प्रशासन की यह सोच कि दबाव और प्रतिबंधों के जरिए ईरान को झुकाया जा सकता है, अब तक कारगर साबित नहीं हुई है। इसके उलट, इसने ईरान को और अधिक आक्रामक बना दिया है। यह समझना जरूरी है कि आधुनिक कूटनीति में केवल शक्ति प्रदर्शन से समाधान नहीं निकलते। सम्मान, संवाद और संतुलन ही स्थायी शांति का आधार होते हैं। एक महाशक्ति होने के नाते अमेरिका की जिम्मेदारी केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्थिरता बनाए रखने की भी है। ऐसे में ट्रंप को यह समझना होगा कि 'जीत' और 'समझौता' दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। जहां जीत में एक पक्ष का वर्चस्व होता है, वहीं समझौता बराबरी और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीद, जिस पर अमेरिकी रणनीति आधारित थी, पूरी नहीं हुई। अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने न केवल अपनी स्थिति बनाए रखी, बल्कि यह भी दिखाया कि वह बाहरी दबावों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि अब रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है। बिना शर्त संवाद, पारस्परिक सम्मान और वास्तविक मुद्दों को समझने की इच्छा ये तीनों तत्व किसी भी सफल कूटनीति के आधार होते हैं। अंततः, खाड़ी का यह संकट भी उसी मोड़ पर खड़ा है। यदि समय रहते अमेरिका और ईरान बराबरी और सम्मान के साथ वार्ता की मेज पर नहीं आते, तो इसके परिणाम केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। स्पष्ट नीति, साफ नीयत और संतुलित कूटनीति यही वह रास्ता है, जो इस संकट को टाल सकता है। वरना 'सोचेंगे' जैसे शब्द इतिहास के सबसे कमजोर बहाने बनकर रह जाएंगे।

महंगाई से बढ़ी आम आदमी की चिंताएं

अमेरिका की इन्वेस्टमेंट फर्म सिंपलीफाई एसेट मैनजमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के कारण पांच वर्षों तक कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें युद्ध के पहले के सामान्य स्तर पर लौटना मुश्किल है। ऐसे में इस समय पश्चिमी एशिया में संघर्ष का असर भारत में महंगाई बढ़ने के रूप में भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, माल ढुलाई के महंगा होने और तेल आपूर्ति बाधाओं के कारण दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ रही है। हाल ही में 13 अप्रैल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 3.21 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.11 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। इसी प्रकार 15 अप्रैल को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, यह फरवरी माह में 2.13 प्रतिशत के स्तर पर थी। स्थिति यह है कि थोक मूल्य की यह महंगाई 38 महीने के उच्चतम स्तर पर है। निसंदेह खाड़ी देशों से आयातीत कच्चे माल के महंगे होने और ईंधन, बिजली व गैस की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरण आदि महंगे हुए हैं। खासतौर से आयातीत पेट्रोकेमिकल से जुड़े कच्चा माल के महंगे होने से पेंट सहित विभिन्न उत्पादों की कीमतें अधिक बढ़ी हैं। साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे एफएमसीजी प्रोडक्टस बनाने वाली कई कंपनियाँ पैकेट छोटे करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं, देश में महंगाई बढ़ने की एक नई चिंता यह भी है कि हाल ही में 13 अप्रैल को भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2023 के बाद पहली बार बारिश के दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 92 प्रतिशत रहने की संभावना बताई है। यह पूर्वानुमान 5 फीसदी अधिक या कम की मॉडल त्रुटि के साथ जारी किया गया है। यद्यपि पिछले आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मॉनसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव समान रहा तब खरीफ का उत्पादन कम नहीं हुआ, किन्तु गैर-सिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली दलहन और तिलहन जैसी फसलों के लिए जोखिम हो सकती है। साथ ही दलहन और तिलहन का कम उत्पादन खाद्य मुद्रास्फीति पर असर डाल सकता है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के लिए राहत और सुधारों को तेजी से लागू करने की बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों व वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों में अमेरिका और ईरान के बीच टकराव के लंबा खींचने पर भारत की विकास दर में कमी और महंगाई के बढ़ने के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा



कीमतों व आपूर्ति बाधाओं के कारण भारत में विकास दर धीमी हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। मूडीज रेटिंग्स ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। मूडीज ने चालू वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में महंगाई दर के भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित चार प्रतिशत के लक्ष्य दायरे से ऊपर जाना चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के आम आदमी को युद्ध के संकट के बीच महंगाई से बचाने के मद्देनजर सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। इसके मद्देनजर पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए उत्पाद कर में 10 रुपए प्रतिलीटर की कटौती किए की गई ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सकेगा। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया गया है। देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल की बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जा रही है। रोजाना करीब 50 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग 97 प्रतिशत है। ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए डिलिवरी ऑथेंटिकेशन की व्यवस्था की गई है। दुनिया में तेजी से बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के बीच भी देश में सरकारी तेल कंपनियों के द्वारा सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं। वैश्विक तेल संकट को देखते हुए सरकार ने 11 अप्रैल को निर्यात किए जाने वाले डीजल और हवाई ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क 34 रुपये बढ़ा दिया है, ताकि देश में ईंधन की कमी ना हो और कीमतें काबू में रहें। सरकार ने महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर इसके प्रभाव को कम से कम करने के मद्देनजर आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। निसंदेह सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए की गई विभिन्न आर्थिक और कूटनीतिक पहलों के लाभ मिले हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस युद्ध से निर्मित महंगाई की चुनौती के बीच कुछ अहम बुनियादी बातें भारत के लिए महंगाई नियंत्रण की शक्ति बन गई हैं। इस समय भारत के पास विशाल खाद्यान्न भंडार और जरूरत की दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक आर्थिक अनुकूलताओं के रूप में दिखाई दे रहा हैं। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में मार्च 2026 के अंत तक लगभग गेहूं और चावल का 600 लाख टन से अधिक का उपलब्ध स्टॉक खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत की मजबूती है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इतना ही नहीं महंगाई की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारत के पास 10 अप्रैल तक 700 अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा कोष की शक्ति भी है। रिजर्व बैंक के द्वारा आवश्यक होने पर मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वर्तमान 5.25 प्रतिशत की नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को बढ़ाया जाएगा। उम्मीद करें कि सरकार कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को कड़ाई से लागू करते हुए इसके तहत जरूरत के मुताबिक वस्तुओं के भंडारण की सीमा, नियमित छापेमारी और दोषियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की राह पर भी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी।

(लेखक लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

कूटनीति
महेन्द्र तिवारी

होर्मुज में भारतीय जहाजों पर फायरिंग के मायने?

होर्मुज जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति इसे वैश्विक राजनीति के केंद्र में खड़ा करती है और 18 अप्रैल की घटना ने इस तथ्य को एक बार फिर निर्विवाद रूप से प्रमाणित कर दिया है। उस दिन की सुबह जब भारत के ध्वज वाले दो व्यापारिक पोतों पर ईरानी गनबोट्स द्वारा गोलाबारी की गई, तो यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक विशाल अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट का संकेत था। इस घटना के पीछे के सत्य को समझने के लिए हमें उस समय की जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों और समुद्री व्यापार के महत्त्व को गहराई से देखना होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य एक ऐसा संकरा समुद्री मार्ग है जहां से विश्व की लगभग 20 प्रतिशत तेल और प्राकृतिक ईंधन की आपूर्ति होती है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए 90 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, इस मार्ग की सुरक्षा सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है। 18 अप्रैल को जब भारतीय तेलवाहक पोत लगभग 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब अचानक हुई फायरिंग ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी। यद्यपि इस हमले में किसी भी नाविक की जान नहीं गई और न ही पोत को कोई स्थायी क्षति पहुंची, परंतु इसके रणनीतिक परिणाम अत्यंत गंभीर थे। जहाजों के चालक दल ने जैसे ही आपातकालीन संकेत भेजे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पोतों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें सुरक्षित जलक्षेत्र की ओर वापस लौटना पड़ा। इस घटना का समय अत्यंत संवेदनशील था क्योंकि अप्रैल 2026 में ही अमेरिका ने ईरान के विरुद्ध कड़ा समुद्री प्रतिबंध और नाकाबंदी लागू की थी। इस वैश्विक दबाव के प्रत्युत्तर में ईरान ने घोषणा की थी कि यदि उसके आर्थिक हितों को अवरुद्ध किया गया, तो वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं रहने देगा। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय पोतों को लक्ष्य बनाना एक प्रकार का रणनीतिक संदेश था जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी के समान था। इस घटना की जड़ें मार्च 2026 से चली आ रही अस्थिरता में भी निहित हैं। उस महीने के दौरान भी कई अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर मानवरहित विमानों और प्रक्षेपास्त्रों से हमले हुए थे, जिसमें दुर्भाग्यवश कुछ भारतीय नाविकों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। उन घटनाओं के बाद से ही समुद्री बीमा कंपनियों ने इस क्षेत्र को उच्च जोखिम वाला क्षेत्र घोषित कर दिया था, जिससे माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई थी। 18 अप्रैल की फायरिंग ने इस असुरक्षा को और अधिक गहरा कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर अत्यंत तीव्र और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत को तुरंत तलब किया गया और उन्हें भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया गया। भारत के विदेश सचिव ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में बिना किसी संकोच के यह स्पष्ट किया कि भारतीय नाविकों और व्यापारिक हितों की सुरक्षा पर कोई भी समझौता संभव नहीं है। भारत का यह कड़ा रुख इस बात का प्रमाण था कि अब वह वैश्विक स्तर पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर सक्रिय है। इस संकट के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी तत्परता का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा को और अधिक विस्तारित किया। कुछ गोपनीय विवरणों से यह भी संकेत मिले कि ईरान के भीतर प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के मध्य इस विषय पर मतभेद थे कि इस जलमार्ग का उपयोग किस सीमा तक एक हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। एक पक्ष जहां इसे कूटनीतिक सौदेबाजी का साधन मानता था, वहीं दूसरा पक्ष इसे पूर्णतः अवरुद्ध करने के पक्ष में था। इन आंतरिक विरोधाभासों ने स्थिति को और अधिक अनिश्चित बना दिया था। इस अनिश्चितता का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। अप्रैल 2026 के उन दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जिससे विश्व भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता व्याप्त हो गई। भारत के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती थीः एक ओर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर ईरान के साथ अपने पारंपरिक मित्रवत संबंधों को बचाए रखना। भारत ने अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए संतुलन बनाए रखा। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने भी बाद में नरम रुख अपनाते हुए भारत के साथ संबंधों की महत्ता को स्वीकार किया और वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की। यह संपूर्ण घटनाक्रम इस सत्य को उजागर करता है कि भविष्य में समुद्री मार्ग ही शक्ति प्रदर्शन के मुख्य केंद्र होंगे। अब युद्ध केवल भूमि तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आर्थिक नाकाबंदी और व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण आधुनिक युद्धनीति के प्रमुख अंग बन चुके हैं। 1

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण मोह

संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

क्या भगवान का अस्तित्व है?

संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लंबे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूं। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लंबे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

अंतर्मन

आज की पाती

गलत खानपान से बढ़ता मोटापा

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है। *– पवन कुमार, पानीपत*

ट्रेंड

कृषि समृद्धि की आधारशिला

कृषि हमारी समृद्धि की आधारशिला है और हमारे किसान भाई-बहन देश के अन्नदाता। इनका परिश्रम और समर्पण ही राष्ट्र की प्रगति को सुनिश्चित करता है।
कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।
अन्नदः सर्वदश्चैव तस्माच्छ्रेष्ठतरो हि सः॥
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाएं

अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती तो वह ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए और सबसे पूछे कि इसे कैसे लागू करें? लेकिन मोदी सरकार ने पार्लियामेंट का सेशन बुलाया ताकि दिखा सके कि उसे महिला आरक्षण की परवाह है। सच तो यह है कि मोदी के खाने व दिखाने के अलग-अलग दांत हैं।
-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

बंगाल विकास की राह पर चले

पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने केवल 'खेल' देखा है, लेकिन अब समय आ गया है कि राज्य विकास की राह पर चले। राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार ने आमजन को परेशान किया है। बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए मन बना चुकी है और ममता को बदलकर ही रहेगी।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन

अरे ये पश्चिम बंगाल रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन है। बाबर की जमीन नहीं है। लेकिन ममता दीदी के कारण कोई भी आकर बोल सकता है कि बाबर की मस्जिद बनाऊंगा। असम में ये बोलकर देखो। तुरंत थाने जाना पड़ेगा। **-हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

करंट अफेयर

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए चार उम्मीदवारों में मुकाबला

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब एंतोनियो गुतारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है। चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोतर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की थी और मुकाबला काफी कड़ा था। ऐसे में सवाल है कि उम्मीदवारों की संख्या कम होने का क्या कारण है। इसका एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के अपेक्षाकृत अधिक शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं।

ऑफ बीट

साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं। लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एक ही तरह की भूमिकाओं से बचने के लिए छोड़ दिया अभिनय

मुंबई। अभिनेता और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी चुनिंदा भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर खुलकर बात की है। अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक खबर के अनुसार, 53 साल के अनुराग कश्यप ने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर कहा कि उन्हें बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं मिल रही थीं। इससे बचने के लिए उन्होंने जानबूझकर अभिनय छोड़ दिया था। वे नहीं चाहते थे कि लोग उन्हें एक तय स्क्रीन इमेज में देखने लगें। उन्होंने हाल ही में तेलुगु फिल्म डकैत में काम करके तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

लाइफ Style

जैस्मीन

माता-पिता से कई बार मिला दर्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैस्मीन सैंडलस ने धुरंधर फिल्म में कई गानें दिए हैं, जैसे- धुरंधर का टाइटल ट्रैक, शरारत, मैं और तू। इनमें से सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी धुरंधर 2 के गाने जाइए सजना ने बटोरी। इस गानें पर उनका लाइव परफॉर्मेंस भी काफी वायरल हुआ।

अब हाल ही में उन्होंने स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जैस्मीन ने कहा, 'मैंने काफी स्ट्रगल किया है। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपनी जिंदगी के कई ऐसे दौर देखे, जहां मुझे चीजों को खुद समझना पड़ा। वो सफर आसान नहीं था। जिंदगी में बहुत कुछ होता है। यह माता-पिता के लिए भी मुश्किल होता है, लेकिन, बच्चों के लिए भी। हमें सही मार्गदर्शन और प्यार की जरूरत होती है माता-पिता बच्चों के साथ इतने सख्त क्यों होते हैं?' उन्होंने आगे कहा, 'जब जिंदगी सच में मुश्किल होती है, तब आपको सहारे की जरूरत महसूस होती है। उन 2-3 वर्षों में जब मैं शराब पीती थी, मुझे अपने कुछ फैसलों का अफसोस है। बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही थीं। एक तरफ मैं मशहूर हो रही थी, दूसरी तरफ अंदर से बहुत कुछ महसूस कर रही थी, परिवार में समस्याएं थीं, मेरे पिता नहीं रहे थे, और मैं सफल भी थी। मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी, जिसका मुझे अफसोस है, लेकिन उस समय मेरे लिए वो जरूरी लग रहा था।'उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन में अपने माता-पिता से कई बार दिल टूटने का दर्द मिला। उन्होंने अनजाने में कई बार मेरा दिल दुखाया, इसलिए कहीं न कहीं मन में थोड़ी नाराजगी भी है।

हॉलीवुड मसाला

कई टीवी फिल्मों में भी किया काम

लॉस एंजिल्स। एक्टर और प्रोड्यूसर पैट्रिक मुल्डून का 19 अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 57 साल के थे। वह शो 'डेज ऑफ अवर लाइव्स' और फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। कैलिफोर्निया के सैन पेड्रो में जन्मे मुल्डून ने यूएससी से ग्रेजुएशन किया। 1990 के दशक के आखिर और 2000 के दशक में कई टीवी फिल्मों में भी काम किया। बड़े पर्दे पर, मुल्डून ने 1997 की फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अभिनय किया।

50 साल से ज्यादा के कॅरियर में जीते चार सीजर अवॉर्ड

लॉस एंजिल्स। डाउनटन एबे' और 'कैच मी इफ यू कैन' जैसी फिल्मों की मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री नथाली बे का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अभिनेत्री को श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। नाथाली का जन्म 6 जुलाई 1948 को फ्रांस के नॉर्मंडी में हुआ था। उन्होंने पेरिस के नेशनल कंजर्वेटरी से अभिनय की ट्रेनिंग ली थी। 1970 के दशक में उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। उन्होंने अपने 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में चार सीजर अवॉर्ड जीते थे। नथाली के शुरुआती दिनों में फ्रांस्वा ट्रुफो की 'डे फॉर नाइट' और जीन-ल्यूक गोडार्ड की फिल्म शामिल हैं। उन्होंने मार्टिन गेरे की वापसी और वीनस ब्यूटी इंस्टीट्यूट जैसी लोकप्रिय फ्रेंच फिल्मों में भी काम किया है। इसके अलावा हॉलीवुड में उन्होंने कैच मी यू केन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की मां का रोल निभाया।

ब्रेकअप के बाद काफी टूट गई थीं ...

मुंबई। कल्कि कोचलिन देव डी, डायन, ये जवानी है दीवानी, भय जैसी फिल्मों और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि एक दर्दनाक ब्रेकअप के बाद उन्हें कई महीनों तक नींद नहीं आती थी। इस मुश्किल समय ने उन्हें यह समझाया कि दिल और दिमाग का असर शरीर पर कितना गहरा पड़ता है। अपने इस अनुभव को याद करते हुए कल्पी ने ऑल अबाउट हर पॉडकास्ट में कहा, 'मुझे ब्रेकअप के बाद कई महीनों तक इंसोम्निया (नींद न आना) रहा, और तब मुझे एहसास हुआ कि ये सब कितना ज्यादा मानसिक होता है।'उन्होंने आगे बताया, 'मैं सो ही नहीं पाती थी। रात के 2 या 3 बजे मेरी आंख खुल जाती थी और फिर मैं गिटार बजाने लगती थी या खुद को किसी काम में व्यस्त कर लेती थी, क्योंकि दोबारा सो पाना नामुमकिन लगता था।'

राजा शिवाजी का ट्रेलर लांच, जुटी पूरी टीम

मुंबई। रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत राजा शिवाजी इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट एक साथ नजर आई। अब इस इवेंट के कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो में जहां अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन रितेश की तारीफ करते हुए फिल्म में अपने शामिल होने की कहानी बताते हैं। जबकि कई अन्य वीडियोज में बाकी कलाकार एक-दूसरे मिलते और बात करते दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिषेक बच्चन से जब पूछा गया कि जब रितेश उनके पास फिल्म की कहानी लेकर गए, तो उन्होंने कितनी देर में हां कर दी? इस पर अभिषेक ने पहले मजाकिया लहजे में कहा कि मैं टाइम तो नोट नहीं कर रहा था।

टीवी मसाला



तन्वी बनीं बिग बॉस मराठी सीजन 6 की विजेता, राकेश रहे पहले रनर-अप

मुंबई। बिग बॉस मराठी 6 फिनाले की विजेता की ट्रॉफी तन्वी कोल्टे ने जीत ली है। जीतने पर तन्वी कोल्टे को लाखों रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही उन्हें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और हीरे के आभूषणों के लिए लाखों रुपए का वाउचर भी दिया गया है। लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी का छठा सीजन रविवार को समाप्त हो गया है। इस सीजन में तन्वी कोल्टे ने ट्रॉफी जीत ली है। राकेश बापट पहले रनर-अप रहे। अभिनेता रितेश देशमुख द्वारा होस्ट किए गए इस रियलिटी शो से विशाल कोटियन, अनुश्री माने और दीपाली सैयद बाहर हो चुके थे। तन्वी ने बाकी सभी खिलाड़ियों को हराकर यह ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही उन्होंने 5 लाख रुपए का सूटकेस भी ठुकरा दिया था। 'बिग बॉस मराठी 6' की ट्रॉफी जीतने पर तन्वी को 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसी के साथ तन्वी को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी मिला है। इसके साथ तन्वी को हीरे के आभूषणों के लिए 10 लाख रुपए का वाउचर भी दिया गया है। 'बिग बॉस मराठी 6' का ग्रैंड फिनाले बहुत धमाकेदार रहा। कई पूर्व प्रतियोगियों ने डांस परफॉर्मेंस दी। खासतौर पर राखी सावंत भी डांस करती दिखीं। होस्ट रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन और जेनेलिया डिसूजा भी मौजूद थे। इस दौरान रितेश ने अपनी आने वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' का प्रमोशन भी किया।

ओटीटी पर रिलीज होने की तैयारी में धुरंधर 2

मुंबई। धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म ने रिलीज के बाद कई रिकॉर्ड तोड़े और अभी भी मूवी सिनेमाघरों में लगी हुई है।

फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। 'भूत बंगला' के रिलीज के बाद भी इसकी बुकिंग जारी है। इसलिए अभी इसे ओटीटी पर रिलीज होने में थोड़ा समय लग सकता है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक 'धुरंधर 2' मई के आखिर या जून के शुरुआत में ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। इसका पहला पार्ट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था, लेकिन 'धुरंधर द रिवेंज' डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार के पास हैं। जियो हॉटस्टार 150 करोड़ की डील साइन कर इसके राइट्स लिए हैं। इसका मतलब यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह दो-भागों वाली स्पाई थ्रिलर फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही है। मूवी में रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और राकेश बेदी अहम किरदार में नजर आए हैं।

पति-पत्नी और वो दो का टीजर जारी मुश्किल में फंसे आयुष्मान

मुंबई। काफी इंतजार के बाद आखिरकार मेकर्स ने आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर रिलीज किया है। यह फिल्म पहले 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, किसी वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी। टीजर रिलीज करने के साथ इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' के एक मिनट 22 सेकंड के टीजर में कई दौर दिखाए गए हैं। इसमें दिखाया गया है कि हर दौर के हिसाब से कई चीजें बदली हैं लेकिन पतियों की फितरत नहीं बदली है। इसके बाद आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं। टीजर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना कई महिलाओं के साथ रोमांस करने को लेकर मुश्किल में फंसते हैं। वह महिलाओं से बचते हुए नजर आते हैं। ट्रेलर में विजय राज भी दिखें हैं, जिन्होंने पुलिस वाले का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी थी कि यह कब रिलीज होगी। पोस्ट में

फिल्म का पोस्टर था, जिसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे थे। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था 'शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो दो' के लिए तैयार।

इस वीक दर्शकों को मिलेगा एक्शन कॉमेडी और थ्रिल का ट्रिपल डोज

नई दिल्ली। अप्रैल का पहला वीक काफी खास रहा। ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। दूसरा वीक भी कम दिलचस्प नहीं है। दर्शकों को एक्शन, कॉमेडी और थ्रिल का रोमांच मिलेगा। यह महीना मनोरंजन के शौकीनों के लिए काफी अच्छा बीत रहा है। सिनेमाघरों में डकैत और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने दस्तक दी है। वहीं, ओटीटी पर भी टोस्टर और मटका किंग सहित कई फिल्में और सीरीज बीते सप्ताह रिलीज हुईं। इस महीने का दूसरा वीक भी काफी शानदार है।

प्रतिछाया : यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस वीक से दर्शक इसे देख सकेंगे। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

24 : अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन इस वीक रिलीज होने जा रहा है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आने वाले हैं। इसे दर्शक 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्टूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ रहा है।

स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85 : यह सीरीज भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

एपेक्स : यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीक रिलीज होगी। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

कपिल शर्मा शो के कारण एक्टिंग कॅरियर हुआ ठप, अर्चना को अफसोस!

कई फिल्मों को किया मना, अब मेकर्स को नहीं दिला रहीं यकीन

नई दिल्ली। अर्चना पूरन सिंह ने साल 1982 में महज 20 साल की उम्र में फिल्म 'निकाह' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। वह उन चुनिंदा एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे और टीवी, दोनों पर साथ-साथ काम किया और दोनों ही मोर्चों पर शोहरत बटोरी। साल 1987 में वह नसीरुद्दीन शाह के साथ फिल्म जलवा में लीड रोल में नजर आईं। अब तक 100 से अधिक फिल्मों और टीवी शोज में काम कर चुकीं 63 साल की अर्चना को मौजूदा वक्त में 'द कपिल शर्मा शो' में जज के रूप में पहचाना जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस कॉमेडी शो ने उन्हें नए दौर में खूब पॉपुलैरिटी दी। लेकिन, एक्ट्रेस का मानना है कि कहीं ना कहीं इस कारण उनका एक्टिंग कॅरियर 'ठप' पड़ गया। ताजा इंटरव्यू में उनका यह दर्द छलका है, जो कहीं ना कहीं 'पछतावा' बनकर भी उभरा है। नब्बे के दशक में बाज और जज मुजरिम जैसी फिल्मों में आइटम नंबर, फिर 'इंसान, कुछ कुछ होता है, दे दना दन और बोल बच्चन जैसी फिल्मों में अपने कॉमेडी अवतार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली अर्चना पूरन सिंह ने 2019 में, नवजोत सिंह सिद्धू की जगह 'द कपिल शर्मा शो' में जज के तौर पर एंट्री की थी। इसके बाद से ही वह इस शो का हिस्सा हैं। यह शो पहले टीवी पर आता था और अब ओटीटी पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नाम से प्रसारित होता है।

दूसरे प्रोजेक्ट्स में काम करना था मुश्किल

इन दिनों नेटफ्लिक्स फिल्म 'टोस्टर' में नजर आ रहीं अर्चना पूरन सिंह एक बातचीत में कहती हैं, 'इन बीते सालों में मैं फिल्मों में काम नहीं कर पाई। एक बार मुझे एक कॉल आया। उन्हें एक शूट के लिए 25 दिनों के लिए मुझे स्कॉटलैंड ले जाना था। लेकिन, मेरे लिए कपिल के शो की शूटिंग छोड़कर कहीं और फिल्म की शूटिंग करना मुमकिन नहीं था। पहले, जब यह शो टीवी पर आता था, तो हम साल में 100 एपिसोड शूट करते थे। यही वजह है कि मेरे पास कुछ और करने का समय ही नहीं होता था।' कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं कि लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।

लोगों ने अप्रोच करना छोड़ दिया

अर्चना ने आगे कहा, 'कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। अब क्योंकि मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं, इसलिए लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।' हालांकि, एक्ट्रेस यह भी कहती हैं कि अब जब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है, तो उन्हें उम्मीद है कि उनके कॅरियर को एक नई जिंदगी मिलेगी। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं फिल्ममेकर्स को यकीन नहीं दिला पा रही हूं। उन्हें अब भी लगता है कि मैं कोई ऐसी इंसान हूं जो बस कुर्सी पर बैठकर हंसती रहती है।

'आदर्श बाल विद्यालय' सीरीज में दिखेंगी

वैसे, 'टोस्टर' से पहले अर्चना पूरन सिंह बीते साल 2025 में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की 'नादानियां' में नजर आई थीं। आगे वह केके मेनन के साथ वेब सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' में भी दिखेंगी।

राजकुमार के साथ दूसरी बार काम

अर्चना पूरन सिंह फिल्म 'टोस्टर' में एक कॉमिक रोल में नजर आ रही हैं। राजकुमार राव के साथ यह उनका दूसरा कोलैबोरेशन है। इससे पहले दोनों 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में साथ काम कर चुके हैं। वह कहती हैं, 'राजकुमार ने मेरा काम 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा था। यह पहली बार था जब हम दोनों एक-दूसरे के साथ काम कर रहे थे। इसी तरह 'टोस्टर'की शुरुआत हुई। अगर मैंने उस फिल्म में उनके साथ काम नहीं करती, तो शायद 'टोस्टर'का हिस्सा नहीं बन पाती।'

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली बाइक रैली व शोभायात्रा

भगवान परशुराम हमें अन्याय के तीव्र प्रतिकार का संदेश देते हैं : डॉ. अभिलाष पाण्डेय

जबलपुर। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव बाइक रैली का आयोजन मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के द्वारा किया गया, जिसका स्वागत उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के द्वारा उत्तर मध्य विधानसभा में जगह-जगह किया गया।भगवान परशुराम जन्मोत्सव बाइक रैली के अवसर पर अपना विशेष आशीर्वाद देने के लिए बगलामुखी मठ के मुख्य पुजारी चैतन्यानंद महाराज ने आकर भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म के मार्ग पर चलने और अधर्म का प्रतिकार करने के लिए सभी को बताया।उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने इस दौरान कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जीवन हमें कई जीवन-मूल्य सिखाता है जिसमें

शक्ति और संयम का संतुलन, शक्ति तभी सार्थक है जब वह धर्म और न्याय के पक्ष में हो। परशुराम जी के पास असीम शक्ति थी, लेकिन उन्होंने उसका उपयोग केवल अधर्म के विनाश के लिए किया। उन्होंने सिखाया कि व्यक्ति को अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए, चाहे मार्ग कितना भी कठिन क्यों न हो।अहंकार का त्याग- उन्होंने कार्तवीर्य अर्जुन जैसे अहंकारी राजाओं का अंत करके यह संदेश दिया कि शक्ति आने पर व्यक्ति को विनम्र रहना चाहिए, अन्यथा विनाश निश्चित है।प्रकृति और तप का महत्व- एक महान योद्धा होने के बावजूद, उनका जीवन सादगी और तपस्या से भरा था। वे सिखाते हैं कि शांति की खोज अंततः आध्यात्मिक साधना और प्रकृति के सानिध्य में ही मिलती है।डॉ. पाण्डेय ने बताया कि भगवान परशुराम केवल क्रोध के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे अन्याय के प्रति विद्रोह और धर्म की रक्षा के शाश्वत प्रतीक हैं। उनकी पूजा शक्ति और ज्ञान दोनों की प्राप्ति के लिए की जाती है।इस दौरान गोपाल तिवारी, अमर पटेल, दीपांशु पाठक, अंकित पाठक, नितिन मिश्रा, उज्जवल पचौरी आदि ने रैली का स्वागत पुष्पवर्षा करके किया।

विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की निकली शौर्य शोभायात्रा

जबलपुर। भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र का जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था। वे भगवान शिव के परम भक्त थे, जिन्होंने शिव से प्राप्त 'परशु' (फरसा) धारण कर अधर्मियों का संहार किया। वे आठ चिरंजीवियों में से एक हैं। परशुराम सेना ने शौर्य शोभायात्रा श्री गुप्तेश्वर मानस मंदिर शक्ति नगर से निकाली। शोभायात्रा भोलेबाबा हनुमान मंदिर, शारदा मंदिर मदन महल, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, खेरमाई मंदिर कृपाल चौक का भ्रमण कर श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में संपन्न हुई। परशुराम सेना के प्रदेश संयोजक मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि शोभायात्रा श्रद्धा भक्ति भाव, हर्षोल्लास के साथ दो पहिए वाहनों से निकाली गई। शोभायात्रा में रामावतार द्विवेदी, मुकेश चतुर्वेदी, संतोष दुबे, अशोक कुमार शर्मा, विजय तिवारी शिबू, हनुमान मिश्रा, नारायण भिंडे, राजकुमार गौतम, ध्रुव कुमार दुबे, डॉ. राजेश तिवारी, प्रमोद द्विवेदी, विजय शंकर मिश्रा, आशीष तिवारी, आशीष बुधौलिया, प्रमेन्द्र गौतम, सुशील चौबे, रामेश्वर चौबे, लखन मिश्रा, रविन्द्र अवस्थी, अजय ताम्रकार, शंभू सिंह, अशोक सोनी, राम प्रसाद गुप्ता, अरविंद कपूर, नारायण सोनी, विजय चौधरी, ओपी दुबे, संजय पोल, अनील कुमार सिंह, संजू डेलन, संजीव सिंह लाली, अतिन्द्र शुक्ला, अभिनव शिवहरे, रौनक राजपूत, तनु श्रीवास्तव, राहुल यादव, मिथुन शिवहरे, अभिषेक शर्मा मोनू, गुड्डू उपाध्याय, मुन्ना सेन, अनिल ठाकरे, प्रमोद गढ़पाले, गुड्डा राजपाली, आदर्श श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, दिनेश झारिया, गोरेलाल साहू आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्र धर्म संस्कृति व ब्रह्म शक्ति का प्रतीक है विप्रजन

ब्राह्मण का अर्थ है सेवा

जबलपुर। समाज का सर्वश्रेष्ठ सेवक वसुदेव कुटुंबकम को सार्थक बनाना चारों वर्ण समानांतर हैं। उपनयन संस्कार मुंडन संस्कार कनछेदन संस्कार 38 ब्राह्मण यज्ञोपवीत संपन्न हुआ ,बन्ना गीत गाए पारिवारिक संगीत ढोल-नगाड़े के साथ उत्सव मनाया। जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज जी ने कहा उपनयन संस्कार माता-पिता का ऋण राष्ट्र का अनुपालन एवं संस्कृति से जोड़ता है।

सन 2011 से निशुल्क जनेऊ संस्कार प्रारंभ- नरसिंहपुर कटनी दमोह शहडोल उमरिया उपनयन संस्कार में शामिल हुए। भगवान परशुराम का अभिषेक धूमधाम से पुष्प वर्षा 51 ब्राह्मणों द्वारा स्वातिवचन, गौरी गणेश का पूजन बरुआ भोज मां विछणदेहु, शब्द गुंजयमान। पंडित राजकुमार दुबे द्वारा गुरु मंत्र बटुको, आशीर्वाद , गायत्री मंत्र हनुमान चालीसा तीन टाइम संध्या वंदन अमावस पुण जनेऊ अवधारणा शिक्षा प्रदान की गई। अक्षय तृतीया श्रेष्ठ मुहूर्त मां नर्मदा का तट परशुराम धाम अनूठा संगम है सभी परिवार रिश्तेदार जय जय परशुराम के उद्घोष से गुंजयमान सभी सदस्यों ने बटुक ब्राह्मणों को तिलक चंदन वंदन कर द्रव्य दक्षिण प्रदान की। आरती पूजन के साथ समस्त देवी देवताओं का मंत्र उच्चारण के साथ विराम दिया कार्यक्रम में उपस्थित जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज डॉ अरुण मिश्रा धनंजय बाजपेई रावेंद्र तिवारी सीताराम कुरचानिया निशांत शर्मा पुष्पा तिवारी सुधा मिश्रा डॉ,स्वागतिकापति इं,रविंद्र तिवारी, यदुवंश मिश्रा भगवती भारद्वाज सुधाकर मिश्रा आनंद मोहन शर्मा आर एस पांडे उमाशंकर दुबे, दुर्गा मिश्रा प्रशांत तिवारी सतीश मिश्रा ताराचंद राय आदि उपस्थित थे आभार प्रदर्शन धनंजय बाजपेई रावेंद्रतिवारी द्वारा किया गया।

दिव्यांशा सोनकर का सुयश

जबलपुर। कस्तूरचंद हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी जोन्सगंज की छात्रा दिव्यांशा सोनकर ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 90.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया। दिव्यांशा सोनकर, पिता दीपक सोनकर एवं माता सुनीता सोनकर की पुत्री हैं, इन्होंने अपनी मेहनत से अपने विद्यालय, माता-पिता तथा शिक्षकों का नाम रोशन किया। परिवार एवं विद्यालय में दिव्यांशा की इस सफलता पर खुशी जताई और उज्जवल भविष्य की कामना की।

पार्किंसन रोग समझने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

जबलपुर। आदित्य अस्पताल, जबलपुर में वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. तरुण नागपाल के मार्गदर्शन में पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्किंसन रोग से ग्रसित मरीजों के लिए "पार्किंसन डिज़ीज़ मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी" की मध्य भारत में जबलपुर इकाई का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्किंसन रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मरीजों एवं उनके देखभालकर्ताओं को उपयोगी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. नवनीत सक्सेना, डीन नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत लाभकारी बताया तथा मरीजों और उनके देखभालकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. तरुण नागपाल ने पार्किंसन रोग के लक्षणों एवं संकेतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और रोगियों के दैनिक जीवन को सरल बनाने हेतु व्यावहारिक सुझाव साझा किए। डॉ. अपूर्वा, डॉ. अदित, एवं योगाचार्य श्री पांडेय द्वारा पार्किंसन रोगियों के लिए फिजियोथेरेपी, पुनर्वास तथा उपयोगी व्यायामों के महत्व पर प्रभावशाली जानकारी दी गई, जो रोगियों की जीवनशैली में सुधार के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई।

अस्पताल स्टाफ द्वारा प्रस्तुत पोस्टर प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और उनकी रचनात्मकता एवं समर्पण की सराहना की गई। साथ ही जनजागरूकता के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राजेश पटेल, अस्पताल निदेशक डॉ ओ पी. सिसोदिया, डॉ विश्वास शर्मा, डॉ आशीष टंडन, डॉ शब्बीर हुसैन, डॉ. अजय फौजदार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की सफलता में अस्पताल की सीईओ श्रीमती संपदा कुलकर्णी, एडमिन श्री सुमित दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यक्रम न केवल पार्किंसन रोग से ग्रसित मरीजों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए भी लाभकारी सिद्ध हुआ और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

विश्वकर्मा समाज की महिलाओं ने किया सुहागन पूजन

जबलपुर। श्री विश्वकर्मा महिला महासंगठन, जबलपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा त्रिपुरी सुंदरी मंदिर, तेवर में भव्य 151 विश्वकर्मा महिलाओं का सुहागन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विश्वकर्मा समाज की एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। 151 महिलाएँ एकत्रित होकर माँ औसान देवी के चरणों में पूजन हेतु उपस्थित हुईं। सभी के सहयोग, बड़ों के आशीर्वाद एवं छोटों के स्नेह से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। विश्वकर्मा महिला महासंगठन की ओर से प्रत्येक सदस्य एवं सभी महिलाओं का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। आशा है कि भविष्य में भी हम सभी इसी प्रकार मिलकर और भी भव्य एवं सफल आयोजन करते रहेंगे।

ईश्वर सेवा समिति ने 251 श्रद्धालुओं को करवाए मथुरा वृंदावन दर्शन

जबलपुर। 251 श्रद्धालुओं को वृंदावन धाम के पावन दर्शन कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दिव्य यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जन्मभूमि, बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर वृंदावन, निधिवन सहित अन्य प्रमुख स्थलों के दर्शन किए। साथ ही प्रेमानंद महाराज एवं अनिरुद्धाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य एवं दर्शन का भी लाभ मिला।इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं ने बरसाना में राधा रानी मंदिर तथा कीर्ति मंदिर के दर्शन किए। गोवर्धन में 12 किलोमीटर की पवित्र परिक्रमा सभी श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा, प्रेम एवं उत्साह के साथ पूर्ण की।यह संपूर्ण आध्यात्मिक कार्यक्रम ईश्वर सेवा समिति के संयोजक सुंदर अग्रवाल, धीरज सराफ़, रवि पिल्ले, पुष्प्रज पिल्ले, डॉ. ऋषि बवारिया, छोटू सतनामी, राजेश पिल्ले, लक्ष्मी चौधरी, प्रभा स्वामी, बिंदु गुप्ता और 251 श्रद्धालु शामिल हुए और सफल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। समस्त श्रद्धालुओं ने इस दिव्य यात्रा को भक्ति, आनंद एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण अनुभव किया और प्रसाद स्वरूप सभी को भगवान राधाकृष्ण की मूर्तियां और महाप्रसाद सभी को दिया गया।

10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 444 अंक प्राप्त किए

जबलपुर। मेधावी छात्र ऋषभ राजपूत ने मध्यप्रदेश बोर्ड (2025-26) द्वारा आयोजित 10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 444 अंक प्रतिशत में (88.8:) अंक प्राप्त कर सभी 6 विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में डिस्टिंकशन प्राप्त किया। इस अवसर पर ऋषभ राजपूत ने बताया कि वह निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल काँचघर का नियमित छात्र है, स्कूल में पढ़ाई करने के अलावा वह घर पर नियमित 8 से 10 घंटे की पढ़ाई करता था, मोबाईल का उपयोग सिर्फ पढ़ाई करने के लिए करते थे, अपनी सफलता का श्रेय ऋषभ राजपूत ने अपनी माता मनीषा राजपूत पिता भूपेन्द्र कुमार राजपूत व निर्मला चर्च स्कूल काँचघर के सभी सम्मानीय शिक्षकों को दिया एवं आगे भी ऐसे ही उच्च अंक प्राप्त कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात की व अपने माता पिता समाज एवं देश का नाम रौशन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन जबलपुर के वरिष्ठ समाज सेवी विजय कांडा, कमला चौहान, अजय पाण्डेय, सरला राजपूत, ठा. दीपक सिंह राजपूत, अनुराधा राजपूत, नीतू ठाकुर, आरती जायसवाल, रूपलाल यादव, राजेन्द्र चौधरी, अनुज सिंह ठाकुर, संजय कुमार ठाकुर, पिंकी ठाकुर, धीरज सिंह ठाकुर, मनीषा राजपूत, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, शशांक यादव, मयंक राजपूत, राजेश पटेल, प्रवीण सिंह बैस, चिंटू नरेश राजपूत, मिनाक्षी राजपूत, मोना चौहान, आशीष यादव सहित महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच, अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र परिषद्, क्षत्रिय राजपूत समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने ऋषभ राजपूत को 10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 444 अंक प्रतिशत में (88.8:) अंक प्राप्त कर सभी 6 विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में डिस्टिंकशन एवं उनके प्रथम स्थान प्राप्त करने पर और उनके सफल उज्जवल जीवन की कामना की।

श्रीमद् भागवत कथा में गूंजे 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारे

जबलपुर। श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में तिकोना गार्डन, एसबीआई कॉलोनी में चल रही सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिवस की कथा में कथा व्यास पंडित अतुल शास्त्री जी अपने मुखारबिंद से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव और उनकी बाल लीलाओं , और कृष्ण की मनोहर लीलाओं का वर्णन किया जिससे पूरा पांडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठता है।

भागवत कथा को सुनने से जीव के जन्मांतरों के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीव का उद्धार होता है। आज के मुख्य यजमानों में के.एन सिंह,गायत्री सिंह, कृष्णा गुप्ता, माया सिंह, राखी चौकसे, लक्ष्मी सिंह, रीति अग्रवाल, पूजा साहू, रेखा तिवारी, रवि सिंह, संजय कुमार तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.अरुण मिश्रा, शेलेष तिवारी, सोनू तिवारी,अरविंद सेन, बाबी देवगन, ब्रजेश साहू, सचिन गुप्ता, वर्षा साहू ने पूजन अर्चन आरती करा कर कथा प्रारंभ की इस मौके पर क्षेत्र के श्रोताओं ने भी व्यास पीठ से आशीवाद लिया एवं क्षेत्र के सभी जनमानस की उपस्थिति सराहनीय रही। तत्पश्चात आज की कथा का समापन कर आरती सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्र के अनेकों गणमान्यों एवं श्रद्धालुओं, मातृशक्तियों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति की अध्यक्ष ललिता दीदी ने सभी का यजमानों का का सम्मान किया एवं रंजीत सिंह ने आभार प्रकट कर प्रतिदिन सायं 5 बजे कथा में अधिक से अधिक जनों की उपस्थिति की अपील की।

संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर द्वारा सोमवार को महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम तीन सूत्रीय मांगों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन विशेष रूप से वंचित, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के अधिकारों, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उस यूजीसी कानून का मुद्दा उठाया गया, जिसे वंचित वर्ग के छात्रों के हितों की रक्षा के लिए बनाया गया था, परंतु वर्तमान में वह सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से स्थगित (रोक) कर दिया गया है। मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण कानून को अध्यादेश लाकर तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि विश्वविद्यालयों में हो रहे अन्याय एवं भेदभाव पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। मोर्चा ने यह भी स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के साथ लगातार अन्याय, भेदभाव एवं असमान व्यवहार की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिनको रोकने के लिए यह कानून अत्यंत आवश्यक है।

ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें विशेष रूप से शामिल की गईं-1. यूजीसी बिल पर सुप्रीम कोर्ट की रोक को समाप्त कर केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इसे तत्काल लागू करे।2. महिला आरक्षण बिल में ओबीसी, एसटी एवं एससी महिलाओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित की जाए।3. जनगणना प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़ा जाए।संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केंद्र सरकार से इन सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है, ताकि देश के वंचित वर्गों को न्याय, समानता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मोर्चा ने यह भी अपील की कि समाज के सभी वर्ग, विशेषकर एससी, एसटी एवं ओबीसी समुदाय, अपने अधिकारों की रक्षा हेतु एकजुट होकर आगे आएं। ज्ञापन सौंपते समय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयोजक रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, धर्मेंद्र कुशवहा, मनोज बाघमारे, रामराज पटेल, देवकरण पटेल, देवी बोधी, अजय झरिया, परमानंद साहू, अमित पांडे, अरविंद कुशवाहा, अतुल लोधी, इंद्रकमार कुलस्ते, एडवोकेट प्रशांत चौरसिया, एडवोकेट नरेश चक्रवर्ती, प्रमोद सेन, अशोक यादव, जितेंद्र यादव, प्रहलाद बौद्ध, रज्यजन यादव, विष्णु मलिक, मेहंदी हसन, मायादवी कुशवाहा, वृंदावन वर्मा, राकेश श्रीवास, मुरारी लाल चक्रवर्ती, सोमवारू कोल, अमरजीत सिंह, सग्गू राजकुमार पासी, अमरनाथ राव, संतोष मराठा, माया हुरमाडे, भीमराव साखरे, सुरेश बद्ध गया धर्वे, नंदकिशोर टेमूरणे, आर पात्रे, मूलचंद मौरे, सुरेश जाभुलकर, डॉ. सरला साहू, मंजू जैन, उमा उईके, घनश्याम चक्रवर्ती, अनंत कुशवाहा, उदयभान कुशवाहा, राजेंद्र पिल्ले, राज सोनकर, गोविंद भोमरे, नरेश कुलस्ते, बालकृष्ण उईके, सुंदर बाबा, विनोद कोल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी के तापमान को देखते हुए स्कूल का समय सुबह की पाली में किया जाए, मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया ने बताया कि एक तरफ भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है ऐसे में तापमान की अधिकता को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक किया जाना चाहिए, जिससे शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर ना पड़े। अभी जो शालाएं प्रातः 10:30 से 4:30 बजे तक लग रही हैं वहाँ अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है और वे बीमार पड़ रहे हैं अतः अप्रैल माह में गर्मी की तीव्रता को देखते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन किया जाए जिससे छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को बीमार होने से बचाया जा सके। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने कलेक्टर से मांग की है कि स्कूल के समय में परिवर्तन कर सुबह 8:00 बजे से 12:00 बजे तक रखा जाए जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर न पड़ सके। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, रऊफ खान, गुडविन चार्ल्स, गोपीशाह, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, राकेश गुप्ता, मनमोहन चौधरी, उमेश सिंह ठाकुर, रामेश्वर प्रसाद दुबे, सुनील झारिया, सुरेंद्र चौधरी, दीपेश जैन, संतोष चौरसिया आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि गर्मी के तापमान को देखते हुए शाला समय में परिवर्तन किया जाए।

CHANGE OF NAME & DOB
I, ARMY NO JC-386661A RANK-SUB NAME-JAYVEER SINGH PAL S/O MAHENDRA SINGH PAL of unit SIGNAL RECORDS, JABALPUR (MP),I have changed name and date of birth of my MOTHER from SOMVATE PAL & date of birth 01/07/1947 (Name and DOB as per my Army service records) to SOM VATI & 01/07/1940 (name & DOB as per my MOTHER, AADHAR CARD) vide affidavit dated 19/04/2026 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME-SOM VATI
INCORRECT NAME-SOMVATE PAL
CORRECT DOB-01/07/1940
INCORRECT DOB-01/07/1947

अबूझ मुहूर्त (अक्षय तृतीया) पर बाजारों में बूम

ऑटोमोबाइल, सराफा बाजार, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य सामग्रियों की हुई जबरदस्त खरीदारी, हुआ करोड़ों का कारोबार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

अक्षय तृतीया पर मुहूर्त खरीदी को लेकर राजधानी भोपाल सहित पूरे मध्य प्रदेश में आटोमोबाइल, सराफा और कपड़ा बाजार, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर,फुटवेयर , किराना,बर्तन बाजार सहित अन्य वैवाहिकी सामग्री की जबरदस्त धूम रही। बाजार में आम दिनों की अपेक्षा 15 से 20 फीसदी अधिक खरीदारी का जोर दिखा।

इस अबूझ मुहूर्त पर शादियों की खरीदारी और नए वाहनों की बुकिंग से बाजार गुलजार हैं। सोने-चांदी की ऊंची कीमतों के बावजूद ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह दिखा । सराफा व्यापारियों के अनुसार सोना -चांदी अपने ऊंचे भाव से काफी डिस्काउंट दाम पर होने से स्थानीय सराफा बाजार में मनपसंद आभूषणों की खरीदी के प्रति 15 फीसदी ग्राहकी रही। तो वहीं लोग सोने के गहनों के साथ-साथ चांदी के सिक्के और बर्तन की भी खरीदारी कर रहे हैं। कुल मिलाकर बाजारों में वैवाहिकी खरीदारी की बूम है जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले हुए है।

खरीदारी

भोपाल में सोने-चांदी में हुआ 30 करोड़ रुपए का मुहूर्त कारोबार

सराफा महासंघ भोपाल के संगठन महामंत्री और प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने बताया कि राजधानी में मौजूदा समय वैवाहिकी सीजन का होने के साथ दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर होने से लोगों का रुझान सोना-चांदी की खरीदारी ओर जबरदस्त रहा है। लोगों महंगाई के बावजूद मनपसंद आभूषण की खरीदारी कर रहे हैं। ग्राहक भारी गहनों के बजाय हल्के वजन वाले आभूषण और डायमंड-जड़े गहनों को पसंद कर रहे हैं। श्री अग्रवाल के अनुसार राजधानी भोपाल में 500 से अधिक छोटे-बड़े ज्वेलर्स है अतः अनुपात और अनुमान के मुताबिक सराफा बाजार में अक्षय तृतीया पर 30 करोड़ रुपए से अधिक मुहूर्त कारोबार सोने-चांदी में हुआ।

800 से अधिक फोर व्हीलर्स और 1500 से अधिक टू व्हीलर्स की हुई बिक्री

आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन 501 ने बताया कि दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर हमारी शोरूम से मारूति की कुल 140 गाड़ियों की बिक्री हुई। इसकी प्रकार राजधानी भोपाल में मारूति के करीब 6 शोरूम्स हैं जहां कुल 360 से अधिक गाड़ियों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि आटोमोबाइल सेक्टर में मारूति गाड़ियों का मार्केट शेयर 42 फीसदी है। इस अनुपात से राजधानी भोपाल में दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर सभी कंपनियों की 800 गाड़ियों के मूहुर्त सौदे हुए। वहीं भोपाल आटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडेय ने बताया कि राजधानी भोपाल में सभी कंपनियों के 1500 से अधिक दो पहिया वाहनों की बिक्री हुई, जिसमें दुपहिया ईवी वाहन भी शामिल है। ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार मौजूदा समय वैवाहिकी मूहुर्तों का चल रहा है ऐसे में शोरूम्स में पर ग्राहकी भारी भीड़ और बुकिंग और गाड़ियों की बिक्री क्रम जारी है।

इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 20 करोड़ रुपए का व्यवसाय

गर्ग ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम गर्ग के अनुसार अक्षय तृतीया के साथ वैवाहिक मुहूर्त सीजन का होने से लोगों ने टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्टानिक्स वस्तुओं की अच्छी खरीदारी की है। संपूर्ण भोपाल में दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर करीब 20 करोड़ रुपए का मुहूर्त व्यवसाय हुआ। गर्ग के अनुसार एमपी नगर, करोंद, अरेरा कॉलोनी, न्यू मार्केट अशोका गार्डन, मालवीय नगर, आनंद नगर, बरखेड़ा, पिपलानी, इंद्रपुरी, कोलार, बैरागढ़ सहित अन्य बाजारों में 7 दिनों से जबरदस्त खरीदारी का माहौल बना हुआ है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार मैरिज गार्डन, शादी होली, होटल, लाइट, डेकोरेशन, डीजे, टेंट, केंटरिंग, मिठाई , अन्य वैवाहिकी सामग्री में 50 करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार अक्षय तृतीया 7 दिन पहले से आटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स , फर्नीचर, सराफा बाजार सहित अन्य बाजारों में ग्राहकों की पड़ताल शुरू हुई और दूसरे दिन सोमवार अच्छा बिजनेस हुआ।

महंगाई के दबाव के बावजूद किराना जैसे सेक्टरों में कारोबार

महंगाई के दबाव के बावजूद किराना, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और फुटवियर जैसे सेक्टरों में कारोबार सामान्य गति से चलता दिखा । हालांकि इस बार उपभोक्ताओं का खरीदारी का तरीका पहले से बदला हुआ है। लोग अब बड़े खर्च से बचते हुए सीमित बजट में विवाह का आयोजन कर रहे हैं। विवाह समारोह छोटे और व्यवस्थित हो गए हैं, जहां अनावश्यक खर्चों को कम किया जा रहा है भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के पूर्व महामंत्री अनुपम अग्रवाल और बाजार जानकार रमाकांत तिवारी के अनुसार इस सीजन में मांग तो बनी हुई है, लेकिन ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी कर रहे हैं। किराना सामग्री की कीमतों में लगभग 15 से 20 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसका असर शादी के बजट पर पड़ा है। वैश्विक परिस्थितियों, खासकर पश्चिम एशिया के तनाव का असर तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ा है। इसी कारण उपभोक्ता अब सोच-समझकर खर्च को प्राथमिकता दे रहे हैं। कपड़ा व्यवसायी श्यामबाबू अग्रवाल और नीलेश अग्रवाल के अनुसार कपड़ा बाजार में इस बार रेडीमेड और डिजाइनर कपड़ों की मांग अधिक है।

अक्षय तृतीया पर 1.57 लाख का सोना और 2.58 लाख की चांदी भी नहीं रोक पाई ग्राहकों का जोश

अक्षय तृतीया पर इस बार आस्था और अर्थव्यवस्था का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। सोना-चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बावजूद बाजार में जबरदस्त रौनक है और देशभर में करीब 20 हजार करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। यह पिछले साल के मुकाबले बड़ी छलांग है और यह साफ संकेत देता है कि महंगाई के बावजूद लोगों का भरोसा इस परंपरा पर कायम है। इस साल सोने की कीमत जहां करीब 1.57 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई है, वहीं चांदी 2.58 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच चुकी है। पिछले साल के मुकाबले यह बढ़ोतरी चौंकाने वाली है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में मांग कमजोर नहीं पड़ी है। फर्क सिर्फ इतना आया है कि अब ग्राहक पहले की तरह खुलकर नहीं, बल्कि सोच-समझकर निवेश कर रहे है। सराफा व्यापारियों के अनुसार ज्वैलर्स अब ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए हल्के और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले आभूषणों पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। इसके साथ ही चांदी और हीरे के उत्पादों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मेकिंग चार्ज में छूट और छोटे गोल्ड क्वाइन जैसे ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं।

अक्षय तृतीया पर गौतम अदाणी ने तारंगा जैन मंदिर में की पूजा-अर्चना

नई दिल्ली। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी और उनकी पत्नी डॉ. प्रीति अदाणी ने रविवार, 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर गुजरात के तारंगा पहाड़ियों में स्थित श्री अजितनाथ भगवान श्वेतांबर जैन देरासर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। गौतम अदाणी और डॉ. प्रीति अदाणी लगभग सुबह 7:45 बजे मेहसाणा जिले के खेरालू तालुका स्थित दाभोड़ा हेलीपैड पहुंचे। यहां जैन समुदाय के सदस्यों ने उनका स्वागत किया, जिसके बाद वे तारंगा पहाड़ियों में स्थित तीर्थस्थल के लिए रवाना हुए। अक्षय तृतीया के अवसर पर श्रद्धालु सुबह से ही बड़ी संख्या में एकत्र होने लगे थे, क्योंकि यह दिन धार्मिक परंपराओं में अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है।यह मंदिर जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर भगवान श्री अजितनाथ को समर्पित है। इसका निर्माण 12वीं शताब्दी में हुआ था और इसे सोलंकी शासक राजा कुमारपाल से भी जुड़ा माना जाता है। यह स्थल जैन समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित तीर्थस्थल है।

गौतम अदाणी ने मंदिर के गर्भगृह में जाकर पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर में कुछ समय बिताया। उन्होंने मंदिर परिसर में कैंटीन का दौरा किया, जहां तीर्थयात्री दर्शन के दौरान एकत्र होते हैं।दर्शन के दौरान गौतम अदाणी ने मंदिर ट्रस्टी सचिन अशोकभाई शाह से मुलाकात की। इस बैठक में तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार के पर चर्चा हुई। बातचीत का केंद्र बिंदु मंदिर तक पहुंच, आधारभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना रहा, साथ ही मंदिर की वास्तुकला, विरासत और आध्यात्मिक गरिमा को संरक्षित रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।यह यात्रा हाल के दिनों में हुए धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला का हिस्सा है।अदाणी ग्रुप तारंगा पहाड़ियों में पेड़ लगाने के प्रयासों में मदद कर रहा है। यह पहल इस पवित्र स्थल इकोसिस्टम को फिर से स्थापित करने और प्राकृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है।अक्षय तृतीया को हिंदू और जैन पंचांग में सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है। यह दिन समृद्धि, नए आरंभ और दान-पुण्य से जुड़ा है। जैन परंपरा में यह दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि मान्यता है कि इसी दिन ऋषभनाथ ने लंबे उपवास के बाद अपना पहला आहार ग्रहण किया था, जिससे साधुओं को आहार दान की परंपरा की शुरुआत मानी जाती है।इससे पहले, इसी महीने की शुरुआत में हनुमान जयंती के अवसर पर गौतम अदाणी और उनके परिवार ने अयोध्या के राम मंदिर में भी पूजा-अर्चना की थी, जो भारत के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है।

10वीं में ऑल इंडिया टॉपर बनी आचार्यकुलम असम की अस्मिता बसनेट 12वीं की टॉपर रहीं पतंजलि गुरूकुलम टिहरी की मल्लिका दास

जबलपुर। हरिद्वार। भारतीय शिक्षा बोर्ड (**BSB**) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कक्षा 10 एवं 12 बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष देशभर में भारतीय शिक्षा बोर्ड संबद्ध विद्यालयों के के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। परिणामों में विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। बोर्ड की ओर से बताया गया है कि विद्यार्थी अपना परिणाम डिजिलॉकर पर जाकर कुछ जरूरी जानकारी देकर जान सकते हैं।कक्षा 10 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान अस्मिता बसनेट (485/500, 97.00 प्रति.), आचार्यकुलम, कुमारिकाता, असम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रियंम चक्रवर्ती (463/500, 92.60 प्रति.), आचार्यकुलम, चिरांग, असम तथा तृतीय स्थान एंजेल (462/500, 92.40 प्रति.), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड को प्राप्त हुआ। विषयवार परिणाम में गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान में अश्मिता बसनेट (97, 97, 96), आचार्यकुलम, कुमारीकट्टा , असम से रहीं, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में ज्विशामत बसुमतारी (99), आचार्यकुलम, चिरांग, असम, सूचना प्रौद्योगिकी में रमाशीष (92), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड; हिंदी में एंजेल (94), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड से अव्वल रहीं। संस्कृत में प्रगति सिन्हा, रुचि कुमारी एवं वैष्णवी पंचोली (100/100), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड से रहीं। सामाजिक विज्ञान में अश्मिता बसनेट एवं सेविका देवी (97), आचार्यकुलम, कुमारीकट्टा , असम से शीर्ष स्थान पर रहीं। पेंटिंग में माधवी त्यागी (99), विकास ग्लोबल स्कूल, सिमरौली, हापुड़, उत्तर प्रदेश; तथा पंजाबी में सपना (84), शिशु निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगंगानगर, राजस्थान से रहीं। असमिया में बर्निल कश्यप, सुबदीप देबनाथ एवं प्रिया बैश्य (93), आचार्यकुलम, चिरांग, असम तथा बोडो में सुजुमा ब्रह्मा (79),

एंजेल

मल्लिका दास

आचार्यकुलम, चिरांग, असम से रहीं।कक्षा 12 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान मल्लिका दास (481/500, 96.20 प्रति.), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रिया (474/500, 94.80 प्रति.), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड तथा तृतीय स्थान अंशिका चौहान (473/500, 94.60 प्रति.), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड को प्राप्त हुआ।विषयवार परिणाम कंप्यूटर साइंस में मल्लिका दास (93), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड, अंग्रेजी में काशिश यादव (95), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड, इतिहास में दीक्षिता मौर्य (96), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड, हिंदी में अनुष्का सिंह (99), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पेनिश एवं संस्कृत में ज्योति देवासी (90, 99), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड से रहीं। पेंटिंग में आस्था सिंह पटेल (100/100), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड से रहीं। अर्थशास्त्र में वेद भानु प्रधान (90), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड तथा संगीत में अमन देवी एवं स्यामिन पौडेल (99), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड तथा योग में अंशिका चौहान एवं श्रद्धा जायसवाल (99), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड से रहीं।भारतीय शिक्षा बोर्ड ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बोर्ड ने विश्वास व्यक्त किया है कि विद्यार्थी भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे। बता दें कि भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से 5 से 29 मार्च तक देश भर में आयोजित की गई थी। परीक्षा के बाद से बोर्ड ने तुरंत मूल्यांकन कार्य की शुरुआत कर दी। जिससे त्वरित गति से परिणाम 10 वीं और 12 वीं का आज सामने आया है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
बरसों की कमजोरी बामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

ऊषा ने किया एयर कूलर पोर्टफोलियो का विस्तार

नई दिल्ली। ऊषा इंटरनेशनल ने नए एयर कूलर लॉन्च कर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इस नई रेंज में एयर किंग 100लीटर,एयर किंग 120लीटर (3-साइड हनीकॉम्ब), और एयर किंग प्लस 120/150 लीटर जैसे तीन वेरिएंट शामिल हैं, जिन्हें बड़े इनडोर और अर्ध-आउटडोर क्षेत्रों में शक्तिशाली कूलिंग, बेहतर एयरफ्लो और विश्वसनीय प्रदर्शन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

राशिफल

मेष परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक का समावेशन

बैंक ऑफ बड़ौदा और रिलायंस जियो में साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

बैंक ऑफ बड़ौदा एवं रिलायंस जियो ने आज 'बॉब वर्ल्ड लाइट' मोबाइल बैंकिंग एप के शुभारंभ हेतु साझेदारी की घोषणा की। यह जियोफोन प्राइमा 4जी डिवाइस पर फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया पहला व्यापक मोबाइल बैंकिंग एप है। भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समावेशन को प्रोत्साहित करने और फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल भुगतान को सुलभ बनाने के विज़न के अनुरूप, यह उद्योग में नवोन्मेषी पहल है, जो देशभर में लाखों उपयोगकर्ताओं को बाधारहित एवं व्यापक डिजिटल बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह एप बैंक ऑफ बड़ौदा के मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ किसी भी अन्य बैंक के ग्राहकों के लिए भी सरल और सुविधाजनक स्व-पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध होगी।

पारंपरिक मोबाइल बैंकिंग ऐप जो केवल स्मार्टफोन पर कार्य करते हैं, की तुलना में 'बॉब वर्ल्ड लाइट' एप को किफायती फीचर फोन पर दैनिक बैंकिंग सेवाओं की व्यापक श्रेणी प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है जिसके तहत इसका विस्तार अर्ध-शहरी और ग्रामीण भारत तक हो सके। इसमें लाइटवेट एवं कीपैड नेविगेशन के साथ कम बैंडविड्थ आधारित संरचना तथा सुरक्षित एक्सेस की सुविधा उपलब्ध है जो डिजिटल बैंकिंग को सरल, सहज और सुलभ बनाती है। 'बॉब वर्ल्ड लाइट'मोबाइल बैंकिंग एप वर्तमान में यूपीआई आधारित स्कैन एंड पे, निधि अंतरण, बिल भुगतान एवं रिचार्ज तथा प्रोफ़ाइल प्रबंधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराती है, इसमें और भी सुविधाएं शीघ्र ही शामिल की जाएंगी। इस साझेदारी के अंतर्गत यह ऐप जियोफोन प्राइमा 4जी डिवाइस में प्री-लोडेड रहेगा और सीधे होम स्क्रीन से एक्सेस किया जा सकेगा।

मोबाइल बैंकिंग एप

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ - 123031 (हरियाणा)

विज्ञापन स.: 01/NT/C/2026 **रोजगार सूचना** दिनांक: 16.04.2026

संविदा आधार पर विभिन्न गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों (जिनमें भारत के प्रवासी नागरिक भी शामिल हैं) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र और अन्य विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **15.05.2026** है।

कुलसचिव

शब्द पहेली - 6202



बाएँसेदाए±
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

ऊपर से नीचे
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

शब्द पहेली -6201 का हल

म	न	मो	ह	न	■	र	था	ना	हो	ना
न	■	म	क	र	■	त	ल	ना	■	का
मो	ह	■	■	गि	■	ज	■	■	क	म
ह	म	■	आ	स	ल	गा	ना	■	मा	या
क	ल	र	व	■	क्ष्य	■	म	त	ल	व
■	■	■	भ	ला	■	जो	र	■	■	■
ज	ग	म	ग	■	मौ	■	ख	चा	ख	च
मी	ल	■	त	म	त	मा	ना	■	र	म
न	त	■	■	हा	■	ल	■	■	ल	क
दा	■	म	चा	न	■	खा	रि	श	■	दा
र	म	णी	य	ता	■	ना	ट	क	का	र

सूडोकु नवताल - 6212

कठिनतम

		8			4			
1								9
3				2			5	
			1				8	
		5				4		
	7				9			
	6			3				2
9								1
			8			7		

MANGAL SENCHA BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6211 का हल

3	6	8	5	9	1	4	7	9
7	9	1	4	6	3	5	8	2
2	4	5	7	2	8	6	3	1
9	1	3	2	5	4	8	6	7
4	6	2	8	1	7	9	5	3
5	8	7	6	3	9	1	2	4
3	2	4	1	8	5	7	9	6
8	7	6	9	4	2	3	1	5
1	5	9	3	7	6	2	4	8

हरिभूमि
सहेली
जबलपुर, मंगलवार
21 अप्रैल 2026



विशेष : विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

किताबें पढ़कर एक अलग ही आनंद मिलता है, सिर्फ आनंद ही नहीं मिलता एक अलग तरह की दृष्टि भी मिलती है। हम बहुत कुछ गहराई से देखने-समझने लगते हैं। किताबें अंतर्ज्ञानि बढ़ाकर हमें जागरूक बनाती हैं। सशक्त बनने के लिए हर स्त्री का किताबें पढ़ना जरूरी है।

किताबें केवल आनंद ही नहीं एक अलग नजरिया भी देती हैं

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

किताबें केवल पढ़ने का ही सुख नहीं देतीं, देखने की दृष्टि भी बदल देती हैं। बदली हुई दृष्टि ही बदलते समय को गहराई से देख सकती है। एक ही काम, एक ही दिनचर्या, एक ही जीवन, किताबों के बिना भी चलता है, लेकिन किताबों के साथ वही जीवन समझ में आने लगता है, उसके भीतर छिपे अर्थ धीरे-धीरे समझ में आने लगते हैं। कहने का आशय यह है कि साहित्य मनुष्य को उसके भीतर के सत्य से परिचित कराता है।

पढ़ने से मिलती है नई दृष्टि

एक स्त्री, जो दिन भर घर के कामों में लगी रहती है जैसे रसोई, सफाई, बच्चों की देखभाल। वह इन सबको अपने कर्तव्य की तरह निभाती है। उसका दिन एक निश्चित ढर्रे में बीतता है, जिसमें उसके लिए ठहरने की जगह बहुत कम होती है। लेकिन उसे पढ़ने का अवसर मिले, तो संभव है कि वह इन्हीं कामों को एक अलग नजर से देखे। वह यह समझे कि उसका श्रम अदृश्य क्यों है, उसका समय उसका अपना क्यों नहीं है, और उसका मौन कब, कैसे उसकी आदत बन गया?

आप बनती हैं जागरूक

स्त्री को किताबें पढ़ने का समय जरूर निकालना चाहिए, क्योंकि किताबें उसे उसके काम से अलग नहीं करतीं, बल्कि उसी काम के भीतर एक नई जागरूकता भर देती हैं। किताबें स्त्री को यह नहीं सिखातीं कि क्या करना है, बल्कि यह समझने का साहस और बुद्धि देती हैं कि जो वह कर रही है, उसका क्या अर्थ है, क्या महत्व है? पढ़ना किसी निर्देश का पालन करना नहीं, अपने ही जीवन को नए प्रश्नों के साथ देखना है। यही वह बिंदु है, जहां पढ़ना, जीवन को केवल जीने से आगे बढ़ाकर उसे समझने की प्रक्रिया में बदल देता है।

समझ में आते हैं जीवन के नए अर्थ

स्त्री न तो घर की शोभा मात्र है, न वह भोग की वस्तु है। वह स्वयं एक संपूर्ण व्यक्तित्व है। यह समझ केवल बाहर से दी नहीं जाती, भीतर से जगती है और किताबें इस चेतना को संभव बनाती हैं। जब कोई स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल दूसरों की कहानी नहीं पढ़ती, वह धीरे-धीरे अपने ही जीवन को पढ़ना शुरू करती है। उसे एहसास होने लगता है, उसकी थकान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक साझा संरचना का हिस्सा है। उसका संघर्ष अकेला नहीं, अनेक स्त्रियों का साझा संघर्ष है। यहीं से स्त्री के भीतर एक सूक्ष्म परिवर्तन जन्म लेता है, जहां वह केवल पढ़ती नहीं, अपने ही जीवन को नए अर्थों में समझने लगती है। नारी के जीवन की करुणा केवल उसकी दुर्बलता नहीं, उसकी संवेदना की शक्ति भी है। जब यह समझ भीतर बैठती है, तो वह अपनी भावनाओं को बोझ नहीं, एक ऊर्जा के रूप में देखने लगती है।

पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं

यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि क्या स्त्री को पढ़ने की परिस्थितियां मिलती हैं? पढ़ना केवल अक्षरों को देखना नहीं, यह समय, एकांत और मानसिक अवकाश मांगता है। अनेक स्त्रियों का समय टुकड़ों में बंटा होता है। वे लगातार काम में लगी रहती हैं, उन्हें अपने लिए समय निकालना भी एक तरह का अपराधबोध बन जाता है। ऐसे में किताबें पास होकर भी दूर रह जाती हैं। इसलिए साक्षरता से आगे बढ़कर हमें उन सामाजिक संरचनाओं को देखना होगा, जो स्त्री को अपने लिए समय लेने से रोकती हैं। जब वह बिना अपराधबोध के अपने समय में ठहर पाती है, तभी पढ़ना संभव हो पाता है। पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व को महत्व देने का एक शांत निर्णय भी है।

किताबें भीतर एक रोशनी जलाती हैं

किताबें स्त्री के जीवन में कोई बाहरी बदलाव थोपती नहीं, वे भीतर एक धीमी रोशनी जलाती हैं। यह रोशनी उसे अपने ही अनुभवों को देखने, समझने और स्वीकारने की क्षमता देती है। हर स्त्री किताब तक पहुंचे, यह बहुत जरूरी है। पर उससे भी अधिक जरूरी है कि वह अपने जीवन को पढ़े। ज्ञान का

उद्देश्य केवल जानना नहीं, जागना है। जब यह जागरण होता है, तो जीवन वैसा ही रहते हुए भी बदल जाता है। किताब और स्त्री का संबंध बनने में परिवार का सहयोग बहुत जरूरी है। जब स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल ग्रहण नहीं करती, वह भीतर ही भीतर रचने लगती है। कभी शब्दों में, कभी व्यवहार में, कभी अपने निर्णयों में। उसका जीवन धीरे-धीरे एक ऐसी कथा में बदलने लगता है, जिसे भले ही वह लिखे या न लिखे, पर वह एक अर्थपूर्ण संरचना ग्रहण कर लेती है। a

जरूरी है पढ़े हुए को जीवन में उतारना

केवल किताबों तक पहुंचना पर्याप्त नहीं, दृष्टि तब सही मायने में बनती है, जब पढ़ा हुआ जीवन में उतरता है। कई बार शिक्षित स्त्रियों का जीवन भी पुराने ढर्रे पर चलता रहता है। इसका कारण केवल परिस्थितियां नहीं, वे मान्यताएं हैं जो भीतर गहरे बैठ जाती हैं। पढ़ा हुआ और जिया हुआ अलग-अलग रह जाते हैं। ऐसे में किताबें एक हलचल पैदा करती हैं। यही हलचल धीरे-धीरे भीतर एक धीमी, लेकिन स्थाई स्वतंत्रता को जन्म देती है। यह प्रक्रिया तेज नहीं होती। यह धीरे-धीरे, लगभग अनदेखे ढंग से घटित होती है। पहले केवल प्रश्न उठते हैं, फिर उन प्रश्नों के साथ जीने की आदत बनती है, और फिर एक दिन वही प्रश्न दृष्टि में बदल जाते हैं।

स्पेशल : अप्रैल-स्ट्रेस अवेयरनेस मंथ

अपने लिए भी बदलाव की धुरी बनें स्त्रियां

वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच महिलाओं के पास अपने लिए कोई समय ही नहीं बचता है। इससे वे अस्वस्थ हो जाती हैं। महिलाओं का परिवार के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। वे अपने जीवन में एक संतुलन बैठाएं और स्वस्थ-सुखी जीवन जिएं।

जरूरी बात

डॉ. मोनिका शर्मा

घर और बाहर दोनों मोर्चों पर जूझने वाली स्त्रियां आसानी से तनाव के घेरे में आ ही जाती हैं। वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की फिक्र और आपा-धापी महिलाओं को तनाव के स्याह घेरे में लिए रहती है। ऐसे में जीवन से जुड़ी भाग-दौड़ से तो दूरी नहीं बनाई जा सकती, लेकिन तनाव को समझना और इससे बचने के प्रयास बहुत जरूरी हैं।

आवश्यक है अवेयरनेसः हाल के वर्षों में तनाव के शिकार लोगों के आंकड़े तेजी से बढ़े हैं। हेल्थ और सेफ्टी एक्जीक्यूटिव के आंकड़ों के अनुसार 35-54 आयु वर्ग के बड़ों की देखभाल करने वाली, गृहिणी और कामकाजी भूमिका निभा रही महिलाएं पुरुषों की तुलना में काफी अधिक तनाव का अनुभव करती हैं। आंकड़े बताते हैं कि तनाव का अनुभव करने वाली महिलाओं की संख्या समान आयु के पुरुषों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। बावजूद इसके स्ट्रेस को लेकर जागरूकता का अभाव है। तनाव को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या समझा ही नहीं जाता। इसके कारणों पर गौर नहीं किया जाता। तनाव के कारणों और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सन् 1992 से हर वर्ष अप्रैल को तनाव जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। महीने भर स्ट्रेस से पैदा हो रही समस्याओं पर खुलकर बातचीत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही मित्रों, परिवारों, सहकर्मियों और पेशेवर लोगों के साथ अपनी मानसिक और भावनात्मक स्थिति के बारे में खुलकर बात करने का परिवेश बनाने की भी कोशिशें की जाती हैं।

अपनी देखभाल को दें प्राथमिकताः हमारा सामाजिक-पारिवारिक ढांचा ही ऐसा है कि महिलाएं खुद की देखभाल को कभी प्राथमिकता नहीं दे पातीं। इसके कारण घर-दफ्तर की भागम-भाग में लगी महिलाएं कई शारीरिक समस्याओं की गिरफ्त में आ जाती हैं। कमर दर्द, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, थायरॉइड जैसी व्याधियां आम हो चली हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है कि देश की आधी आबादी अपने खान-पान का ध्यान नहीं रखती है। 32 से 58 वर्ष की महिलाओं के बीच हुए इस सर्वे के अनुसार 83 प्रतिशत महिलाएं किसी तरह का व्यायाम नहीं करतीं और 57 फीसदी महिलाएं खाने में फल-सब्जी का कम उपयोग करती हैं। आराम करने, किसी बात के लिए न कहने और सहजता से जीने के मामले में भी महिलाएं जरा पीछे ही हैं। वहीं एक्सरसाइज से दूरी खान-पान में लापरवाही, शरीर और मन दोनों की सेहत बिगाड़ती है। ऐसी सभी बातें तनाव की भी जड़ हैं। ऐसे में अपनी देखभाल करते हुए स्ट्रेस से जूझने के मोर्चे पर महिलाएं स्वयं अपना हाथ थामें।

स्वयं को संभालेंः घर-परिवार और वर्कप्लेस दोनों ही जगहों पर परफेक्शन की उम्मीद, महिलाओं के लिए कितनी ही तनाव की वजह बनती हैं। बढ़ती उम्र और जिम्मेदारियों के साथ ऐसी उलझनें भावनात्मक बिखराव भी लाती हैं। इन तनाव भरी परिस्थितियों को जीते हुए बहुत-सी स्त्रियां अवसाद के स्याह अंधेरे में खो जाती हैं, जिससे नींद न आना, बात-बात पर गुस्सा आना, चिड़चिड़ापन, याददाश्त में कमी जैसी परेशानियां भी पैदा होती हैं। 2026 के ग्लोबल स्लीप सर्वे में सामने आया है कि फैमिली ड्यूटीज के कारण 39 प्रतिशत महिलाओं की नींद खराब होती है। कई महिलाएं 4 घंटे की गहरी नींद के लिए भी संघर्ष करती हैं। ग्लोबल स्लीप सर्वे के मुताबिक भारत में महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक अनिद्रा से जूझ रही हैं। ऐसे में स्ट्रेस देने वाली नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों से बचने के लिए जिंदादिली के साथ हर हालात को जीने का जज्बा लाएं। तनाव के घेरे में आने पर अकेले जूझने के बजाय अपनों से बात करना और पेशेवर सलाह लेना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे कि यह तभी संभव है, जब स्त्रियां स्वयं अपने मन को संभालने को लेकर सजग होंगी। a

स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

क्लीनिंग करें ऐसे फेस दिखेगा ग्लोइंग

आमतौर पर फेस वॉशिंग को स्किन केयर का सबसे ईजी स्टेप माना जाता है। साफ-सुथरी और ग्लोइंग स्किन पाने की चाहत में अधिकतर महिलाएं दिन में कई बार चेहरा धोती हैं। सही तरीके से चेहरा धोने से त्वचा ताजा, साफ और स्वस्थ दिखती है। लेकिन लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं चेहरा धोने में गलतियां करती हैं। यही वजह है कि कई बार चेहरा धोने के बावजूद उनकी त्वचा ग्लोलेस, डल और बेजान-सी दिखती हैं, जिसकी वजह से वे टेंशन में रहती हैं।

फेस वॉशिंग करें ऐसेः चेहरा धोते समय की गई कुछ गलतियों की वजह से हमारी त्वचा को फायदे की बजाय नुकसान पहुंचता है और ज्यादातर महिलाएं ये गलतियां अनजाने में कर बैठती हैं।

पहले हाथ करें साफः चेहरा धोने से पहले अपने हाथों को साबुन से जरूर साफ कर लें। गंदे हाथों से चेहरा धोने से गंदगी चेहरे पर फैल सकती है, जिससे चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और कील, मुंहासे निकल आते हैं। इससे त्वचा संबंधी अनेक समस्याएं हो सकती हैं।

चुनें सही फेस वॉशः चेहरे को धोने के लिए ज्यादा फेस वॉश का उपयोग नुकसान पहुंचा सकता है। ज्यादा फेस वॉश लगाने से त्वचा का नेचुरल ऑयल खत्म हो जाता है और त्वचा रूखी-रूखी लगने लगती है। चेहरा धोने के लिए मटर के दाने के बराबर फेस वॉश काफी होता है। इसे अपनी हथेली पर डाल कर आपस में रगड़कर झाग बनाएं और साफ अंगुलियों की मदद से गीले चेहरे पर समान रूप से लगाएं। इसे आहिस्ता से गोलाकार गति में लगाएं क्योंकि इसके जोर से रगड़ने से त्वचा में घाव हो सकते हैं। इसके बाद इसे गुनगुने पानी से धो डालें। फेस वॉश का चयन करते समय अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें, क्योंकि गलत फेस वॉश इस्तेमाल करने से नुकसान हो सकता है। ड्राय स्किन के लिए क्रीम आधारित फेस वॉश और सेंसिटिव स्किन के लिए माइल्ड क्लींजर उपयोग करना चाहिए।

गुनगुना पानी है बेस्टः गरम पानी से चेहरा धोने से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है। इससे बचने के लिए त्वचा ज्यादा तेल स्रावित करने लगती है जोकि कील-मुंहासों का कारण बनता है। अगर आप ठंडे पानी से चेहरा धोती हैं तो स्किन पोर्स सिकुड़ जाते हैं, जिससे चेहरा सही तरह से साफ नहीं हो पाता है। अगर आप कील मुंहासों से परेशान हैं तो ठंडे पानी से मुंह धोने से परेशानी बढ़ सकती है, क्योंकि ठंडा पानी त्वचा की सूजन जरूर कम करता है। लेकिन मुंहासों से होने वाली सूजन को कम नहीं कर सकता। इसलिए चेहरा धोने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें और चेहरा रगड़ने की बजाय थपथपाकर सुखाएं। गुनगुना पानी रोमछिद्रों को खोलकर चेहरे से तेल और गंदगी को पूरी तरह हटा देता है और चेहरे का प्राकृतिक तेल और नमी भी बनाए रखता है।

बार-बार न करें फेस क्लीनः चेहरे को सुबह और शाम दो बार धोना बेहतर होता है। सुबह चेहरा धोने से रात की गंदगी और ऑयल क्लीन हो जाता है जबकि शाम को चेहरा धोने से दिन भर की धूल, मिट्टी और प्रदूषण हट जाता है। इससे अधिक यानी दिन में बार-बार चेहरा धोना त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपकी त्वचा रूखी और खिंची-खिंची सी लगती है क्योंकि बार-बार चेहरा धोने से चेहरे की त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल और नमी गायब हो जाती हैं जिससे चेहरे की सुरक्षा परत कमजोर हो जाती है। a

अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

हेल्दी रहने के लिए आपको यह समझना भी जरूरी है कि शरीर को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा किन पोषक तत्वों की भी विशेष तौर पर जरूरत होती है? इस बारे में दे रहे हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

न्यूट्रिएंट्स से भरपूर हो आपकी डाइट

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रहने के लिए हमारे खाने की आदतें सही होना जरूरी है। बैलेंस्ड डाइट के लिए आप अपने भोजन को मुख्य रूप से तीन वर्ग में विभाजित कर सकते हैं। ऊर्जा देने वाला भोजन, शरीर को मजबूत बनाने वाला भोजन और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला भोजन। यहां हम आपको इसी आधार पर प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा डाइट में शामिल किए जाने वाले जरूरी न्यूट्रिएंट्स के बारे में बता रहे हैं।

फाइबरः घुलनशील फाइबर वाले खाद्य जैसे-ओट्स, मटर, बींस, सेब, रसेदार फल, गाजर और जौ शरीर में कोलेस्ट्रॉल बनने से रोकते हैं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाते हैं। अघुलनशील फाइबर जैसे गेहूं, चोकर, नट्स, बींस, टमाटर, फूलगोभी आदि में मौजूद फाइबर, पाचन को दुरुस्त रखता है।

मिनरल्सः शरीर में पर्याप्त कैल्शियम की मौजूदगी का मतलब है मजबूत दांत और हड्डियां। इससे शरीर में मांसपेशियों की अच्छी वृद्धि होती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। कैल्शियम के लिए आपको दूध और दुग्ध उत्पादों के अलावा पालक, सफेद बींस, ब्रोकली और लाल बींस खाने चाहिए। आयोडीन मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और थाइरॉयड से होने वाले बुरे प्रभावों से हमारे शरीर की रक्षा करता है। इसे आप नमक, मछली, बटर और गहरे रंग की हरी सब्जियों से हासिल कर सकते हैं।

जिंक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के बीच बैलेंस बनाता है। इसके लिए काजू, बादाम, मटर, अंडे, अदरक को अपने भोजन में जरूर शामिल करना चाहिए।

एंजाइम्स रिच फूडः कच्चे फलों में मौजूद एंजाइम्स पाचन क्रिया दुरुस्त करते हैं। खरबूजा, कोकोनट वाटर, फ्रूट सलाद, बटर मिल्क, कच्चे बादाम, सूशी जैसे खाद्य पदार्थ शरीर में एंजाइम्स के लिए हेल्पफुल होते हैं।

एल्केलाइन फूडः एल्केलाइन फूड्स इम्यूनिटी बढ़ाते हैं। इसके लिए ब्रोकली, बंदगोभी, फूलगोभी, स्प्राउट्स, सेलरी, शलगम और पालक खाएं। नीबू सबसे अच्छा एल्केलाइन फूड माना जाता है, जो एसिडिटी, कफ, कोल्ड, फ्लू और हर्ट बर्न से बचाता है।

पानीः अपने शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स में संतुलन के लिए प्रतिदिन 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए। यह शरीर के जोड़ों के लिए लुबरीकेंट बढ़ाने में मदद करता है। पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है और आंखों की नमी बरकरार रखता है। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालता है। इसलिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ और शुद्ध पानी पीना चाहिए। a

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	6	5	1	11
बेंगलुरु	6	4	2	8
राजस्थान	6	4	2	8
हैदराबाद	6	3	3	6
दिल्ली	5	3	2	6
गुजरात	5	3	2	6
चेन्नई	6	2	4	4
लखनऊ	6	2	4	4
कोलकाता	7	1	5	3
मुंबई	5	1	4	2

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

आरआर की लगातार दूसरी हार से टूटे वैभव

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 4 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम की हार के बाद 15 साल के वैभव सूर्यवंशी काफी निराश दिखे। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाउंड्री के पास जमीन पर सिर झुकाए बैठे हुए हैं और उनकी आंखों से आंसू छलक रहे है। इस हार के बाद वैभव सूर्यवंशी काफी दुखी थे और उनका रोते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है। विपक्षी केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक उनके पास पहुंचते हैं और बगल में बैठकर उनकी हिम्मत बढ़ाते हैं।

वैभव के बालसुलभ इमोशंस गहरे : वैभव सूर्यवंशी अभी है भी तो महज 15 साल के। उनके अंदर बालसुलभ इमोशंस गहरे बैठे हैं। जब भी उनकी टीम हारती है या वह आउट होते हैं तो वह बहुत निराश दिखते हैं। रविवार के मैच में सूर्यवंशी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 28 गेंदों में 46 रन की पारी खेली थी। आईपीएल में कोई बल्लेबाज 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 40+ का स्कोर बनाता है तो उसे शानदार ही कहेंगे, लेकिन वैभव सूर्यवंशी के स्टैंडर्ड के लिहाज से ये थोड़ा कम लगेगा।

सूर्यवंशी दिखे निराश और थके-हारे

अच्छे प्रदर्शन के बाद भी टीम के हारने पर सूर्यवंशी काफी निराश नजर आए। वह बाउंड्री रोप के नजदीक अकेले बैठे थे। बिल्कुल निराश। थके-हारे। टूटे-टूटे से। केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक ने उन्हें इस हाल में देखा तो वह उनके पास गए। बगल में बैठ गए और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें हिम्मत दिलाते दिखे।

पहली जीत के बाद खिलाड़ियों के निकले आंसू

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आखिरकार आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की। इसके बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों आंसू निकल गए। इस जीत के बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। माहौल इतना इमोशनल हो गया, जितना तो 2024 में खिताबी जीत के बाद भी नहीं था। अजिक्य रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में चार विकेट से जीत हासिल की थी। सीजन की पहली जीत के बाद कोलकाता के खिलाड़ी काफी इमोशनल हो गए। जीत के बाद स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने ड्रेसगि रूम का हाल बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत, बहुत ज़्यादा अहम है। मैं आपको बता सकता हूं कि आज ड्रेसिंग रूम में मैंने कई लोगों की आंखों में आंसू देखे, जो हमने उस साल भी नहीं देखे थे जब हमने 2024 में आईपीलए जीता था।

हेड कोच नायर को जीत का क्रेडिट

वरुण ने इस बात पर जोर दिया कि इस जीत का नतीजा मिलना, इसे ज़्यादातर जीतों से कहीं ज़्यादा अहम बनाता है। इसका मुख्य श्रेय हेड कोच अभिषेक नायर और कोचिंग स्टाफ को जाता है, क्योंकि उन्होंने बाहरी शोर का खलिड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ने दिया। चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में केकेआर का काफी मजाक उड़ाया गया है और उसकी बहुत आलोचना हुई है, जिसका असर यकीनन खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। मजबूत इरादे रखना ही सफलता की कुंजी है और इसे हासिल करने के लिए केकेआर को अपनी पूरी ताकत झोंकनी होगी।

खबर संक्षेप

डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे शीर्ष खिलाड़ी

नूंह। वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी 'क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा सत्र (2026) में 'डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार, खालिन जोशी, हनी बैसोया और अंगद चीमा भी खिताब के दावेदारों में शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ी होंगे। मेजबान क्षेत्र गुरुग्राम और नूंह का प्रतिनिधित्व ध्रुव श्योराण और तपेंद्र घई जैसे खिलाड़ी करेंगे।

पीएसए चैलेंजर का सूरजचंद ने जीता खिताब

चेन्नई। भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।

जोबर्ग लेडीज ओपन में 36वें स्थान पर प्रणवी

जोहानिसबर्ग। गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई, जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता।

असम रणजी टीम के मुख्य कोच बने पोवार

मुंबई। मुंबई और बड़ौदा के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर किरण पोवार को 2026-27 के घरेलू सत्र के लिए असम की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। बाएं हाथ के 50 साल के पूर्व खिलाड़ी किरण मुंबई, बड़ौदा और असम के लिए खेले हैं। वह भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार के बड़े भाई हैं। पिछले सत्र में किरण मुंबई की अंडर-23 टीम के प्रभारी थे और यह सीनियर टीम के साथ उनका पहला कार्यकाल होगा, जिसमें वह प्रभारी होंगे।

मैच प्रीव्यू : आज शाम 7.30 बजे से ईशान और अक्षर की टीमों में रोमांचक मुकाबला

जीत की हैट्रिक पर हैदराबाद की नजर, दिल्ली के हौसले भी बुलंद

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।वहीं अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स के हौसले बुलंद है। राहुल और मिलर अपने श्रेष्ठ फॉर्म में हैं।

■ दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर

दिल्ली की गेंदबाजी में विविधता

दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

सनराइजर्स का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी

बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं। बल्लेबाजी में उसका दारोमदार शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर है लेकिन इनके नहीं चल पाने पर उसके मध्यक्रम पर दबाव बढ़ जाता है। विशेषकर हेनरिक क्लासेन को सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। मध्यक्रम में उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

कैपिटल्स टीम में निरंतरता की कमी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए, जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है।

विश्व सीरीज कार्टिंग

11 वर्षीय अतिका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डब्ल्यूएसके में सेकेंड पोजीशन

लोनाटो । भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया, जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे।

अतिका ने अभ्यास सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन किया और पोल पोजीशन हासिल करने वाले ड्राइवर से केवल एक सेकंड के दसवें हिस्से से पीछे रहीं।

आज से शुरू टूर्नामेंट, दांव पर दो स्वर्ण पदक

काहिरा। भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा।

भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा, जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे।

आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप :

शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर नजर

भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। उनके अलावा अनुष्का थोकुर, माान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।

हॉकी इंडिया कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 36 खिलाड़ी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से 9 मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी, जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।

ईटीपीएल में टीम खरीदकर ब्रांड एम्बेसडर बने गेल

मुंबई। पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसमें वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉ ली वु ड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जाएंगे। लीग के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे।

■ पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर तक

ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा : गेल

गेल ने कहा,' ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैंने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी।' वहीं ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक बच्चन ने कहा,' हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिए सबसे रोमांचक नए क्षेत्रों में से एक है, जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनाएं हैं। हम इस लीग के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनाएंगे।

हैरी केन ने दागा सत्र का 32वां गोल

बायर्न का दबदबा, 13वीं बार बुंडेसलीगा पर कब्जा

म्यूनिख। बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया। इससे पहले राफेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफांसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।

प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ रोमांचक

मैनचेस्टर। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (इंपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।

लियोन ने किया उलटफेर, पीएसजी को हराया

पेरिस। ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। पीएसजी के 28 मैच में 63 जबकि लेंस के 29 मैच में 62 अंक हैं। लियोन के 30 मैच में 54 अंक हैं।

विधायक संजय पाठक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुमति याचिका की निराकृत

आपराधिक अवमानना के मामले में हाई कोर्ट ही विचार करेगा

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की युगलपीठ ने विजयराघवगढ़, कटनी के भाजपा विधायक संजय पाठक द्वारा लंबित मामले के संबंध में हाई कोर्ट जज से संपर्क करने के मामले में विशेष अनुमति याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने स्वतंत्र कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि विधायक के विरुद्ध हाई कोर्ट द्वारा दर्ज किए गए आपराधिक अवमानना के प्रकरण में हाई कोर्ट ही विचार कर सकता है। इस मत के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित को विशेष अनुमति याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। , कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया था कि विधायक संजय पाठक से संबंधित कंपनी के विरुद्ध अवैध खनन के मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने एक सितम्बर, 2025 को सुनवाई से इनकार कर दिया था। उन्होंने अपने आदेश में कहा था कि विधायक ने उससे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। जिसके कारण वह सुनवाई से खुद को अगल कर रहे हैं। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजने का निर्देश भी दिया था। याचिका में कहा गया था कि विधायक का यह कृत्य न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने व गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। न्यायिक कार्य में हस्तक्षेप करना आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है। हाई कोर्ट ने दो अप्रैल को याचिका का निराकरण करते हुए मामले को संज्ञान में लेते हुए भाजपा विधायक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिया था। इसी मामले में याचिकाकर्ता ने विशेष अनुमति याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। सोमवार को सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के समक्ष जाने की छूट देकर याचिकाकर्ता को विशेष अनुमति याचिका वापस लेने की मंजूरी दे दी।

हाई कोर्ट में दी गई जानकारी, अगली सुनवाई 29 अगस्त को नियत

विधायक निर्मला सप्रे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी

जबलपुर। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष राज्य शासन की ओर से जानकारी दी गई कि विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्यवाही किए जाने संबंधित आवेदन की सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 22 अप्रैल को निर्धारित की गई है। विधायक निर्मला सप्रे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी। सरकार के जवाब को रिकार्ड पर लेते हुए हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को नियत कर दी।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की तरफ से हाई कोर्ट में याचिका के जरिए दल-बदल कानून के तहत कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि उन्होंने 30 जून, 2024 को विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी। लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया है कि विधायक निर्मला सप्रे ने पार्टी विरोध गतिविधियों में लिप्त थीं। लोकसभा चुनाव के दौरान पांच मई, 2024 को राहतगढ़ में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंची थीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है। दलबदल कानून के तहत उनका यह रवैया गैर कानूनी है। इसलिए सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए। याचिका की विगत सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया था कि विधानसभा अध्यक्ष ने दायर आवेदन पर नौ अप्रैल को सुनवाई निर्धारित की है। विस अध्यक्ष किसी याचिका पर निर्णय न ले लें, तब तक हाई कोर्ट को पुनरीक्षण का अधिकार नहीं है। याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि विधानसभा अध्यक्ष विगत नौ अप्रैल को किन्ही कारणों से मामले की सुनवाई नहीं कर पाए थे। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

सवाल : जेल के अंदर फांसी लगाने की सामग्री कैसे पहुंची..?

जेल अस्पताल के शौचालय में बंदी ने फांसी लगाई

जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार (सेंट्रल जेल) में सोमवार की सुबह एक विचाराधीन बंदी ने जेल के शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि आरोपी को 16 अगस्त 2024 को न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने के बाद जेल में निरुद्ध कराया गया था। 14 महीने से आरोपी जेल में था। इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि फांसी लगाने की सामग्री बंदी तक कैसे पहुंची और अस्पताल वार्ड में उसकी निगरानी में क्या चूक हुई इन सब मामलें की जांच जेल प्रबंधन और पुलिस कर रही हैं। आरोपी के खिलाफ हत्या फिरौती के लिए अपहरण, हत्या, सबूत मिटाना और यौन अपराध के संगीन आरोप थे। पुलिस ने धारा 140(1), 103, 238, 61(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

घटना के संबंध में सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांई कालोनी संजीवनीनगर निवासी 60 वर्षीय गुड्डू उर्फ राजा विश्वकर्मा को संजीवनीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर गत 16 अगस्त 2024 को न्यायालय के आदेश पर जेल में दाखिल किया था। आरोपी के खिलाफ वर्तमान में चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश जबलपुर के न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। विचाराधीन बंदी गुडडू उर्फ राजा पिता गुलाब विश्वकर्मा ने सोमवार 20 अप्रैल की सुबह प्रातः8 बजे के लगभग अस्पताल खण्ड के वार्ड क्रमांक 3 के अंदर स्थित शौचालय में फॉसी लगा ली। उक्त घटना के बाद कारागार में हड़कंप मच गया। नेताजी सुभाषचंद बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर से जेल प्रहरी अनुराग शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही जेल के वरिष्ठ अधिकारियों और सिविल लाईन थाने को दी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और आनन फानन जेल प्रशासन ने अस्पताल स्टाफ को तलब किया है। मामले की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को केन्द्रीय जेल जबलपुर में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल पुलिस और जेल प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है सिविल लाईन पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, मर्ग कायम कर मामलें की जांच की जा रही है।

नशा करने रुपए नहीं देने पर महिला पर कटर से किया हमला

जबलपुर। ओमती थाना अतंर्गत जिला न्यायालय के पीछे नशा करने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक महिला पर थर्माकोल काटने वाले कटर से हमला कर घायल कर दिया। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी 28 वर्षीय श्रीमति रानी यादव से पड़ोसी लक्की यादव आए दिन नशा करने के लिए रुपए की मांग करता है। गत रात लगभग 8.40 बजे वह अपने पति रिषु यादव के साथ घंटाघर की तरफ आ रही थी जैसे ही जिला न्यायालय के पीछे नाले किनारे पहुँची वहां पर खड़े लक्की यादव ने उससे नशा करने के लिये 500 रुपये की मांग करने लगा, मना करने पर गाली गलौज करते हुये थर्माकोल काटने वाले कटर से उस पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी लक्की यादव को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया।

भारतीय किसान संघ प्रदेश में बड़े आंदोलन की तैयारी में

गेंहू खरीदी में अव्यवस्था से किसानों में भारी आक्रोश

जबलपुर। प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी सरकार व प्रशासन द्वारा देरी से शुरू करने के कारण किसान वैसे ही परेशान था। लेकिन अब सैटेलाईट सर्वे में खसरों के असत्यापन होने के कारण छोटे बड़े सभी किसान स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही नरवाई जलाने के प्रकरण व जुर्माना किसानों पर लादा जा रहा है। जिसके कारण प्रदेश भर में सरकार व प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश किसानों में देखने मिल रहा हैं। भारतीय किसान संघ के तीनों प्रांतों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में उपार्जन व्यवस्था में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किसानों ने लामबंदी शुरू कर दी है। किसान संघ ने चेतावनी देते हुये कहा कि पराली जलाने के नाम पर प्रशासन किसानों पर प्रकरण दर्ज करना व जुर्माना की कार्यवाही बंद करे। प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने सरकार से मांग करते हुये कहा कि स्लॉट बुकिंग की तारीख 10 मई व खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ाई जाये। साथ ही छोटे बड़े सभी पंजीकृत किसानों की तय सीमा में गेंहू खरीदी सुनिश्चित करने की व्यवस्था सरकार तत्काल करे।

भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने मांग करते हुये कहा कि सैटेलाइट सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान करना प्रशासन बंद करे। श्री आंजना ने कड़े शब्दों में कहा कि जब सैटेलाइट का डाटा सही नहीं है तो उसके आधार पर सत्यापन क्यों किया जा रहा है। हमारी सरकार से मांग है कि तत्काल सैटेलाइट सर्वे के नाम पर किया गया सत्यापन अमान्य किया जाये। पटवारी की गिरदावरी को ही आधार मान स्लॉट बुकिंग शीघ्र प्रारंभ की जाये।

ट्रेन में मिले बच्चों का मामला, आठों शिक्षक भी छोड़े गये

167 बच्चों को वापस बिहार भेजने की तैयारी

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के कटनी स्टेशन पर 15 अप्रैल को मानव तस्करी के शक में उतारे गए बच्चों को फिलहाल कटनी और जबलपुर के बाल सुरक्षा गृह में रखा गया है। ये बच्चे बिहार के अररिया से लातूर और नांदेड़ सहित अन्य मदरसों में ले जाए जा रहे थे। हालांकि बाद में यह स्पष्ट हो गया था कि यह मानव तस्करी का

मामला नही है। उसके बाद अब तक तीन बच्चों को बिहार वापस भेजा जा चुका है। अररिया प्रशासन से 15 बच्चों की सामाजिक जांच रिपोर्ट आना बाकी है। रिपोर्ट मिलते ही एक-दो दिन में बाकी 160 बच्चों को ट्रेन से वापस बिहार भेजा जाएगा। बच्चों को बाल कल्याण समिति और कटनी-जबलपुर जीआरपी की निगरानी में रवाना किया जाएगा। उन्हें अररिया की बाल कल्याण समिति को सौंपा जाएगा। इसके लिए बाल कल्याण समिति ने रेलवे अधिकारियों को बोगियां उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा है। कटनी जीआरपी ने 12 अप्रैल की रात पटना-पुणे एक्सप्रेस से इन बच्चों को रोका था। बच्चों की उम्र 7 से 15 वर्ष के बीच बताई गई थी। इस मामले में आठ शिक्षकों पर मानव तस्करी का केस दर्ज किया गया था और उनसे कई बार पूछताछ की गई। शिक्षकों का कहना था कि वे बच्चों को महाराष्ट्र और कर्नाटक के मदरसों में धार्मिक शिक्षा दिलाने ले जा रहे थे। शनिवार को आठों शिक्षक सद्दाम, अमान उल्ला, मो. जाहिर, आमिर खान, हाफिज अबू तालिम, मो. इस्लाम, नौसाद और राशिद को छोड़ दिया गया। महाराष्ट्र के नांदेड़ और लातूर गई दो पुलिस टीमें भी लौट आई हैं। टीमों ने मदरसों में जाकर दस्तावेजों की जांच की, लेकिन अब तक कोई नया सुराग सामने नहीं आया है। मामले की आगे भी जांच जारी है।

तेज आंधी के बीच बारिश की संभावना

पश्चिमी विक्षोप के सक्रिय होने से बादलों ने उमस बढ़ाई

जबलपुर। एक बार फिर पश्चिमी विक्षोप सक्रिय हो गया है। धूप के बीच में छांव का खेल चलता रहा। आसमान में बादल छाए रहे। बादलों के छाने से उमस बढ़ गई थी और तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान कही कही गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। कुछ जिलों में हल्की वर्षा भी हो सकती हैं। सोमवार को सुबह तेज धूप खिली और बीच बीच में बादल आते रहे। दोपहर बाद आसमान पर बादल छाये रहे, इससे तापमान की उछाल में ब्रेक लगा, लेकिन उमस बेलगाम हो गई। रात में उमस भरे माहौल ने बेचैन कर रखा था। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 26.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 31 प्रतिशत और सायंकाल 28 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 05.44 बजे और सूर्यास्त शाम 06.33 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 44.3 डिग्री तापमान नयागांव (छत्तरपुर) जिले में और सबसे कम 19.4 डिग्री तापमान मंदसौर में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 40.04 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवायें 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिले में बूंदाबांदी की संभावना है।

रंगदारी वसूलने युवक पर चाकू और लाठी से हमला

जबलपुर। रांझी थाना अतंर्गत करोंदी मरघटाई के पास रेल्वे लाईन में रंगदारी नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी और फिर चाकू व लाठी से हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर निवासी 16 वर्षीय हर्षित समन गत रात 11 बजे अपने साथी रौनक यादव, कुणाल शर्मा के साथ करोंदी मरघटाई के पास रेल्वे लाईन में बैठकर आपस में बातचीत कर आपस में हंसी मजाक कर रहे थे उसी समय मरघटाई के पास रहने वाला मेहताब अंसारी, शोएल अंसारी आए और रांझी में रहना है तो हर महिना 1 हजार रुपए रंगदारी देने की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी और मेहताब ने चाकू से और शोएब अंसारी ने लाठी से हर्षित समन पर हमला कर घायल कर दिया।

पनागर के इमलिया में कटनी जिले के ग्राम पटी राजा से आनी थी बारात

प्रशासन की सतर्कता से रुका बाल विवाह

जबलपुर। प्रशासन की सतर्कता से अक्षय तृतीया पर होने जा रहे एक बाल विवाह को रोकने में कामयाबी मिली है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह के मुताबिक पनागर परियोजना की टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम पंचायत नरगवा सेक्टर इमलई में एक विवाह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जहाँ परिणय सूत्र में बंधने जा रही वधु की उम्र 18 वर्ष से कम है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और कार्यवाही सुनिश्चित की। जांच में यह तथ्य सामने आया कि विवाह के बंधन में बंधने जा रहे बालक और बालिका, दोनों की आयु कानूनी रूप से विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से कम है।

इस विवाह के लिए बारात कटनी जिले के बहोरीबंद ब्लॉक के ग्राम पंचायत पटीराजा से आने वाली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर और कटनी जिले के अधिकारियों ने आपस में समन्वय स्थापित किया और एक संयुक्त रणनीति बनाकर कार्य किया। विभागीय टीम ने मौके पर पहुँचकर परिवार के सदस्यों को समझाइश दी और स्पष्ट किया कि नाबालिग बच्ची का विवाह करना एक गंभीर कानूनन अपराध है। इसके साथ ही, वर पक्ष से भी दूरभाष पर संपर्क साधा गया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की कटनी जिले को भी सूचना दी गई। जबलपुर से मिली सूचना पर कटनी जिले की टीम ने पटीराजा पहुँचकर वर पक्ष को कानून की जानकारी देते हुए बारात न ले जाने के लिए समझाइश दी। जबलपुर और कटनी की टीमों के संयुक्त प्रयासों और काउंसलिंग के परिणामस्वरूप दोनों ही पक्ष अपनी गलती स्वीकार करने पर सहमत हुए और उन्होंने आपसी सहमति से इस विवाह को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया।

हैवान बने चाचा ने रिश्ते को किया शर्मसार

जबलपुर। हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक वहशी चाचा ने रिश्तों को शर्मसार का दिया। आरोपी चाचा पिछले लगभग एक वर्ष से अपनी ही 13 वर्षीय सगी नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म करता रहा। अंततः पीडिता ने पुलिस की मदद ली और पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के पिता की मृत्यु 2 वर्ष पूर्व हो चुकी है। उसकी मां अपनी दो बड़ी बेटियों के साथ पृथक निवास करती है, जबकि पीड़िता अपनी 55 वर्षीय दादी के साथ रह रही थी।

नाबालिग भतीजी को बनाता था हवस का शिकार

पीड़िता द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक दादी जब काम के सिलसिले में घर से बाहर रहती थीं, तब बच्ची घर में अकेली होती थी। इसी स्थिति का लाभ उठाकर पास में ही रहने वाले 26 वर्षीय चाचा विशाल ने पहली बार मार्च 2025 में पीड़िता के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया था। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि उसके साथ ज्यादती का सिलसिला मार्च 25 से आरंभ हो गया था। वह शुरुआत में अपने चाचा की हरकतों को समझने में असमर्थ थी। आरोपी अक्सर उसके साथ भोजन करता था और उसे बाजार घुमाने भी ले जाता था। धीरे-धीरे आरोपी ने अकेलेपन का फायदा उठाकर उसे कमरे में बुलाना और डराना शुरू किया। जब बालिका ने विरोध किया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। लंबे समय तक प्रताड़ना सहने के बाद पीड़िता ने साहस जुटाकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी चाचा को दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान भी आरोपी ने जेल से बाहर आने के बाद पीड़िता को देख लेने की धमकी दी, जिसे पुलिस ने रिकॉर्ड में लिया है।

डरा धमकाकर साली और पत्नी को बनाया गवाह

विक्रयनामा पर हस्ताक्षर कराने किया अपहरण

जबलपुर। रांझी थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति का चार लोगों ने मिलकर अपहरण किया और टाटा सफारी में बैठाकर उसे ले रांझी बस स्टेण्ड स्थित एक आफिस में ले गए और उसके साथ मारपीट कर डरा धमकाकर उसकी दुकान का विक्रयनामा पर हस्ताक्षर कराये। मारपीट करने के बाद घर लाकर उसकी पत्नी व साली को भी डराधमका कर गवाह में दस्तखत करा लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मड़ई मस्जिद के पास रांझी निवासी 46 वर्षीय मोनू रैकवार और विवेक सतनामी ने लगभग 7 माह पूर्व कटाव धाम मझौली में एक फार्म हाउस किराए से लिया था, यहां दोनों पार्टनशिप में बकरी मुर्गी खरीदने बेचने का काम कर रहे थे। व्यापार में घाटा लगने के बाद विवेक सतनामी हिसाब किताब करने नहीं आया था। गत दिवस मोनू रैकवार कटाव धाम फार्म हाउस पर था उसी समय अभिषेक घाटे और अन्य 3 लोग टाटा सफारी गाड़ी क्रमांक एमपी 20 के एन 0111 से उसके फार्म हाउस में आये और बोले कि चलो विवेक सतनामी ने बुलाया है उसने जाने से मना कर दिया उसके बाद चारों ने उसे जबरदस्ती गाड़ी में बैठाया और गाड़ी के अंदर उसके साथ गाली गलोज व मारपीट की और उसका मोबाइल भी छुड़ाकर अपने पास रख लिया। इसके बाद अपहरणकर्ता उसे बस स्टेण्ड स्थित विवेक सतनामी के आफिस में ले गये वहां पर विवेक सतनामी ने भी उसके साथ मारपीट की और फिर उसी टाटा सफारी में बैठाकर उसे डरा धमका कर अम्बेडकर चौक के आगे तहसील कार्यालय के पास मेन रोड़ में एक शपथ पत्र विक्रेता के पास लेकर गए और वहां इन लोगों ने जबरदस्ती उसकी मड़ई स्थित 264 वर्गफिट में बनी दुकान को शपथ पत्र के माध्यम से विक्रयनामा लिखवाकर उससे हस्ताक्षर करा लिये तथा रात लगभग 9.30 बजे विवेक सतनामी अपने साथी अभिषेक घाटे एवं अन्य 3 लोगों के साथ उसके घर जाकर उसकी पत्नी भूमा रैकवार, साली प्रियंका बर्मन को डरा धमकाकर शपत्र पत्र की गवाही में हस्ताक्षर कराए और कुछ दूर जाकर पुनः विवाद कर गाली गलौज करते हुये सभी टाटा सफारी से भाग गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 140(3), 308(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240